

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, बुधवार | 27 नवम्बर 2024 | वर्ष : 02 अंक : 191 | पृष्ठ - 14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### झांसी में पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर हमला! बागेश्वर बाबा में खुद बताई पूरी सच्चाई



एजेंसी

**नई दिल्ली:** पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर उनके नेतृत्व में चल रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के छठे दिन हमला हुआ है। पदयात्रा के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित पर किसी ने हमला करने के लिए मोबाइल फोन फेंक दिया। सूत्रों के मुताबिक, यात्रा के दौरान उनके स्वागत में फूलों के साथ मोबाइल फोन भी फेंका गया था। हालांकि, धीरेंद्र शास्त्री ने इससे खुद इनकार किया है। उन्होंने कहा कि कोई हमला नहीं हुआ। पुष्पवर्षा कर रहे एक भक्त का गलती से मोबाइल फोन गिर गया। यह कोई हमला नहीं था। हम इस यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से चला रहे हैं। बताया जा रहा है कि मोबाइल फोन सीधे धीरेंद्र शास्त्री के चेहरे पर लगा। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, जिन्हें बागेश्वर धाम सरकार के नाम से भी जाना जाता है, ने 160 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की। 11 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में कई संतों, राष्ट्रवादी विचारकों और अन्य लोगों की भागीदारी शामिल है।

# पूरे 5 साल तक महाराष्ट्र के सीएम रहेंगे देवेंद्र फडणवीस, शिंदे बन सकते हैं डिप्टी सीएम

**फिलहाल महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर महायुति में चचाओं का दौर जारी है। गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, भाजपा ने अपने महत्वपूर्ण चुनावी प्रदर्शन का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री पद पर मजबूत दावा पेश किया है।**

एजेंसी

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी जीत दिलाने के बाद अब मुख्यमंत्री पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि एकनाथ शिंदे ने मंगलवार सुबह सीएम पद से अपना इस्तीफा दे दिया। अब माना जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। हालांकि, शिंदे ने भी अपनी दावेदारी नहीं छोड़ी है। चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 सीटों पर भारी जीत हासिल की।सूत्रों के मुताबिक, दो परिदृश्य हैं जिन पर काम किया जा रहा है। पहले परिदृश्य में, एकनाथ शिंदे पूरे पांच साल के लिए देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री रहेंगे। और ढाई साल में कोई रोटेशन नहीं होगा। जिस तरह फडणवीस ने ढाई साल तक उपमुख्यमंत्री के तौर पर काम किया, उसी तरह एकनाथ



शिंदे भी सीएम के उपमुख्यमंत्री के तौर पर सरकार में बने रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक ऐसी संभावना है कि शिंदे को शहरी विकास यानी ढहऊमंत्रालय दिया जा सकता है, जो एक बहुत बड़ा मंत्रालय है। समृद्धि महामार्ग जैसी योजना इसी मंत्रालय की देन है। अटकलें यह भी हैं कि अजित पवार को वित्त मंत्रालय दिया जा सकता है और वह डीवाई सीएम भी बने रहेंगे। देवेन्द्र फडणवीस के कार्यभार संभालने के साथ गृह मंत्रालय भाजपा के पास रहेगा। और दूसरा परिदृश्य जो राजनीतिक हवा में बन रहा है वह यह है कि एकनाथ शिंदे के करीबी उदय सामंत, शंभुराजे देसाई या दीपक केसरकर आने वाले समय में उपमुख्यमंत्री बन सकते हैं और एकनाथ शिंदे नई दिल्ली जा सकते हैं। हाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 132 सीटें जीतीं, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना और राकांपा क्रमशः 57 और 41 सीटों पर विजयी रहीं। कई छोटे संगठन भी गठबंधन का हिस्सा हैं।न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए शिवसेना नेता शंभुराज देसाई ने कहा कि एक शिवसैनिक होने के नाते उनका मानना ??है कि पार्टी के मुख्य नेता एकनाथ शिंदे को सीएम पद मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी महायुति का नेतृत्व कौन करेगा और महायुति का सीएम चेहरा कौन होगा - हमारे तीन नेता एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार एक साथ बैठेंगे और इस पर चर्चा करेंगे। वे जो भी निर्णय लेंगे उसे महायुति के सभी विधायक मानेंगे और वही निर्णय लागू किया जायेगा।

## संविधान दिवस पर बोले पीएम मोदी, हर आतंकी संगठन को देंगे मुंहतोड़ जवाब



**हमारा संविधान मार्गदर्शक है**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट में आयोजित संविधान दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व का जब हम स्मरण कर रहे हैं, तब ये भी नहीं भूल सकते कि आज के ही दिन मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले में जिन व्यक्तियों का निधन हुआ, उन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मैं देश का यह संकल्प भी दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।मोदी ने कहा कि हमारे संविधान निमार्ता ये जानते थे कि भारत की आकांक्षाएं, भारत के सपने समय के साथ नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। वो जानते थे कि आजाद भारत की और भारत के नागरिकों की जरूरतें बदलेंगी, चुनौतियां बदलेंगी। इसलिए उन्होंने हमारे संविधान को महज कानून की एक किताब बनाकर नहीं छोड़ा, बल्कि इसको एक जीवंत, निरंतर प्रवाहमान धारा बनाया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान देश की हर अपेक्षा और जरूरत पर खरा उतरा है। यह संविधान की ताकत ही है कि आज जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान पूरी तरह से लागू हो सका है। पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत परिवर्तन के एक बड़े दौर से गुजर रहा है।

## अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले और चाँदनी चौक से वर्तमान विधायक परलाद सिंह साहनी



एजेंसी

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली की चाँदनी चौक विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक परलाद सिंह साहनी जन्म 15 मार्च 1950 को देश की राजधानी दिल्ली में हुआ था। वे दिल्ली विधानसभा के 5वीं बार के सदस्य हैं।विधायक परलाद सिंह साहनी ने 1977 में मोरी गेट वार्ड से पहला नगर निगम चुनाव लड़ा और 100 वोटों से हार गए। 1983 में उन्होंने उसी नगरपालिका वार्ड से नगरपालिका चुनाव जीता और 1983 से 1990 तक सिविल लाइंस जोन के चेयरमैन बनाए गए और फिर 1998 से 2015 तक बार-बार चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। 2015 के विधानसभा चुनावों में वे अलका लांबा से हार गए । वे 1998 में दिल्ली की दूसरी विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहे वीरेश प्रताप चौधरी (भाजपा) को 8,162 मतों से हराया।2003 के राज्य विधानसभा चुनाव में उन्होंने पिछले चुनाव से अपनी जीत के अंतर में और सुधार किया। 2008 के राज्य विधानसभा चुनाव में उन्होंने दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवा (भाजपा) को 8,019 मतों के अंतर से हराया। 2013 के राज्य विधान सभा चुनाव में उन्होंने सुमन कुमार गुप्ता (भाजपा) को 8,243 मतों के अंतर से हराया।

## मणिपुर में फिर एक मेइती व्यक्ति के लापता, इंफाल घाटी के सीमांत क्षेत्रों में तनाव

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सोमवार को 55 वर्षीय मेतेई व्यक्ति के लापता होने के बाद इंफाल पश्चिम में तनाव बढ़ गया। इम्फाल पश्चिम के लोइतांग खुनौ से लैशराम कमलबाबू सिंह नामक व्यक्ति सोमवार (26 नवंबर) दोपहर को कांगपोकपी में लेइमाखोंग आर्मी कैंप में काम के लिए गया था और तब से लापता है। उसके परिवार के सदस्यों ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे उसका फोन बंद हो गया था।मणिपुर में फिर एक मेइती व्यक्ति के लापतामणिपुर में मेइती समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 55 वर्षीय एक व्यक्ति के 24 घंटे से अधिक समय तक लापता



रहने के कारण कांगपोकपी की सीमा से सटे इंफाल पश्चिम जिले के कुछ हिस्सों में मंगलवार को तनाव का माहौल रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंफाल पश्चिम के लोइतांग खुनौ गांव के रहने वाले लैशराम कमलबाबू सिंह सोमवार दोपहर को कांगपोकपी के लेइमाखोंग सैन्य शिविर में काम पर जाने के लिए घर से निकले थे और वह तब से लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि लापता सिंह का मोबाइल फोन बंद है।पुलिस और सेना ने संयुक्त रूप से खोज अभियान शुरू कर दिया

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ह्लपुलिस और सेना ने संयुक्त रूप से खोज अभियान शुरू कर दिया है।ह्व लापता व्यक्ति के परिवार के अनुसार, सिंह लीमाखोंग सैन्य शिविर में छोटे-मोटे काम करते थे। यह इलाका कुकी बहुल इलाके से घिरा हुआ है। लीमाखोंग के पास रहने वाले मेइती समुदाय के लोग जातीय हिंसा की शुरूआत के बाद से ही इलाके छोड़कर भाग गए हैं।

## झारखंड: शपथ से पहले दिल्ली दौरे पर हेमंत सोरेन, पीएम मोदी और अमित शाह से की मुलाकात

एजेंसी

झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री और झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी और पार्टी नेता कल्पना सोरेन के साथ मंगलवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। संसद में शाह से मुलाकात के बाद सोरेन ने कहा कि आप सभी को नमस्कार। आने वाले दिनों में भी बैठकें होंगी। बहुत सारी चीजें हैं। हमें अपनी सरकार बनानी है। हम यहां आशीर्वाद के लिए आये हैं। झारखंड में नई सरकार बनाने की तैयारी के



बीच सोरेन ने केंद्र के साथ आगे की चर्चा का संकेत दिया।राज्य विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल करने के बाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और नवनिर्वाचित सीएम हेमंत सोरेन 28 नवंबर को शपथ लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इससे पहले सोमवार को उन्होंने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके अलावा, उन्होंने अगली विधानसभा में सरकार बनाने का दावा भी पेश किया। गुरुवार को हेमंत सोरेन के साथ कई अन्य विधायक भी शपथ ले सकते हैं। इस बीच मंत्री बनने वाले विधायकों के संभावित नामों पर चर्चा शुरू हो गई है. यहां उन संभावित नामों की सूची दी गई है जिन्हें हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है।

## क्या राहुल गांधी भी ब्रिटिश नागरिक हैं? कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब, अब 19 दिसंबर को होगी सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर केंद्रीय गृह मंत्रालय से जवाब मांगा जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता है। कोर्ट ने मंत्रालय से तीन हफ्ते में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। मामले पर अगली सुनवाई 19 दिसंबर 2024 को है। याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने कहा कि उन्होंने सभी दस्तावेज और सबूत अदालत को सौंप दिये हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि हमने जो भी कहा है वह सही पाया जाएगा।' मामले



की जांच सीबीआई ने भी की है, अहम सबूत दिए गए हैं। गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता भी है, 19 दिसंबर अगली तारीख है, तब तक गृह मंत्रालय को भी अपना जवाब दाखिल करना होगा।इससे पहले 6 नवंबर को, दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया गया था कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जा रही एक जनहित याचिका पर गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई थी। जब याचिकाकर्ता, कर्नाटक भाजपा कार्यकर्ता, ने कहा कि उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है, तो मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि वह नहीं चाहता कि कोई विरोधाभासी आदेश पारित किया जाए।पीठ ने एस विग्नेश शिशिर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उनकी जनहित याचिका के बाद प्रासंगिक घटनाक्रम पर एक हलफनामा दायर करने की अनुमति देते हुए कहा, ।

## दिल्ली चुनाव से पहले आतिशी का सनसनीखेज आरोप, वोटर लिस्ट में हेर-फेर कर रही केंद्र सरकार



एजेंसी

**दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एलजी विनय सक्सेना आप समर्थकों को मतदाता सूची से हटवाकर चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि लगभग 20,000 मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के लिए चुनाव अधिकारियों पर दबाव डाला जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में हार का डर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अनुचित तरीकों से दिल्ली चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। वे मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने की योजना बना रहे हैं, खासकर आप से जुड़े मतदाताओं को। हालाँकि, भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता ने इस कथित साजिश में पहले कदम के रूप में दिल्ली के उपराज्यपाल के 28 अक्टूबर के आदेश का हवाला देते हुए 29 उप-विभागीय मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने बूथ स्तर के अधिकारियों से ऐसी कार्रवाइयों का विरोध करने की अपील करते हुए उनसे किसी भी अनुचित दबाव या जबरदस्ती का दस्तावेजीकरण करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि यदि कोई आपको मतदाताओं के नाम काटने के लिए मजबूर करता है, तो इसे रिकॉर्ड करें और मुझे भेजें।

## चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी पर विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश को सुनाई खरी-खोटी, हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की

एजेंसी

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को हिंदू धार्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी और जमानत से इनकार की निंदा की और बांग्लादेश के अधिकारियों से देश में धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों को लेकर कई विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले प्रभु को 25 नवंबर को ढाका हवाई अड्डे पर ढाका पुलिस की जासूसी शाखा द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद विदेश मंत्रालय की कड़ी टिप्पणी आई। बयान में कहा गया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन घटनाओं के अपराधी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन शांतिपूर्ण सभाओं के माध्यम से वैध मांगें उठाने वाले एक धार्मिक नेता के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हम बांग्लादेश के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं, जिसमें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी



शामिल है। मंत्रालय ने रेखांकित किया कि प्रभु की गिरफ्तारी बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमलों से संबंधित घटनाओं के बाद की गई है। इसमें साफ कहा गया है कि अल्पसंख्यकों के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आगजनी और लूटपाट के साथ-साथ चोरी और तोड़फोड़ और देवताओं और मंदिरों को अपवित्र करने के कई प्रलेखित मामले हैं।मंत्रालय ने प्रभु की रिहाई के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे धार्मिक अल्पसंख्यक समूह के सदस्यों पर हमलों पर भी चिंता व्यक्त की। प्रभु कई वर्षों तक इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) से जुड़े रहे और उन्होंने सोसाइटी के प्रवक्ता के रूप में काम किया है। कई मौकों पर, प्रभु ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के कृत्यों के खिलाफ आवाज उठाई और धार्मिक भेदभाव की प्रथा का आह्वान किया। इस्कॉन मंदिर के अधिकारियों, जिन्होंने पहले भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने और बांग्लादेश सरकार से बात करने का आग्रह किया था, ने प्रभु की गिरफ्तारी की निंदा करने के भारत सरकार के कदम की सराहना की।विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हम बांग्लादेश के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं, जिसमें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी शामिल है।

# उर्दू भाषा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** मंत्रिमंडल सचिवालय उर्दू भाषा निदेशालय एवं जिला प्रशासन समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में उर्दू भाषा वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन अल्पसंख्यक बालक छात्रावास मॉडल इंटर स्कूल परिसर समस्तीपुर में दिनांक 26 नवंबर 2024 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण रजनीश कुमार राय तथा प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग खालीद अनवर जिलानी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कार्यक्रम को तीन वर्ग रूप में विभाजित किया गया है जिसमें मैट्रिक एवं समकक्ष वर्ग समूह में जिसका विषय नज्म और रूबाईः तारीफ व तौजीह था इसमें प्रथम पुरस्कार पाने वाले छात्र-छात्रा को 4500 रुपये जबकि द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन छात्र-छात्राओं को 3500 तथा तृतीय स्थान पाने वाले चार छात्रों एवं छात्राओं को 2500 रुपया की




दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी इंटर एवं समकक्ष वर्ग समूह में फन अफसाना निगारीः एक जायजा टॉपिक पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 5500 द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन प्रतिभागियों की 4500 की दर से तथा तृतीय स्थान पाने वाले चार प्रतिभागियों की 3500 के दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसी प्रकार स्नातक समक्ष वर्ग समूह में नावेल निगारीः आगाज व इस्तिका टॉपिक पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को 6500, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन प्रतिभागियों को 5500 की दर से तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले चार प्रतिभागियों को 4500 रुपए प्रति प्रतिभागी की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विदित हो की उर्दू भाषा निदेशालय के द्वारा प्रत्येक वर्ष यह प्रतियोगिता कराई जाती है जिससे लोगों में उर्दू के प्रति जागरूकता बढ़े एवं उर्दू भाषा के विकास में यह कार्यक्रम सहायक सिद्ध हो सके। मौके पर विभिन्न उर्दू भाषा से संबंधित विद्वान गण एवं पूरे जिले से आये हुए स्कूलों एवं मदरसो को छात्र - छात्रायें मौजूद थे।

## समाहरणालय सभागार में मनाया गया नशा मुक्ति दिवस, नशा नहीं करने का लिया शपथ



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ताअजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में दिनांक 26 नवंबर 2024 मंगलवार को नशा मुक्ति दिवस से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों द्वारा नशा नहीं करने संबंधित शपथ लिया गया तथा विभिन्न प्रखंडों एवं अंचलो में चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुस्तक इत्यादि देकर सम्मानित किया गया। नशा मुक्ति संबंधित कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन राज्य स्तर में किया जा गया जिसका लाइव वेब कास्टिंग के माध्यम से सभी जुड़े सभी जिले में प्रसारण हुआ। राज्य स्तर से मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा एवं मुख्य सचिव बिहार अमृतलाल मीणा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने शपथ लिया एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिहार के सभी जिलों से जुड़े जिला अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गये। समाहरणालय सभागार में इस अवसर पर अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी, नगर आयुक्त के डी प्रोज्जवल, जिला पूर्ति पदाधिकारी महमूद आलम, उत्पाद अधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारीसहित सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने शपथ लिया।

# समस्तीपुर रेल मंडल कार्यालय में संविधान दिवस का हुआ आयोजन




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर समस्त भारत वर्ष में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल में भी संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल के मरेप्र विनय श्रीवास्तव के साथ अमरेप्र आलोक कुमार झा तथा समस्तीपुर मंडल के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों और मरेप्र सहित सभी अधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। उल्लेखनीय है कि यह पाठ हमारे संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस अवसर पर मरेप्र ने सभी रेलकर्मियों को शुभकामनाएं दीं और सबको हमारे संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। यह हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी देता है और हमें एक न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम समस्तीपुर मंडल के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हैं और हमें विश्वास है कि हम अपने संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। विदित हो कि संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान पारित किया था जिसे 26 जनवरी 1950 को देश ने स्वीकार किया था। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 19 नवंबर 1915 को एक अधिसूचना जारी की गई थी इसमें 26 नवंबर को हर साल संविधान दिवस के तौर पर मनाने की बात कही गई, तबसे हम हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाते हैं।

## नशा मुक्ति दिवस मनाने को लेकर निकाला गया प्रभात फेरी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** मंगलवार को नशा मुक्ति दिवस को लेकर समाहरणालय से प्रभात फेरी निकाला गया। जिसका शुभारंभ मध निषेध अधीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने हरि झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह प्रभात फेरी समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर काशीपुर होते हुए पटेल मैदान पहुंचेगी। मध निषेध अधीक्षक ने बताया कि 2016 से पूरे बिहार में शराब बंदी है। इसी को लेकर प्रत्येक साल 26 नवंबर को आम आवाम को जागरूक करने के लिए नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसकी सफलता के लिए जिला प्रशासन के अलावा मद्य निषेध विभाग एवं शिक्षा विभाग का भरपूर सहयोग मिल रहा है। प्रभात फेरी में,,,, हम सब ने ठाना है, बिहार को नशा मुक्त बनाना है। दारू/ शराब पीकर जाओगे,,,,घर नहीं पहुंच पाओगे,,,नशा मुक्त रहे बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार,,,आदि नारे लगाये जा रहे थे। बताया जाता है कि उक्त प्रभात फेरी में आर एस बी इंटर विद्यालय के अलावा अन्य विद्यालयों के छात्र - छात्राएं शामिल थे।

## समाहरणालय सभागार में मनाया गया संविधान दिवस




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी महमूद आलम, नगर आयुक्त के डी प्रोज्जवल जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय, जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजीव कुमार कापर सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया एवं संविधान के आदर्शों का पालन करने हेतु संकल्प लिया गया। विदित हो की दिनांक 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अपनाया गया था, इसी परिपेक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।

## मधूबनी मे संविधान देश की आत्मा है:शंकर झा




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

75 वें राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पुराने जिला कार्यालय के सभागार में जिलाध्यक्ष शंकर झा के अध्यक्षता मे एक गोष्ठी का आयोजन किया गया इस कार्यकर्म में संविधान निमार्ता बाबा साहब डा भीम राव अम्बेडकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर संविधान सभा के सभी सदस्यों को याद किया गया संविधान के महत्व पर बात करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि संविधान राष्ट्र की आत्मा है कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष भोगेद्र ठाकुर बिहार प्रदेश पूर्व उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हीतेंद्र नारायण ठाकुर

जिला महामंत्री देवेंद्र यादव मधुबनी लोकसभा संयोजक प्रशांत ठाकुर आईटी सेल जिला संयोजक सह किसान मोर्चा जिला महामंत्री राजीव झा मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना जिला परिषद सदस्य विनोद प्रसाद व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संयोजक विष्णु राउत नगर मंडल पूर्व अध्यक्ष अजय प्रसाद नगर मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार चौधरी राजनगर मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार झा नगर मंडल महामंत्री आदित्य झा परमानंद झा रवि महतो शिवनाथ दास मनीष कर्ण मनोज श्रीवास्तव नगर उपाध्यक्ष चन्दन कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता हुए शामिल

# जायसवाल ने पूर्व सरपंच कुतुबुद्दीन अहमद को दिया आयुष्मान कार्ड,



**विशेष संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री बिहार सरकार माननीय श्री दिलीप जायसवाल ने हुसैनगंज ब्लॉक अंतर्गत हरिहँस दाता नगर ग्राम पंचायत राज बडरम के पूर्व सरपंच श्री कुतुबुद्दीन अहमद को भाजपा प्रदेश कार्यालय में 5 लाख का मुफ्त उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड दिया, श्री जयसवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका सम्मान सबका विकास के साथ कार्य करती है श्री कुतुबुद्दीन अहमद पूर्व सरपंच अल्पसंख्यक समाज से आते हैं और अल्पसंख्यक में भी पिछड़ी जाति फकीर समाज से हैं भाजपा ने पूरे विश्व में यह संदेश दिया है कि हम सब के साथ सबका विकास और सब का सम्मान करते हैं जो लोग 70 वर्ष के बूढ़े बुजुर्ग हैं उनके लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत मदद पहुंचाने का कार्य करते हैं, पूर्व सरपंच कुतुबुद्दीन अहमद के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नूर आलम, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मीणाल झा, एवं निगम बाबा भी उपस्थित थे,

# ताजपुर के लाल ने समस्तीपुर जिले का किया नाम रौशन,

## एक करोड़ 10 लाख में बिके बाएं हाथ के बल्लेबाज,




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** आईपीएल ऑक्शन 2025 के लिए 574 खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा चर्चा समस्तीपुर जिले के ताजपुर के रहने वालें 13 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की रही, जो इस बार सबसे युवा खिलाड़ी के रुप में ऑक्शन में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। उभरते हुए हरफनमौला खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी आईपीएल मेगा ऑक्शन की लिस्ट में 491 नंबर पर थे। अनकैप्ड कैटेगरी के तहत लिस्टेड वैभव की बेस प्राइस 30 लाख रुपये थी। वैभव पर 68 वें सेट में बोली लगी। उसके बाद काउंटर का दौर शुरू हुआ और अंततः राजस्थान रॉयल्स की टीम ने समस्तीपुर के लाल वैभव सूर्यवंशी को एक करोड़ 10 लाख में खरीद कर अपनी टीम में शामिल कर लिया। 13 साल के वैभव ने इसी साल जनवरी में बिहार की ओर से अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया। शानदार प्रदर्शन करने के बाद उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंडिया अंडर 19 टीम में शामिल किया गया जहां उन्होंने पहले ही मैच में शतक जड़ दिया। इस प्रदर्शन के आधार पर बीसीसीआई ने वैभव को अगले महीने होने वाले अंडर 19 एशिया कप में टीम इंडिया का हिस्सा बनाया हैं और जिले वासियों को उम्मीद है कि वह वहां भी अपनी छाप छोड़ने में सफल होकर विदेश में भी समस्तीपुर का झंडा पताका लहराएंगे। वैभव के आईपीएल ऑक्शन में एक करोड़ 10 लाख की रकम में खरीदे जाने पर पूरे समस्तीपुर जिले के साथ साथ वैभव के पैतृक निवास स्थान ताजपुर में दिवाली जैसा माहौल है। वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी ने जैसे ही वैभव के खरीदे जाने की सूचना मिली वह फूले नहीं समाये और पूरे परिवार में और आसपास में मिठाइयों बांटकर खुशी का इजहार किया।

# जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तबतक विरोध जारी रहेगा : रोमा भारती



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** मंगलवार को कपूर्री आश्रम स्थित जिला राजद कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती ने कहा कि बिहार में जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया। नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर राज्य सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए कोटा बढ़ाकर 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजातियों के लिए दो प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग के लिए 18 प्रतिशत कर दिया। मगर राज्य सरकार के नकारात्मक रवैये और न्यायालय में सही तरीके से बातों को नहीं रखने के कारण न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी है तथा भाजपा सरकार में संविधान, लोकतंत्र तथा कौमी एकता खतरे में है। अगर बढ़े हुए आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कर लिया जाता है तो न्यायायिक प्रक्रिया पर स्वतः रोक लग जाएगी, लेकिन भाजपा तथा जनता दलयू ऐसा नहीं चाहती है। इन्हीं को लेकर राजद के साथी गुरुवार 28 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देंगे। मांगें माने जाने तक हम सड़क से लेकर सदन तक अपने अभियान को जारी रखेंगे। मौके पर उजियारपुर संगठन राजद जिलाध्यक्ष राजेश्वर महतो, जिला राजद प्रधान महासचिव विपीन सहनी, प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, जिला राजद उपाध्यक्ष राम विनोद पासवान, प्रवक्ता संजय नायक, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो फैयाज अहमद, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुघन यादव, जिला राजद कोषाध्यक्ष विश्वनाथ राम, राजद नेता राजेंद्र साह, जिला राजद नेता जयशंकर राय, जिला सचिव उजियारपुर अरुण कुमार सिंह, राजाराम महतो, करण भास्कर आदि मौजूद थे।

## राम करण पूर्वे का निधन, शोक की लहर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत हाँसा पंचायत के महराजगंज (नागरबस्ती) निवासी समाज सेवी व मिलनसार 72 वर्षीय राम करण पूर्वे का आज अहले सुबह निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और उनका उपचार चल रहा था। मंगलवार को उन्होंने अहले सुबह करीब चार बजे अंतिम सांस ली। इधर उनके निधन की खबर आम होते ही लोग एक नजर दीदार के लिए उनके निवास स्थान दौड़ पड़े और देखते ही देखते लोगों की काफी भीड़ लग गई। इधर राम करण पूर्वे की निधन होने पर स्थानीय मुखिया तेज नारायण चौधरी, पूर्व सरपंच अब्दुल कलाम राजा, समाज सेवी जीवछ महतो, प्रविंद महतो, अनिल पूर्वे, डॉक्टर कपलेश्वर पूर्वे, पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार नरेश कुमार महतो, राजदेव पूर्वे, मास्टर परवेज अहमद रौनकी, पूर्व मुखिया अब्दुस समद खां, सोमाल अहमद खां, इजहार अहमद खां, सचिंद्र दास, देवेंद्र दास, अभिषेक कुमार उर्फ सोनू, सुरेन्द्र साह, दीप नारायण चौधरी, विनोद शर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया है

## बाइक दुर्घटना में टेंट व्यापारी घायल, सदर अस्पताल छपरा रेफर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक सीएचसी में बाइक दुर्घटना में टेंट हाउस व्यापारी को घायल हालत में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल तरैया थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव निवासी स्व हरिहर सिंह का 60 वर्षीय पुत्र नंद किशोर सिंह हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल के परिजनों ने बताया कि घायल टेंट हाउस व्यापारी हैं शादी समारोह में जा रहें थे कि बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें घायल हो गए। आस पास के लोगों की सूचना मिलने पर इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

# संविधान कितना भी अच्छा हो लेकिन उसको लागू कराने वाले की नीयत अच्छी होना जरूरी: मोहन प्रकाश

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- संविधान ने देश को एकरूपता दिया और एकता के सूत्र में पिरोया : कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश
- संविधान पर आई आंच के खिलाफ कांग्रेस लड़ेगी हर लड़ाई : मोहन प्रकाश
- बाबा साहब के बनाएं संविधान से चलेगा देश, नागपुरिया संविधान से नहीं : प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह
- संविधान की प्रस्तावना पढ़ कांग्रेस ने मनाया संविधान अंगीकरण दिवस



पटना. मंगलवार, 26 नवम्बर 2024
बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में संविधान अंगीकरण दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने सभी उपस्थित कांग्रेसजन को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया और इसकी रक्षा के लिए मजबूती से हर जरूरी लड़ाई लड़ने की शपथ दिलाई।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने कहा कि बिहार से इस विशेष दिवस का सीधा जुड़ाव रहा है क्योंकि सच्चिदानंद सिंहा जो बिहार के सपूत थे उनसे हस्ताक्षर को संविधान का ड्राफ्ट पटना आया था। बाबा साहब आंबेडकर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यदि संविधान को लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं हैं तो यही संविधान गलत हो जायेगा। इस ड्राफ्ट को रखते हुए भीमराव अंबेडकर ने एक भाषण दिया जिसमें उन्होंने सभी के लिए समान अवसर की वकालत की थी और इसे पूरी तरीके से संविधान के माध्यम से लागू भी कराया। समाजवाद और पंथ निरपेक्षता को जोड़ने पर हो हल्ला करने वाले लोग आज संविधान की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं।हमारे नेता राहुल गांधी ने जीविका की समानता के लिए लड़ाइयां लड़ी, किसानों, युवाओं और बेरोजगारों के हक की लड़ाई लड़ी ताकि उन्हें देश में समानता का अवसर मिले। आम जन को यह संदेश हमें पहुंचाना होगा कि यह संविधान रहेगा तभी अमीर गरीब के बीच की खाई को पाटा जा सकता है। मद्रास कांफ्रेंस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव पारित करना चाहिए और वरिष्ठ नेतागण अभी उचित समय का इंतजार करने को कहा। इस संविधान के एक एक शब्द में देश के एक एक बलिदानियों के खून का कर्ज है। राहुल गांधी लगातार इस मुल्क में संविधान के मूल्यों को स्थापित करने की लड़ाई लड़ रहें हैं और वे इस संविधान को अक्षरशः लागू कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारी नेता सोनिया गांधी ने भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार दिया लेकिन आज उपासना, पंथ निरपेक्षता और तमाम बातें खत्म हो रही हैं। इस देश में असमानता को फैलाने वाले लोगों के हाथों में सत्ता हैं और हमारे नेता राहुल गांधी लगातार वारिस अगर अपने पुरखों के इतिहास को नहीं बचा पाएगा तो इतिहास में उसका नाम लेने वाला कोई नहीं रहेगा। कांग्रेसजन से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि इस देश में किसी भी कीमत पर नागरिकों के लाश के ढ़ेर पर चलकर वर्तमान सत्ता इस देश को पूरी तरीके से बर्बाद करने पर तुली हुई है।

## जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया एवं संविधान के आदर्शों का पालन करने हेतु संकल्प लिया गया



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद जुबैर

26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार समस्तीपुर में अपर समाहर्ता श्री अजय कुमार तिवारी ,उप विकास आयुक्त श्री संदीप शेखर प्रियदर्शी ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री महमूद आलम , नगर आयुक्त समस्तीपुर समस्तीपुर श्री के डी प्रोज्ज्वल जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रजनीश कुमार राय ,जिला भू अर्जन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार कापर सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया एवं संविधान के आदर्शों का पालन करने हेतु संकल्प लिया गया। विदित हो की दिनांक 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को हम अपनाया गया था इसी परिपेक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।

## संविधान दिवस पर विधालय में शिक्षको और छात्रों ने शपथ ली और संवैधानिक अधिकार को जाना



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद आरीफ

सिवान महाराजगंज अनुमंडल 26 नवम्बर मंगलवार। महाराजगंज और दुरौंधा के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक और छात्रों ने संविधान दिवस पर शपथ ली। जिसमें संविधान निमार्ता बाबा साहब बी आर अंबेडकर ने कैसे कितने दिनों और देश में संविधान की महत्त्व पर उच्च माध्यामिक विद्यालय सह इंटर में प्रधानाध्यापिका दिपिका कुमारी और कॉलेज के लेक्चरर श्री राकेश कुमार रंजन ने विस्तार पूर्वक बताया और शपथ विद्यालय के सभी शिक्षक साथी को और छात्रों को शपथ दिलाई। जिसमें सभी ने भारतीय संविधान के नीति निर्देश और अपने लोकतांत्रिक अधिकार को जाना जो संविधान 26 नवम्बर 1949 को बन कर तैयार था। लेकिन इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया जिसे हर साल हम लोग भारतीय संविधान दिवस के रूप में मनाते है। सीआरसी सवान विग्रह के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विधालय रामसपुर में प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार सिंह और बेला गोबिंदपुर में प्रधाना ध्यापिका श्रीमती कविता कुमारी और सभी प्राथमिक विद्यालय में संविधान दिवस पर छात्रों को संविधान के विषय में बताया गया।

# 24 मतदान केंद्रों पर 14 हजार 466 वोटर करेंगे मतदान, बूथों पर कर्मी रवाना



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक प्रखंड के विभिन्न 9 पंचायतों के 24 मतदान केंद्रों पर पैक्स चुनाव का मतदान 27 नवम्बर को कराया जाएगा। इसको लेकर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि सभी बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा के उपाय कर लिए गए हैं। कुछ मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील बनाए गए हैं जिन पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। वहीं इलाके में बाइक गश्ती दल भी रहेंगी जो किसी भी सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच जाएंगी। उसके लिए प्रशासन ने जरूरी सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली है। प्रखंड के 9 पंचायत डुमरसन , अरना, बहरौली, बंगरा, सेमरी, सोनौली, पूर्वी, मदारपुर और जजौली के 24 मतदान केंद्रों पर कुल 14 हजार 466 मतदाता मतदान करेंगे। इसकी जानकारी निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार ने दी। उन्होंने प्रखंड कार्यालय के सभागार में सामग्री आदि का वितरण किया गया और ब्रीफिंग के बाद पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्रो के लिए प्रस्थान करवाया। काउंटर पर मतदान सामग्री का पंचायतीराज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी और बीसीओ श्री कांत के द्वारा किया गया। दूसरी तरफ सीओ सुमंत कुमार खुद सभी जगहों पर सक्रिय थे और निर्देशित कर रहे थे। इस दौरान पोलिंग पार्टी के कर्मियों व अधिकारी को निवार्ची पदाधिकारी ने निर्भीक एवं सुरक्षित मतदान कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि पैक्स निर्वाचन को लेकर कुछ पंचायतों को अति संवेदनशील बनाया गया है, जहां सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था किये गये हैं, जबकि मतदान केंद्रों पर सुरक्षित मतदान कराने के लिए प्रशासन हर तरह से व्यवस्था कर चुकी है। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि चांद कुदरिया से भरत प्रसाद, कर्ण कुदरिया से प्रमोद सिंह, नवादा से विश्वजीत सिंह और पश्चिमी से अमित सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

# अम्बेडकर गोलम्बर और सरकारी विद्यालयों में संगोष्ठी आयोजित



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

संविधान दिवस पर मंगलवार को मशरक के विभिन्न सरकारी विद्यालयों और लखनपुर गोलम्बर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी बीआरसी परिसर कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।संविधान दिवस पर श्री अवध उच्च विद्यालय चैनपुर चरिहारा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सियरभुक्का, जनता उच्च विद्यालय गोढ़ना, उच्च विद्यालय दुमदुमा समेत अन्य विधालयो में कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें नशा मुक्ति पर प्रभात फेरी, पेंटिंग प्रतियोगिता और वाद विवाद प्रतियोगिता शामिल रहें। अम्बेडकर गोलम्बर पर संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा ली गई। मौके पर अम्बेडकर लोक सेवा संघ के रणधीर कुमार मांझी, पूर्व मुखिया ललन मांझी समेत कई अन्य मौजूद रहें।

## दुरौंधा में दुसरे चरण पैक्स चुनाव आज

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद आरीफ

सिवान दुरौंधा 26 नवम्बर मंगलवार । प्रखण्ड में दुसरे चरण में12 पैक्स के लिए चुनाव आज है। प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी श्री सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया की चुनाव पुरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से होगा। चुनाव में अशांति फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी करवाई की जाएगी। हर मतदान केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट और पीसीपी अधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो इस का ख्याल रखा गया है। मतदाता निर्भीक हो कर पहले मतदान फिर जलपान करे।प्रखण्ड अंतर्गत कूल 12 पैक्स में 49 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिस मतदान केंद्र पर कुल 30520 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे मतदाता सुबह 7 बजे से शाम 4,30 बजे तक मैदान करेंगे।

## महाराजगंज में पैक्स चुनाव आज सुरक्षा के कड़े इंतजाम

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद आरीफ

सिवान महाराजगंज 26 नवम्बर मंगलवार। महाराजगंज प्रखण्ड में 11 पैक्सो में आज कुल मतदाता 18986 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी श्री बिंदु कुमार ने बताया की सभी मतदान केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल के साथ की गई है। मतदान शान्ति सौहार्दपूर्ण वातावरण में होगा। मतदान के दौरान कोई गड़बड़ी करने वालों पर कठोड़ कारवाई की जाएगी। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4 30 बजे तक होगा। वही मतदान समाप्ति के बाद सीहोता बंगरा ऊंच माध्यामिक विद्यालय मे मतपेटियों को जमा किया जाएगा और 28 नवम्बर को मतों की गिनती की जाएगी। जहा से निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# 10 एवं 11 दिसंबर को जिला स्थापना दिवस का होगा आयोजन



मो. सदरे आलम नोमानी

**सीतामढ़ी:** जिला स्थापना दिवस का आयोजन 10 एवं 11 दिसंबर को पूरे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ होगा।इस संबंध में आज समाहरणालय के सभा कक्ष में डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में स्थापना दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन के मद्देनजर विचार विमर्श करने के साथ संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। स्थापना दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा सके इस बाबत डीएम के निर्देश के आलोक में विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। प्रत्येक समितियों द्वारा प्रारंभिक तैयारी शुरू कर दी गई है। आयोजन झसहझसांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, प्रचार प्रसार समिति, स्वागत समिति, विधि व्यवस्था समिति,विकासात्मक प्रदर्शनी समिति, आय झव्यय संधारण समिति,खेलझकूद समिति,चिकित्सा व्यवस्था समिति तथा अन्य समितियों का गठन किया गया है। सभी विभागों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी दी गई है। स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय को नीली रोशनी व रंग-बिरंगी झालरों से सजाने का भी निर्देश दिया गया है। विगत वर्षों के भांति पूरे उत्साह के साथ जिला स्थापना दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रभात फेरी से स्थापना दिवस का आगाज होगा। वही विकासात्मक प्रदर्शनी स्टॉल, खेल प्रतियोगिताएं ,मुशायरे का आयोजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। स्थानीय कलाकारों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी।इसके अतिरिक्त अन्य आकर्षक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी भी की जा रही है।डीएम के द्वारा सभी समितियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों का अनुश्रवण करने के साथ-साथ मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।बैठक में डीडीसी श्री मनन राम, प्रभारी अपर समाहर्ता झराजस्व कुमार धनंजय,जिला भुअर्जन पदाधिकारी विकास कुमार,नगर आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सिविल सर्जन,जिला कृषि पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, डीईओ,डीपीएम जीविका तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे

# नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों ने निकाली रेली



मो.सदरे आलम नोमानी

**सीतामढ़ी:**प्रभात फेरी कमला उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण से मयार्दा पथ, डुमरा थाना, स्टेट बैंक डुमरा, बड़ी बाजार ,आर आर एस महिला कॉलेज के तरफ जाने वाले सड़क की ओर होते हुए डुमरा हवाई अड्डा मैंदान परेड ग्राउंड तक निकली गई।प्रभात फेरी में उत्पाद अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी सिविल सर्जन, डीपीओ शिक्षा विभाग, प्रधानाध्यापक कमला उच्च विद्यालय, वरीय शिक्षक श्री एस एन झा, अन्य शिक्षक गण के साथ अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं शिक्षक गण शामिल थे।इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि *हम सबको मिलकर नशा मुक्ति अभियान को धरातल पर उतारना है। इसमें प्रशासनिक प्रयासों के साथ आम आवाम की सहभागिता अत्यंत ही महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि नशा से व्यक्ति की मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाती है। घर बर्बाद हो जाता है। इसलिए सरकार द्वारा नशा मुक्त बिहार को लेकर जो अभियान चलाया जा रहा है उसकी सफलता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु लगातार जागरूकता अभियान चलाना अनिवार्य है। समापन स्थल पर कार्यक्रम में अन्य पदाधिकारियों ने भी बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर मंच संचालन का कार्य वरीय शिक्षक श्री एस एन झा ने किया।

## घर से कॉलेज के लिए निकली लड़की प्रेमी संग गायब



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

नावकोठी ( बेगूसराय ) ' थाना क्षेत्र में एक लड़की के प्रेमी संग फरार होने का मामला सामने आया है, जिसमें लड़की को बहला-फुसला कर शादी की नीयत से भगाने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता के परिवार के अनुसार, वह अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। 22 नवंबर को लड़की कॉलेज के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिवार ने हर संभावित जगह पर उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में पता चला कि लड़की को उसके प्रेमी ने शादी का झांसा देकर भाग लिया है।लड़की की मां ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि पांच साल पहले उनके पति का निधन हो गया था, और तब से वह अपने मायके में रह रही हैं। आवेदन में यह भी बताया गया कि लड़की के साथ ?3 लाख 90 हजार नगद और ढाई तोला सोने के जेवरात भी गायब हैं।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर लड़की की तलाश की जा रही है, और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# अब हाइटेक टेक्नोलॉजी से लैस हुई आशा कार्यकर्ता, घर-घर जाकर बना एंगी आयुष्मान कार्ड

वरिष्ठसंवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
शकील हैदर

- मोबाइल एप के माध्यम से घर पर हीं बनेगा आयुष्मान कार्ड
- 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ
- डिजिटल काउंटर पर भी बनाया जायेगा कार्ड




छपरा। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण करने की दिशा में कई पहल की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की मजबूत कड़ी और समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को धरातल पर पहुंचाने वाली आशा कार्यकताओं को भी अब डिजिटल रूप से मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अब आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर आयुष्मान के लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाएंगी। एम-आशा मोबाइल एप्लिकेशन में यह सुविधा प्रदान की गयी है कि आशा कार्यकर्ता भी अब आयुष्मान कार्ड बना सकती है। इसका उद्देश्य है कि जो 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों का शत-प्रतिशत कार्ड बनाया जाये। इसके साथ हीं उस घर में जितने भी लाभार्थी होंगे उनका भी घर पर आशा कार्यकर्ता के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इसके लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण भी दिया गया है। साथ हीं यूजर आईडी और पासवर्ड भी उपलब्ध करा दिया गया है।

डिजिटल काउंटर भी स्थापित किए गए:

आयुष्मान भारत के डीपीसी नीरज कुमार ने बताया कि यह अभियान जिले में विशेष रूप से चलाया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड तैयार किया जा सके। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य केंद्रों पर डिजिटल काउंटर भी स्थापित किए गए हैं, जहां पर भी आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस पहल से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, बल्कि डिजिटल माध्यम से लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। आशा कार्यकताओं का यह कदम समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य योजना से जोड़ने में मददगार साबित होगा।

## पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ चलाया नशा मुक्ति अभियान

### थानाध्यक्ष ने कहां नशा मुक्त समाज को लेकर हैं आयोजित कार्यक्रम

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के राजकीय मध्य विद्यालय सेमरी में समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विधालय के छात्र छात्राओं को नशा मुक्त समाज बनाने में जागरूक किया जा रहा है जिससे नशा का कारोबार रुक सके, साथ ही नशा मुक्ति समाज भी बन सके। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने छात्र छात्राओं से कहा कि आप सभी अपने अपने घरो में पापा समेत अन्य को बताएं कि नशा परिवार के लिए खतरनाक है। इससे जान भी जा सकती है उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के सामाजिक आर्थिक और शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है यदि आने वाले पीढ़ी को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जाए तो इसके सार्थक परिणाम आ सकते हैं।बच्चों को नशे से शारीरिक नुकसान, गलत संगति दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने बताया हर बच्चे के परिवार का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों को समय-समय पर देखभाल करते रहे और बच्चों की बदलती आदतों का ध्यान रखें, इसी अभियान के तहत स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे होने वाले अपराधों के संबंध में भी अवगत कराया और नशा मुक्त समाज के लिए संकल्पित भी किया।इससे जान भी जा सकती है उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के सामाजिक आर्थिक और शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है यदि आने वाले पीढ़ी को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जाए तो इसके सार्थक परिणाम आ सकते हैं।बच्चों को नशे से शारीरिक नुकसान, गलत संगति दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना आवश्यक है।

## आपसी विवाद में चली गोली एक घायल, हालत नाजुक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के सहियारबुर्ज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 26 निवासी सखीचंद यादव के 45 वर्षीय पुत्र राजेश यादव को मंगलवार को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली उसके पेट में लगी है। जिसे आनन फानन में परिवार के लोगों ने उन्हें उपचार हेतु अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर इलाज हेतु उन्हें बेगूसराय के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया है। जहां घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। मारपीट की घटना में राजेश यादव के बड़े भाई रमेश यादव एवं भतीजा कुंदन यादव भी घायल हैं, जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घटना के संबंध में लोग बताते हैं कि जमीनी विवाद को लेकर भाइयों के बीच झगड़े हो रहे थे। महिलाएं भी आपस में झगड़ रही थी, इसकी जानकारी किसी ने राजेश यादव को दी जो उस वक्त मार्निंग वॉक करने यूआर कॉलेज परिसर गये थे। सूचना पर वे घर पहुंचकर अपने भाई भतीजे एवं घर की महिलाओं को समझाने का प्रयास कर रहे थे, इसी बीच दो राउंड फायरिंग हुई। जिसमें एक गोली राजेश यादव के पेट में लगी। घटना के संबंध में घायल रमेश यादव ने बताया है कि जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हो रहा था। इसी क्रम में एक भतीजा द्वारा गोली चलाये जाने का आरोप लगा रहे थे, इस संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मंडल ने बताया कि घायल राजेश यादव बेगूसराय के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। उनके परिवार के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना से संबंधित आवेदन फिलहाल नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तराखंड में आयोजित नेशनल कबड्डी में उप विजेता बनी टीम का मशरक में हुआ स्वागत



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

उत्तराखंड में आयोजित स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्रमोशन फेडरेशन इंडिया के द्वारा आयोजित नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में सारण टीम के उप विजेता बनने और मशरक पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सारण टीम का मशरक में युवराज सुधीर सिंह ने स्वागत किय। युवराज सुधीर सिंह ने टीम के कोच अंकित कुमार समेत खिलाडियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने टीम कोच अंकित कुमार के नेतृत्व की प्रशंसा की व सभी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की।

उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए खेल से जुड़ी हर गतिविधियों को बढ़ावा देने और उसके लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन भी दिया। वहीं उन्होंने कहा कि खेल मैदान में हार जीत कोई मायने नहीं रहता है आप उप विजेता बने हैं फिर से जमकर खेलिए विजेता कप आपका होगा। मौके पर पूर्व मुखिया छोटा संजय, अखिलेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।ः

## प्रशांत किशोर का नीतीश कुमार पर तीखा हमला,

### मुख्यमंत्री केवल जेडीयू की सीटों के बंटवारे, एमएलसी टिकट और राज्यसभा की चर्चा के लिए दिल्ली जाते हैं, 18.19 साल में कोई वर्कशॉप

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रशांत किशोर ने अपने बयान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। शकील हैदर वरिष्ठ संवाददाता छपरा



प्रशांत किशोर ने अपने बयान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उनकी नीतियों और प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, कोई ऐसी खबर बताइए कि नीतीश कुमार केंद्र सरकार से बात करने गए हों कि बिहार में चीनी मिल कब चालू होगी। मुख्यमंत्री केवल जेडीयू की सीटों के बंटवारे, एमएलसी टिकट और राज्यसभा की चर्चा के लिए दिल्ली में दो-दो दिन बैठते हैं। लेकिन बिहार के बच्चों का पलायन कैसे रोका जाए, इस पर 18झ19 साल में कोई वर्कशॉप, कोई बैठक, कोई प्रयास नहीं किया गया है।प्रशांत किशोर ने आगे कहा, जब तक प्रयास शुरू नहीं होंगे, तब तक कुछ नहीं बदलेगा। लेकिन यहाँ तो सरकार प्रयास ही नहीं कर रही। नेता हंसते हुए कहते हैं कि अगर बिहार के लोग दिल्ली और मुंबई नहीं जाएंगे, तो वहां की व्यवस्था ठप हो जाएगी। यह कोई गर्व की बात नहीं है। उन्होंने बिहार के लोगों की स्थिति पर जोड़ डालते हुए कहा, हमारे भाई-बंधु दिल्ली और मुंबई में कूड़ा-कचरा साफ कर रहे हैं, ठेले पर सब्जी बेच रहे हैं, ये कोई गर्व की बात नहीं हैं। यह गर्व की बात तब होती जब बिहार के लड़के यहां गया या औरंगाबाद में सब्जी उगाते और ट्रेन से दिल्ली भेजते। तब हम गर्व से कहते कि अगर बिहारियों को गाली दोगे तो सब्जी की आपूर्ति बंद हो जाएंगी, तब दिल्ली में समस्या खड़ी हो जाएगी। लेकिन यहाँ के नेताओं की मानसिकता देखिए, वे इसे गर्व की बात मानते हैं कि बिहारी मजदूर दिल्ली में सफाई और मजदूरी का काम कर रहे हैं।

## विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में चलाया गया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नावकोठी (बेगूसराय) ' प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक, मध्य व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उत्क्रमित प्लस टू माध्यमिक विद्यालय चकमुजफ्फर, उत्क्रमित प्लस टू सैदपुर विष्णुपुर, एपीएस नावकोठी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का, मध्य विद्यालय रजाकपुर, हसनपुर बागर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय छतौना, डफर में नशा मुक्ति कार्यक्रम के मौके पर बच्चों को नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाई गई। वही रैली के माध्यम से भी बच्चों ने विभिन्न स्लोगन एवं नारों के गांव का भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया।वहीं चकमुजफ्फर में




एकांकी के द्वारा बच्चों ने नशा से होने वाले नुकसान के बारे में प्रदर्शित कर बच्चों को जागरूक किया।इस दौरान प्राचार्य इंदू देवी, संजीत महतो, गणेश झा ने बच्चों को नशा के बारे में बताते हुए कहा कि आज के युवा पीढ़ी को नशा की बुरी लत खोखला बना रही है।वहीं बच्चों को नशा संबंधी दुष्परिणामों एवं इससे बचने के उपाय भी बताए गए।प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने कहा कि नशा एक अभिशाप है। नशे से ना केवल वर्तमान बल्कि भावी पीढ़ियां भी बर्बाद हो जाती है।सभी को नशे से दूर रहना चाहिए तथा अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताना चाहिए।प्राचार्य अशोक ठाकुर, शंभू महतो, विपुल कुमार, इंद्रदेव महतो ने छात्रों से नशा मुक्त समाज निर्माण में सहयोग करने कि अपील की।

## 58.21 प्रतिशत मतदान के साथ शांतिपूर्वक पैक्स का चुनाव संपन्न



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नावकोठी (बेगूसराय) ' प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांच पैक्स का चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया।इसके लिए कुल 15 मतदान केंद्र बनाए गए थे।पैक्स चुनाव में महेशवाड़ा में कुल 1888 मतदाताओं में से 1032 मतदाता ने मतदान किया।डफरपुर पैक्स में 2798 मतदाता में से कुल 1717 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।नावकोठी पैक्स में कुल 1127 वोटरों में से 619 वोटर ने वोटिंग किया।वही रजाकपुर पैक्स में कुल 1679 वोटर में 1126 वोटर ने मतदान में हिस्सा लिया। हसनपुर बागर पैक्स में कुल 1571 वोटर में 867 वोटर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।वोटिंग का औसत प्रतिशत 58.21 रहा। मतदान कराने में आब्जर्वर संजय कुमार, निवार्ची पदाधिकारी चिरंजीव पांडेय, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सूरज कुमार, बीपीआरओ निधि प्रिया, सर्किल इंस्पेक्टर आनंद कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।बुधवार को प्रखंड कार्यालय स्थित ई - किसान भवन में मतगणना होगी।

## सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल, बखरी में संविधान दिवस का आयोजन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**बखरी ( बेगूसराय ) '** मंगलवार को सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल, बखरी में संविधान दिवस को बड़े ही उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रातः सभा में स्कूल निदेशक, प्राचार्य और सभी शिक्षकों ने संविधान दिवस का बैज पहनकर इस दिन को खास बनाया।कार्यक्रम की शुरूआत में स्कूल निदेशक श्री दानेश्वर यादव ने भारतीय संविधान के निमार्ताओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और विद्यार्थियों से संविधान के मौलिक अधिकारों का सम्मान करते हुए कर्तव्यों का पालन करने की अपील की। प्राचार्य श्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की नींव है, और हमें इसके सिद्धांतों का सम्मान करना चाहिए।इस दौरान शिक्षक मुकुंद कुमार, रोशन कुमार, मधु शर्मा, और छात्र हिमांशु (वर्ग दशम) तथा शुभम कुमार (वर्ग अष्टम) ने भारतीय संविधान और इसके मूल्यों की महत्ता



पर अपने विचार साझा किए। छात्रों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक मुकुंद कुमार ने मजरूह सुल्तानपुरी के गीत "लहू का रंग एक है का सामूहिक गान कर राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अजीत कुमार, सुनील कुमार, गिरीश झा, राकेश कुमार, राम कुमार, विवेक कुमार, सपना पाठक, निर्भय कुमार, रुचिका केशरी, स्वाति कुमारी, मोहिनी रस्तोगी, कंचन कुमारी, गीतांजलि कुमारी, अल्पना कुमारी, और गीतांजलि राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन शिक्षक राजेश कुमार ने किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में संविधान और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूकता पैदा की।

## संविधान दिवस पर जिला मुखिया संघ के महासचिव राष्ट्रपति कुमार ने दी शुभकामनाएं

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



**नावकोठी (बेगूसराय )** ' प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जिला मुखिया संघ के महासचिव, प्रखंड अध्यक्ष व नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार बिड्डू ने संविधान दिवस पर जिले वासियों एवं नावकोठी प्रखंड वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।अपने संदेश में राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय, जाति, धर्म, लिंग, रंग, समुदाय आदि के आधार पर भेदभाव के बिना नागरिकों के सम्मान व्यवहार की अनुमति संविधान देता है।भारत गणराज्य का संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। भारत ने 1949 में संविधान को अपनाया।संविधान के संस्थापकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनके योगदान को याद करने के लिए प्रति वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।संविधान दिवस की शुरूआत 2015 में की गई थी।हमारा संविधान सर्वोच्च मानवीय, मूल्यों, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक, आदर्श, कर्तव्य एवं अधिकारों के अभिव्यक्ति की आजादी देती है।उन्होंने बताया कि संविधान का उद्देश्य, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की प्राप्ति दिलाना है।

## तेयाय गांव से तीन युवक को एक लोडेड देसी कट्टा सहित एक बोतल विदेशी शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

भगवानपुर (बेगूसराय) ' तेयाय ओपी क्षेत्र अंतर्गत तेयाय गांव से ओपी प्रभारी नूतन कुमारी सहित पुलिस बल ने सोमवार की देर रात्रि तीन युवक को एक लोडेड देसी कट्टा सहित 750 एमएल का एक बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी नूतन कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तेयाय गांव से तीन युवक को एक लोडेड देसी कट्टा सहित 750 एमएल का एक बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंगलवार को बेगूसराय भेज दिया गया है। आरोपी युवक देसी कट्टा लेकर क्षेत्र में अपना भय पैदा करना चाहता था। जिसके मंसूबे पर पुलिस ने पानी फेर दिया।

## छह पंचायतों में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी (बेगूसराय) ' बखरी प्रखंड के छह पंचायतों में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है।सुबह से ही लोग वोट डालने पहुंच रहे थे।हालांकि कई बूथ पर वोटरों की संख्या कम थी।जिसके कारण मतदान कर्मी मतदाता के आने का इंतजार करते देखे गए।वही स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए थे।सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस बल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और सुपर जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनाती की गई थी।लोग उत्साह से अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे।इस बाबत बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी महेशचंद्र ने बताया कि कुल 11095 में से 6445 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किए हैं।जिसमें महिला 2638 तथा पुरुष 3807 शामिल है।उन्होंने बताया कि घाघरा में 55.38, चकहमीद में सबसे अधिक 70.51, बागवान में 57.82, राटन में 68.24, शकरपुरा में 61.85 तथा सलौना में सबसे कम 49.71 मतदान हुए हैं।जिसमें ओवरऑल मतदान 58 प्रतिशत रहा है।इस मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक सह जिला सांख्यिकी अधिकारी खगड़िया संतोष कुमार तिवारी, एसडीएम सन्नी कुमार सौरव, एसडीपीओ कुंदन कुमार, बीडीओ महेशचंद्र, सीओ राकेश कुमार चौधरी, बीपीआरओ कुमार सानू, बीसीओ मेराज आलम, थानाध्यक्ष विकास कुमार राय, एस आई पुष्प लता, मनीष पंडित आदि मतदान केंद्र का जायजा लेते रहे?।

## राटन गांव में आग लगने से तीन घर समेत दो गाय जली



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी (बेगूसराय) ' राटन में अचानक घर मे आग लगने से तीन घर समेत दो गाय जली एवं एक गाय बुरी तरह झुलस गई। राटन गांव के ब्रह्मदेव साहू के पुत्र गंगाराम साहू उर्फ गंडोरी साहू के घर मे अचानक लगी आग, जिसमे घर मे बंधी दो गाय तत्क्षण ही जल गई एवं एक गाय बुरी तरह झुलस गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राटन गांव के वार्ड 11 स्थित गंडोरी साहू के घर मे मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे उस समय आग लग गयी जब घर मे कोई नही था, जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक घर समेत दो गाय भी जल गई वहीं एक गाय बुरी तरह झुलस गई।हल्ला होने पर जबतक लोग आग बुझाने को दौड़े तबतक आग गंडोरी साहू के घर को पूरी तरह अपने लपेटे में ले लिया। स्थानीय ग्रमीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। तब तक तीन घर जल गया।

# बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 में कर की राशि का पूरा भुगतान किये जाने की स्थिति में ब्याज एवं पेनाल्टी से पूरी तरह से छूट दिया जाएगा- सम्राट



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना/ आज माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहार विधान सभा के पटल पर बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया गया। माननीय सदस्यों द्वारा विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया गया। अब यह विधेयक बिहार विधान परिषद में पेश किया जायेगा। जीएसटी एक फेडरल टैक्स सिस्टम (त्रीी१' ळ७ र८२३ी) है। केन्द्रीय जीएसटी एक्ट में किये गये किसी भी संशोधन के उपरांत राज्य स्तर पर भी बिहार जीएसटी एक्ट में संशोधन किया जाना आवश्यक है। केन्द्रीय जीएसटी एक्ट में किये गये संशोधनों के आलोक में अध्यादेश के माध्यम से बिहार जीएसटी एक्ट में संशोधन किया गया। उक्त संशोधनों को विधायीत करने हेतु बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 का प्रारूप तैयार किया गया है।विधेयक प्रारूप में जीएसटी अधिनियम की कई धाराओं में संशोधन के साथ-साथ कुछ नई धाराएँ भी जोड़ी गई। विधेयक के मुख्य अवयवों में जीएसटी के शुरूआती वर्षों के लिए करदाताओं द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा के लिए विहित समय-सीमा को बढ़ाते हुए 30 नवम्बर, 2021 किया जाना, सामान्य रूप से प्रचलन के कारण कर का भुगतान नहीं किये जाने अथवा कम किये जाने की स्थिति में वसूली से छूट दिया जाना, वित्तीय वर्ष 2024-25 से आगे की अवधि के लिए कर निर्धारण हेतु नये सेक्शन का प्रावधान, जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर करने हेतु प्रि-डिपोजिट की राशि में कमी किया जाना शामिल हैं। विधेयक प्रारूप के माध्यम से जीएसटी की शुरूआती वर्षों के लिए करदाताओं को राहत देने हेतु एमनेस्टी स्कीम (माफी स्कीम) का प्रावधान है, जिसमें कर की राशि का पूरा भुगतान किये जाने की स्थिति में ब्याज एवं पेनाल्टी से पूरी तरह से छूट दिया जाना प्रस्तावित है।

# मनोज भारती जी का नागरिक अभिनंदन समारोह



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखंड के खिरहर गांव में जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष (कई देशों में भारत के राजदूत रह चुके) मनोज भारती जी का नागरिक अभिनंदन समारोह हुआ। मधवापुर प्रखंड के पूर्व प्रमुख सह जन सुराज प्रदेश समिति सदस्य श्रीरत्नेश्वर ठाकुर के नेतृत्व में समारोह का आयोजन किया गया। जन सुराज हरलाखी के प्रखंड अध्यक्ष रामानंद प्रसाद के प्रस्ताव पर कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पंचायत समिति सदस्य शशांक शेखर और संचालन डॉ. मनोज झा ने किया। नेतृत्वकर्ता रत्नेश्वर ठाकुर ने मिथिला संस्कृति के अनुसार पाग चादर व माला पहना कर किया। मंचासीन विशिष्ट अतिथियों को सभाध्यक्ष शशांक ने सम्मानित किया। भारत नेपाल मैत्री संघ के अध्यक्ष केके मिश्रा ने मंगलाचरण व रजनी ठाकुर ने स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की।

# भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने संविधान दिवस पर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि विद्यार्थियों के पैदल मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**पटना, 26 नवंबर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज संविधान गौरव दिवस के मौके पर पटना हाईकोर्ट परिसर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब को नमन करते हुए संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कहा कि हमारा संविधान-हमारा गौरव है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है जो कि संविधान सभा के अध्यक्ष थे। संविधान सभी नागरिकों को मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की गारंटी देने के साथ सरकार और उसके कार्यों की रूपरेखा स्थापित करता है।उन्होंने संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर के सपने को पूरा करने में लगी है। बिहार भाजपा अगले दो महीने तक संविधान गौरव महोत्सव मनाएगी और बाबा साहेब ने जो संविधान दिया है, उनको लेकर लोगों के बीच जाएगी।इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित विद्यार्थियों के पैदल मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# नगरा थाना अंतर्गत हत्याकांड के 02 नामजद अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

## दोनों अभियुक्तों ने कांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकारा

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

दिनांक- 25.11.24 को नगरा थाना को सूचना प्राप्त हुई कि आपसी विवाद को लेकर 02 व्यक्ति द्वारा एक 13 वर्षीय बालक की हत्या कर उसके शव को खेत में फेंक दिया गया है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगरा थाना द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल छपरा भेजा गया। इस सन्दर्भ में मृतक के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर दो अभियुक्तों के विरुद्ध नगरा थाना कांड संख्या-137/24 दिनांक-26.11.24 धारा-61(2)/103(1) इठर दर्ज किया गया` कांड के त्वरित अनुसन्धान हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर- 1 के नेतृत्व में रक्ळ टीम गठित कर अनुसन्धान प्रारंभ किया गया` अनुसन्धान के क्रम में प्राप्त आसूचना के आधार पर दोनों



नामजद अभियुक्त 1. सचिन कुमार, पिता- स्व० शैलेश साह, 2. शिव कुमार, पिता- बलिराम साह दोनों ग्राम- नवलपुर, थाना- नगरा, जिला- सारण को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।> गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पताः-1. सचिन कुमार, पिता- स्व० शैलेश साह, ग्राम- नवलपुर, थाना- नगरा, जिला- सारण`

2. शिव कुमार, पिता- बलिराम साह, ग्राम- नवलपुर, थाना- नगरा, जिला- सारण`

> छापामारी दल में शामिल सदस्यः-

1. श्री राजकिशोर सिंह अपर पुलिस अधीक्षक-सह- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर- 1`

2. पु०नि० किरण शंकर, सदर अंचल`

# मधनिषेध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मधुबनी के एसपी सुशील कुमार को किया गया सम्मानित



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो .अबु बकर सिद्दीकी**

मधनिषेध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मधुबनी के एसपी सुशील कुमार को किया गया सम्मानितअधिवेशन सिंचाई भवन पटना में मंत्री मध निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग बिहार सरकार रत्नेश सदा, डीजीपी आलोक राज के द्वारा नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर मध निषेध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मधुबनी के तेज तर्रार एसपी सुशील कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। बता दें कि मधुबनी जिलें के लिए आज का यह दिन काफी हर्ष और गौरव का विषय है।विदित हो कि एसपी सुशील कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं नियंत्रण में मद्यनिषेध विभाग, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम आपस में समन्वय एवं सहयोग के आधार पर बड़े पैमाने पर शराब को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। विभागीय निर्देश के आलोक में समय-समय पर थाने और उत्पाद विभाग में जब्त शराब को नष्ट भी किया जाता रहा है। शराबबंदी कानून लागू होने के पश्चात बड़े पैमाने पर वाहनों को पकड़ा गया है तथा बाद में नीलामी भी की गई है और उससे सरकारी राजस्व भी प्राप्त हुआ है। सीमावर्ती जिले होने के कारण चुनौती भी काफी रहती है जिसे चेक पोस्ट आदि के माध्यम से निगरानी किया जाता रहा है। सभी चेक पोस्ट पर सीसीटीवी से नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। मधुबनी एसपी सुशील कुमार को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान प्राप्त होने पर अधिकारियों एवं मधुबनी जिला वासियों ने बधाई प्रेषित किया है।

# नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जिला में कई कार्यक्रम आयोजित मधुबनी जिला मुख्यालय में प्रभातफेरी का भी हुआ आयोजन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जिले में कई कार्यक्रम आयोजित।

जिला मुख्यालय में प्रभातफेरी का भी हुआ आयोजनजिलधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर प्रभातफेरी को किया रवाना।

पटना में आयोजित कार्यक्रम का मिथिला चित्रकला संस्थान के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय में कार्यक्रम में हुआ सीधा प्रसारण।

पटना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मधनिषेध अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, उत्पाद अधीक्षक विजय कांत ठाकुर को किया गया सम्मानित।विद्यालयो में निबंध लेखन, चित्रकला, वादविवाद



प्रतियोगिता का हुआ आयोजन।

नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिला मुख्यालय में सुबह 7 बजे प्रभातफेरी का आयोजन किया गया, जिसे जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रभात फेरी वॉटसन स्कूल से निकल कर रेलवे स्टेशन के सामने से गुजरती हुई बाटा चौक होते हुए वापस नगर भवन तक पंहुची।प्रभात फेरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति से संबंधित नारा लगाकर लोगों को जागरूक किया गया।नशा छोड़ो ,बोतल तोड़ो, घर को जोड़ो।जन-जन का यही पुकार ,नशा मुक्त हो बिहार। मद्य निषेध हितकारी है, बिटिया की बात प्यारी है ।। नशा मुक्ति से आई खुशहाली, दूर होगी सबकी बदहाली । गृह क्लेश और मार पिटाई, अब तो छोड़ो यह नशे की लत भाई ।

उक्त प्रभात फेरी कार्यक्रम में कई सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर शहर भर में जागरूकता फैलाई गई । उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता शैलेश कुमार, डीडीसी दिपेश कुमार, एसडीसी सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब हो कि जिले में शरबन्दी एवं नशामुक्ति अभियान को प्रभावकारी रूप से लागू करने को लेकर लगातार गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन कार्यालय एवं मधुबनी प्रशासन द्वारा इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी नजर आने लगे है।

# *मधुबनी मे संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

'संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने प्रस्तावना पढ़कर लिया संकल्प हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभियक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवंबर, 1949ई0 को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है।*उपरोक्त संकल्प संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने समाहरणालय के पास बाबा साहब अम्बेडकर मूर्ति के पास आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ,कर्मियों आदि को दिलाई। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पूरे देश की जनता का पर्व है। देश के हर नागरिक के लिए यह गर्व का दिन है। देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम लोग इस उत्सव को पूरे उत्साह एवं जोश के साथ मनाएं। देश के आजाद होने के बाद हर भारतीय नागरिक संविधान द्वारा उसे दिये गये मौलिक अधिकारों का आनंद लेते आ रहा है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बेनीपुर उपकार का किया निरीक्षण

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा) :- जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा के सचिव रंजन देव ने बेनीपुर उपकारा का निरीक्षण कर बंदियों से विधिक सेवाओं के संबंध में पूछ-ताछ किया।

सचिव श्री देव ने महिला वार्ड एवं तरुण वार्ड सहित सभी वार्डों के बंदियों से उनके रहन-सहन, खान-पान एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली।

उन्होंने बंदियों से कहा कि प्रत्येक काराधीन बंदियों को निःशुल्क विधिक सेवा मुहैया कराने का प्रावधान है। साथ ही इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जेल परिसर में जेल लीगल एड क्लिनिक खुला हुआ है।



कोई भी बंदी क्लिनिक में प्रतिनियुक्त पारा विधिक स्वयंसेवक एवं पैनल अधिवक्ता से मिलकर निःशुल्क विधिक सलाह अथवा सेवा का लाभ ले सकते हैं।

प्राधिकार सचिव श्री देव ने जेल लीगल एड क्लिनिक के पंजियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने पाकशाला, जेल अस्पताल आदि का भी निरीक्षण किया।

मौके पर जेलर रत्नेश कुमार राय, डॉ. सलमान रजा, सहायक मुन्ना दास, पीएलवी नितीश कुमार राम आदि मौजूद थे।

# 6वीं साकिब रिजवी मेमोरियल कैंसर अवेयरनेस मैराथनः सतत विकास और महिला सुरक्षा के लिए एक प्रेरणादायक पहल

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मुंबई, 1 दिसंबर 2024ःहजारों प्रतिभागियों के साथ, 6वीं साकिब रिजवी मेमोरियल कैंसर अवेयरनेस मैराथन का आयोजन 1 दिसंबर 2024 को मुंबई के एमएमआरडीए, जी8 ग्राउंड, बीकेसी में किया जाएगा। इस बार का आयोजन न केवल कैंसर जागरूकता बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरणीय स्थिरता और महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी केंद्रित रहेगा।
थीमः "गो ग्रीन, प्लास्टिक-
इस वर्ष की मैराथन का विषय "गो ग्रीन, प्लास्टिक-फ्री" है, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेगा। साथ ही, इस आयोजन में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा। मैराथन के दौरान जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।
कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएंः




रूमी केयर ऐप का शुभारंभः
इस अत्याधुनिक ऐप के माध्यम से प्रतिभागियों को रियल-टाइम रेस ट्रैकिंग, इमरजेंसी कार्ड फंक्शनालिटी और प्लास्टिक मुक्त प्रयासों की निगरानी जैसी सुविधाएं मिलेंगी।
उत्साहजनक वॉर्म-अप सत्रः
कार्यक्रम की शुरूआत एक ऊजार्वान वॉर्म-अप सत्र से होगी।
लाइव परफॉर्मेंस और पुरस्कार वितरणः
पूरे दिन लाइव परफॉर्मेंस, जागरूकता अभियान और विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।
विशेष अतिथियों की उपस्थितिः
इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल होंगेःअरबाज खान, जागरूकता का संदेश देने वाले कार्यक्रम के चेहरे के रूप में।
ओलंपिक एथलीट अक्षय खोत, ब्रांड एंबेसडर के रूप में।
कई देशों के काउंसल जनरल, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, डॉक्टर्स, और कैंसर से लड़ चुके योद्धा।
कार्यक्रम का समयःपंजीकरणः सुबह 4:30 बजे
फ्लैग-ऑफः सुबह 5:30 बजे
समुदाय को एकजुट करने का प्रयासः
साकिब रिजवी मेमोरियल कैंसर अवेयरनेस मैराथन का उद्देश्य कैंसर के खिलाफ लड़ाई और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों ने सभी से इस पहल में शामिल होने और एक स्वस्थ, समान भविष्य के निर्माण में योगदान देने की अपील की है।
लाइव स्ट्रीमिंगः
यह आयोजन यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा, जिससे दुनिया भर के लोग इसमें वर्चुअली हिस्सा ले सकेंगे।
संपर्क करेंः
भागीदारी और अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागियों से रूमी केयर ऐप डाउनलोड करने और इमरजेंसी कार्ड सक्रिय करने का अनुरोध किया गया है। साकिब रिजवी मेमोरियल कैंसर अवेयरनेस मैराथन समाज के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता का प्रतीक बन गया है। आइए, इस आंदोलन का हिस्सा बनें और बदलाव के लिए कदम उठाएं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए वाटसन स्कूल के सेमिनार हॉल में 28 नवंबर को 11 बजे से स्क्रीनिंग निर्धारित



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

*? 01 एवं 02 दिसंबर 2024 को वाटसन स्कूल मधुबनी में आयोजित होने वाले मधुबनी महोत्सव एवं जिला स्थापना दिवस के अवसर पर दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए वाटसन स्कूल के सेमिनार हॉल में 28 नवंबर को 11 बजे से स्क्रीनिंग निर्धारित की गई है। बताते चलें कि उक्त अवसर पर सुगम संगीत, वाद्य वादन, लघु नाटक, लोकगीत, लोक संगीत, भक्ति गीत एवं नृत्य आदि विधा में कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिसमें जिले के कोई भी युवा युवती शामिल हो सकते हैं। इसमें विभिन्न स्कूलों के साथ साथ विवेच्य विधाओं से जुड़े संस्थाओं के एकल अथवा समूह कलाकार भी शामिल हो सकते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, मधुबनी अश्वनी कुमार ने बताया कि स्क्रीनिंग का आयोजन जिले के प्रतिभावान और उत्तम कलाकारों को प्रस्तुति के मौके प्रदान करने को लेकर किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने को लेकर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निदेर्शानुरूप तैयारियां जोरो पर हैं।

# जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की हुई बैठक



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

दरभंगा) :- समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी, दरभंगा श्री राजीव रौशन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी किसानों को सही मूल्य पर उर्वरक मिले,किसानों को उर्वरक लेने में कोई कठिनाई न हो,सभी दुकानदार अपने स्टॉक और निर्धारित दर का प्रदर्शित करें। जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को उर्वरक दुकानों पर लगातार छापेमारी जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान पदाधिकारी किसानों से बात करेंगे कि उर्वरक उचित मूल्य पर मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि जो डीलर निर्धारित दर से अधिक पर उर्वरक की बिक्री करेंगे उन पर तत्काल विधि संवत कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने किसानों से अनुरोध किया कि जो अभी गेहूं की बुआई अभी नहीं करेंगे,वे उर्वरक को स्टॉक करके न रखें ताकि जो किसान अभी खेती कर रहे है,वे आसानी उर्वरक ले सके। उन्होंने किसान जरूरत से ज्यादा उर्वरक का प्रयोग न करें इसकी जानकारी किसान सलाहकार को देने को कहा। अत्यधिक उर्वरक के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति धीरे-धीरे प्रभावित हो जाती है। किसान संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें जिसमें न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहे एवं फसल की गुणवत्ता भी बेहतर हो सके। उन्होंने प्रखंड कृषि कार्यालय में कितना उर्वरक उपलब्ध है उसका बोर्ड लगाने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 14833.12 मीट्रिक यूरिया दरभंगा जिला को प्राप्त हुआ है। वहीं डी.ए.पी. 3667.30 मैट्रिक टन,एमओपी 1986.95 मैट्रिक टन, एन.पी.के.एस 6614.80 मैट्रिक टन तथा एस.एस.पी. 1026.55 मैट्रिक टन उर्वरक दरभंगा जिला को प्राप्त हुआ है।

# डीएम की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की हुई बैठक



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा) :- समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी दरभंगा श्री राजीव रौशन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई।

बैठक में विद्यालय निरीक्षण,पीएम पोषण योजना पायलट प्रोजेक्ट, ई-शिक्षा कोष पर शिक्षकों की उपस्थिति, ई-शिक्षा कोष पर छात्रों की इंट्री, यू-डायस पोर्टल पर इंट्री, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, ई-शिक्षा कोष पर एफएलएन टैग, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और असैनिक निर्माण कार्य आदि बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा किया गया।

जिलाधिकारी ने आधारभूत संरचना में लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पुरा कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही ई शिक्षा कोष पोर्टल पर, आधार की सीडिंग किया जाना है, शतप्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया।

जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को औचक निरीक्षण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।
शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति ई-शिक्षाकोष पर सुनिश्चित करेंगे।

सरकारी/निजी विद्यालय/मदरसा/संस्कृत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का ई-शिक्षा कोष पर शत-प्रतिशत इन्ट्री कराना सुनिश्चित करेंगें।

प्रखंड अंतर्गत चिन्हित विद्यालयों में क्रियाशील प्रत्येक आधार पंजीयन केन्द्र पर आधार कार्ड प्रतिदिन बनवाना सुनिश्चित करेंगें।

के.जी.बी.भी में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने का निदेश तथा पीएम श्री योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कराना है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव,शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विधालयों के निरीक्षण हेतु प्राप्त निदेश के आलोक में तैयार निरीक्षण रोस्टर के अनुसार विद्यालयों का शत-प्रतिशत निरीक्षण कराते हुए ई-शिक्षा कोष पर अपलोड कराने का निदेश दिया गया।

साथ ही जिन कर्मियों/पदाधिकारियों के द्वारा निरीक्षण कार्य में अभिरुचि नहीं ली जाती है, वैसे कर्मियों/पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार विभागीय कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।
जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में बनने वाले अतिरिक्त कक्ष की संख्या 242 है, जिसको लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण सभी कनीय अभियंता को स्पष्टीकरण पूछते हुए वेतन बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2024 तक सभी विद्यालयों में शौचालय का निर्माण पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिले में निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों 15% एवं सरकारी विद्यालयों में 85% अध्ययन करते है सभी विद्यार्थियों का विशेष अभियान चला कर आधार कार्ड बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। बिना आधार कार्ड के विद्यार्थियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की लाभ नहीं मिलेगी।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री समर बहादुर सिंह द्वारा बताया कि शिक्षण व्यवस्था में सुधार हेतु जिनमें आधारभूत संरचना (विद्यालय भवन, बेंच-डेस्क की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, विद्युत व्यवस्था), शिक्षण व्यवस्था (सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता एवं पाठ्यक्रम के अनुरुप ही शिक्षण कार्य हो/बच्चों को शिक्षा दी जाय /संगीत, कला, शिल्पकला, खेल-कूद/कमजोर बच्चों के लिए ब्रिज क्लासेज (मिशन दक्ष), शनिवार को सुरक्षित शनिवार का आयोजन/गृह कार्य का मूल्यांकन/सभी विषयों के पाठ्यक्रम (सिलेबस) पूरा करना/कम्प्यूटर शिक्षा/प्रयोगशाला के उपकरण का उपयोग, शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति आदि शामिल है।

बैठक में उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, डीपीओ शिक्षा एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त डायरी

### बाइक सवार दंपति नीलगाय की टक्कर से घायल



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक में बाइक और नीलगाय की टक्कर से घायल हालत में दंपति को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल सिवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव निवासी उमेश कुमार सिंह और उनकी पत्नी पुनम देवी हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के बारे में बताया गया है कि बाइक पर सवार होकर दर्जी के पास जा रहें थे कि गलिमापुर में नीलगाय के अचानक सड़क पर आ जाने से बाइक की टक्कर हो गई।

### पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ चलाया नशा मुक्ति अभियान

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के राजकीय मध्य विद्यालय सेमरी में समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विधालय के छात्र छात्राओं को नशा मुक्त समाज बनाने में जागरूक किया जा रहा है जिससे नशा का कारोबार रुक सके, साथ ही नशा मुक्ति समाज भी बन सके। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने छात्र छात्राओं से कहा कि आप सभी अपने अपने घरो में पापा समेत अन्य को बताएं कि नशा परिवार के लिए खतरनाक है। इससे जान भी जा सकती है उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के सामाजिक आर्थिक और शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है यदि आने वाले पीढ़ी को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जाए तो इसके सार्थक परिणाम आ सकते हैं बच्चों को नशे से शारीरिक नुकसान, गलत संगति दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने बताया हर बच्चे के परिवार का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों को समय-समय पर देखभाल करते रहे और बच्चों की बदलती आदतों का ध्यान रखें, इसी अभियान के तहत स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे होने वाले अपराधों के संबंध में भी अवगत कराया और नशा मुक्त समाज के लिए संकल्पित भी किया।

था और नौकरी की तैयारी करता था मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि वह बाइक से अपने गांव से ब्रह्मपुर बाजार किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान रामगढ़ गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। रामगढ़ के ही एक व्यक्ति ने फोन कर सूचना परिजनों को दी। परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में छोटा था।

### कश्मीर पर कोई आंख दिखाएगा तो फोड़ देंगे



**कैमूर।** के मोहनिया प्रखंड के बघीनी पहुंचे बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। यह भारत का था, है और रहेगा। अगर किसी ने हाथ उठाया उसका हाथ तोड़ दिया जाएगा और आंख दिखाई तो आंख फोड़ दी जाएगी पहले कुछ राजनीतिक दल के लोग पाकिस्तान की भाषा बोलते थे, लेकिन ऐसा होने नहीं दिया जाएगा। कश्मीर में भले ही किसी की सरकार हो, लेकिन भारत का यह अभिन्न अंग है और रहेगा। मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि कश्मीर में जो भी हिंदू पंडितों के घर पर बुलडोजर चलाने की बात है, उसमें बहुत ज्यादा पता नहीं है, लेकिन इतना पता चला है कि वह कोर्ट के आदेश पर हुआ है। जबरदस्ती बुलडोजर चलने की बात की जानकारी नहीं मिली है कहा कि कश्मीर भारत का दिल है, भारत के जिगर का टुकड़ा है। शासन करने वाले कश्मीर में कोई भी हो, उससे मतलब नहीं है। एक लोग थे जो कहते थे कि पाक अधिकृत कश्मीर पाकिस्तान का है, पाकिस्तान के वचन बोलने वाले और बोलने वाले प्रवक्ता में कोई अंतर नहीं लगा, लेकिन हमारे नेता ने कहा कि कश्मीर भारत के जिगर का टुकड़ा है और रहेगा। इसको कोई छूने या आंख दिखाने की हिम्मत करेगा तो उसका हम लोग आंख फोड़ लेंगे। कश्मीर भारत का था भारत का है और भारत का रहेगा।

## सहरसा में 7 साल की बच्ची से रेप

**सहरसा।** जिले के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर में एक सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना रविवार की देर शाम साढ़े सात बजे के बाद की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ आलोक कुमार, बैजनाथपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बच्ची घर में अकेली थी। माता अपनी बहन के घर पिपरा गई हुई थी। पिता शाम में ठेला चला कर घर आया और खाना खा कर खेत की तरफ चला गया था। इसी का फायदा उठा कर पड़ोस के खेत के मालिक ने घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। इधर,



मामला सामने आने के बाद बच्ची को इलाज के लिए बैजनाथपुर पुलिस सदर अस्पताल लाया। एसपी के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी धीरेंद्र पांडे, मुख्यालय डीएसपी कमलेश सिंह, महिला थानाध्यक्ष दोली रानी सहित अन्य मौके पर पहुंच कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। लड़की के पिता ने बताया कि युवक का खेत उसके घर के बगल में हैं। अक्सर वह घर खाली करने का धमकी देता था।

# प्रशांत किशोर बोले- बिहार एक फेल स्टेट है

## गृह युद्ध झेल रहे सूडान से की तुलना; जेडीयू ने बताया उपचुनाव में हार की बौखलाहट

**पटना।** जनसुराज पार्टी के संरक्षक प्रशांत किशोर ने बिहार को फेल स्टेट बताया है। प्रशांत किशोर रविवार को अमेरिका में प्रवासी बिहारी मंच को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'बिहार विकास के हर मापदंड पर फेल है। इसलिए यह एक फेल स्टेट है। इतना ही नहीं उन्होंने बिहार की तुलना गृह युद्ध से जूझ रहे सूडान से भी की। पीके ने कहा, 'कभी-कभी मैं सोचता हूं कि सूडान में 20 साल से गृहयुद्ध क्यों छिड़ा है। क्यों वहां लोग लड़ रहे हैं। जब आप असफल राज्य में होते हैं तो लोगों को इस बात की चिंता नहीं होती है कि हमारे बच्चे सूडान में कैसे पढ़ेंगे। उन्हें इस बात की चिंता होती है कि किसे गोली मारनी है और किसे कहां पकड़ना है। बिहार में भी सूडान जैसी ही स्थिति है। यहां विकास की बातें तो होती हैं, लेकिन विकास नहीं हो पाता है।'
अपने संबोधन में प्रशांत किशोर ने प्रवासियों से कहा कि 'वे अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को कॉल कर बिहार में जनसुराज को समर्थन करने के लिए कहें।' पीके के इस बयान ने बिहार की सियासत में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। राजद ने पीके पर पलटवार करते हुए कहा कि 'प्रशांत किशोर को बिहार की राजनीति की समझ नहीं है।' वहीं, जेडीयू ने उपचुनाव में हार मिलने के बाद प्रशांत किशोर की बौखलाहट बताया है। जेडीयू ने कहा, 'उपचुनाव में बिहार की जनता ने उन्हें फेल कर दिया है।'



डराने के बदले सच्चाई बता रहा हूं अमेरिका में बिहारी प्रवासी को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा, 'मैं उन्हें डराने की कोशिश नहीं कर रहा, बल्कि उन्हें जमीनी हकीकत से रूबरू करा रहा हूं।' पीके ने अपने संबोधन में शराब पर प्रतिबंध को हटाने की भी बातें कहीं। प्रशांत किशोर के बयान पर आरजेडी प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा, 'उपचुनाव में जो नतीजे आए हैं। वह साबित करते हैं कि प्रशांत किशोर को बिहार की राजनीति की समझ नहीं है। बिहार को फेल्ड स्टेट बताकर उन्होंने बिहार के लोगों के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश की है।' 'वे हार और बिहार के लोगों को अपमानित कर रहे हैं। अगर बोलना है तो उस पार्टी के बारे में बोलिए जिसे केंद्र की सत्ता दिलाने में आपने मदद की थी।' वहीं, जदयू प्रवक्ता अरविंद निषाद ने प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कहा, 'बिहार की जनता ने उपचुनाव में पीके को नकारा दिया है। उन्हें फेल साबित किया है। इसके बाद प्रशांत किशोर बौखलाहट में हैं। इस वजह से ऐसे बयान दे रहे हैं। जनता वोट की चोट से वे फेल हो गए हैं, इसलिए बिहार को फेल बता रहे हैं। अरविंद निषाद ने कहा, 'प्रशांत किशोर ने शराबबंदी को खत्म करना चाहते हैं।

# गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया हर शेयर पर देगी 35 रुपए का डिविडेंड

**- बीते एक साल में कंपनी का शेयर 173 फीसदी का रिटर्न दे चुका है**

**नई दिल्ली ।**

विश्व की जानी मानी सिगरेट बनाने वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया रेड स्क्वायर, रेड एंड व्हाइट, कैवेंडर्स, स्टेलर और फोकस जैसे ब्रांड नाम से सिगरेट बनाती है। अब कंपनी ने बड़ा ऐलान किया है। सिगरेट और तंबाकू प्रोडक्ट्स बेचने वाली यह कंपनी अपने शेयरहोल्डर्स को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 35 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड देने वाली है। डिविडेंड का ऐलान कंपनी के बोर्ड की हाल ही में हुई मीटिंग के बाद किया था। अंतरिम डिविडेंड को लेकर शेयरहोल्डर्स की पात्रता तय करने के लिए रिकॉर्ड डेट 29 नवंबर है। इस तारीख तक जिन शेयरधारकों के नाम शेयरों के लाभार्थी मालिकों के तौर पर रजिस्टर ऑफ मेंबर्स ऑफ द कंपनी या डिपॉजिटरीज के रिकॉर्ड्स में होंगे, वे डिविडेंड पाने के हकदार होंगे। गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया का कहना है कि वह पात्र शेयरहोल्डर्स को डिविडेंड का भुगतान 19 नवंबर की तारीख से शुरू होने वाली 30 दिन की अवधि में कर देगी। यह कंपनी मोदी एंटरप्राइजेज-केके मोदी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी है। यह भारत की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनियों में शामिल है। गॉडफ्रे शेयर एक मल्टीबैगर स्टॉक है। एक साल में इस शेयर ने निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। बीते एक साल में शेयर 173 फीसदी का रिटर्न दे चुका है। वहीं एक सप्ताह




में कीमत 8 फीसदी गिरावट आई है। कंपनी के शेयर की कीमत पिछले शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 5,623 रुपये पर बंद हुई। कंपनी का मार्केट कैप 29200 करोड़ रुपये है।

# इतिहास में अब तक के सबसे अमीर शख्स हुए एलन मस्क

**-334.3 अरब डॉलर की संपत्ति के हो गए हैं मालिक**

**सैन फ्रांसिस्को।**

राजा-महाराजाओं को पीछे छोडते हुए मशहूर उदयोगपति एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स हो गए है। अमेरिका की टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक और कीर्तिमान रच दिया है। एलन मस्क इतिहास में अब तक के सबसे अमीर शख्स हो गए हैं।

फोर्ब्स के अनुसार, वह अब 334.3 अरब डॉलर की संपत्ति के मालिक हो गए हैं। एलन मस्क की नेटवर्थ में तेजी का कारण टेस्ला के शेयरों में आया तगड़ा उछाल है। माना जा रहा है कि यूएस के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई ऐसी नीतियां लागू करेंगे जो व्यवसायियों को समर्थन देंगी। यह बात जगजाहिर है कि ट्रंप और मस्क के बीच काफी अच्छे संबंध हैं।

इसलिए बाजार को उम्मीद है कि उन नीतियों का सीधा प्रभाव टेस्ला पर सकारात्मक रूप से पड़ेगा। इसी उम्मीद में टेस्ला के शेयरों में रैली देखी जा रही है। टेस्ला के शेयर यूएस में राष्ट्रपति चुनाव की शुरुआत से अब तक 40 फीसदी तक चढ़ चुके हैं। इसमें शुक्रवार को शेयरों में आया 3.8 फीसदी का उछाल भी शामिल है। शुक्रवार को टेस्ला के शेयर 352.56 डॉलर पर पहुंच गए। यह टेस्ला के स्टॉक्स की 3 साल की सर्वाधिक वैल्यू है। नतीजतन, मस्क की वेल्थ में 7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और उनकी नेटवर्थ 320.3 अरब डॉलर से आगे निकल गई। नवंबर 2021 में उनकी नेटवर्थ 320 अरब डॉलर हुई थी जो इससे पहले तक उनकी सर्वाधिक नेटवर्थ थी। मस्क की नेटवर्थ का एक बड़ा हिस्सा टेस्ला में उनकी 13 फीसदी हिस्सेदारी और 9 फीसदी इक्विटी अवॉर्ड की वजह से आता है।एलन मस्क ने राष्ट्रपति चुनाव में खुलकर डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया।

उन्होंने ट्रंप के कैंपेन में 10 करोड़ डॉलर का योगदान भी दिया।

# सीएनजी के दाम 4 रुपए प्रति किलो तक बढ़े

**- एनसीआर के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों में सीएनजी की कीमत बढ़ी**




**नई दिल्ली ।**

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। सीएनजी की कीमतों में 1.5 रुपये से 4 रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी की घोषणा कंपनी ने की है। आईजीएल ने इस मूल्य वृद्धि से दिल्ली को दूर रखा है, वहीं एनसीआर के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों में सीएनजी की कीमत में इजाफा किया है।

कीमतों में हुई इस बढ़ोतरी से आईजीएल के ऑपरेशन वाले लगभग 30 फीसदी क्षेत्रों पर असर पड़ने की उम्मीद है। कंपनी की कुल सीएनजी खपत का 70 फीसदी हिस्सा दिल्ली से आता है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव, करनाल और कैथल में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की है। राजस्थान के अजमेर, पाली और राजसमंद में 1.5 रुपये प्रति किलो की वृद्धि की है। मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, महोबा, बांदा और चित्रकूट में आईजीएल ने सीएनती का भाव 3 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाया है। मुंबई में पहले ही सीएनजी की कीमतें बढ़ चुकी हैं। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने मुंबई में सीएनजी की कीमतें 2 रुपये प्रतिकिलोग्राम बढ़ाकर 75 रुपये प्रति किलो से 77 रुपये कर दिया है। आईजीएल और एमजीएल ने सीएनजी के भाव सरकार के 16 नवंबर से पुरानी गैस फील्ड से मिलने वाली सस्ती प्राकृतिक गैस की सप्लाई में 20 फीसदी की कटौती करने के बाद की है।

इससे पहले 16 अक्टूबर को भी सप्लाई में 21 फीसदी की कटौती की गई थी। इन कटौतियों के बाद आईजीएल, एमजीएल और अडानी टोटल गैस जैसी गैस कंपनियों ने अपनी प्रॉफिटेबिलिटी पर असर पड़ने की आशंका जताई थी।

# देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ीं

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 75.14 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।**




कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से सोमवार को देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी दिख रही है। सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार को सुबह जारी रेट में बदलाव किया है और दिल्ली के आसपास के शहरों में भी भाव बदल गए हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जहां तेल के दाम बढ़े हैं तो पास के गाजियाबाद और गुरुग्राम जिले में तेल सस्ता हो गया है। हालांकि, दिल्ली सहित देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 11 पैसे महंगा होकर 94.98 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 12 पैसे चढ़ा और 88.13 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 12 पैसे गिरकर 94.53 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 14 पैसे टूटकर 87.61 रुपये लीटर बिक रहा है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 15 पैसे सस्ता हो गया और 95.02 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 14 पैसे फिसलकर 87.88 रुपये लीटर हो गया है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी मामूली बदलाव हुआ है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 75.14 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी थोड़ा चढ़कर 71.23 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.98 रुपये और डीजल 88.13 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.53 रुपये और डीजल 87.61 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 95.02 रुपये और डीजल 87.88 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# अदाणी समूह ने अपनी पोर्टफोलियो कंपनियों के वित्तीय और ऋण विवरण जारी किए

**- अदाणी समूह की कंपनियों ने बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के कारोबार में निवेश को बढ़ावा दिया**

**नई दिल्ली ।**

गौतम अदाणी के समूह ने निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने सोमवार को अपनी पोर्टफोलियो कंपनियों के वित्तीय और ऋण विवरण जारी किए। इस घोषणा के माध्यम से कंपनी ने अपने मजबूत मुनाफे और नकदी प्रवाह की बढ़त को दर्शाया। अदाणी समूह के कंपनियों ने बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के कारोबार में निवेश को बढ़ावा दिया है। कंपनी के अनुसार वे अब अपनी विकास की गति को बनाए रख सकते हैं बिना ऋण पर निर्भर होने की दरकार। हाल ही में गौतम अदाणी और दो अन्य अधिकारियों के खिलाफ अमेरिकी अदालत में सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप है। समूह की कुल संपत्ति में इक्विटी का योगदान करीब दो तिहाई है, जो पांच साल पहले की तुलना में काफी अलग है। समूह ने पिछले 12 महीनों में करीब 75,227 करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि कुल कर्ज में सिर्फ 16,882 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। अदाणी समूह ने अपने निवेशकों के साथ एक नोट भी साझा किया है, जिसमें कहा गया है कि वे कम से कम 12 महीनों के लिए सभी ऋण सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त तरलता रखते हैं। अदाणी समूह की लिक्विडिटी से जुड़े एक नोट में कहा गया है कि उनके पास 53,024 करोड़ रुपये की नकदी है, जो इसके कुल सकल बकाया ऋण का 21 प्रतिशत है।

समूह ने अगले 10 वर्षों में 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने की योजना बनाई है और उनकी लाभदायकता में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए धारिता की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है।

# नेपाल का व्यापार घाटा 460 अरब के पार

**काठमांडू ।**

नेपाल का व्यापार घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले चार माह में 460 अरब रुपये से अधिक हो गया है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के अनुसार नेपाल ने चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान 513.38 अरब रुपये के सामान का आयात किया, जबकि निर्यात केवल 52.67 अरब रुपये तक ही रहा। विभाग के अनुसार नेपाल ने चार महीनों में कुल 566.5 अरब रुपये के विदेशी व्यापार में 460.71 अरब रुपये का व्यापार घाटा देखा। आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में आयात 0.17 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निर्यात में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में नेपाल का भारत के साथ व्यापार घाटा 281 अरब रुपये को पार कर गया है। इस अवधि के दौरान नेपाल ने भारत से करीब 317 अरब रुपये का सामान आयात किया, जबकि उसने भारत को सिर्फ 36 अरब रुपये का सामान निर्यात किया। इन चार महीनों में नेपाल ने 29.4 अरब रुपये का डीजल, 21.56 अरब रुपये का पेट्रोल और 18.85 अरब रुपये का एलपीजी आयात किया।



# भारत और नॉर्वे के बीच टेपा समझौते पर हुई चर्चा

**- व्यापारिक संबंधों को और प्रगति देने की योजना बनाई**

**नई दिल्ली ।** भारत के वाणिज्य सचिव सुनील भार्थवाल ने हाल ही में नॉर्वे का दौरा किया। उनका यह दौरा भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ ईएफटीए देशों के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टेपा) लागू करने में तेजी लाने और 100 अरब डॉलर के निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से था। भार्थवाल का नॉर्वे दौरा भारत और ईएफटीए देशों के बीच टेपा समझौते को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए था। इस समझौते के तहत, भारत को ईएफटीए देशों के बाजारों में अपने उत्पादों और सेवाओं के निर्यात के लिए 99.6 प्रतिशत बाजार का अधिकार मिलेगा। इसमें गैर-कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों पर महत्वपूर्ण टैक्स छूट दी जाएगी। भारत ने ईएफटीए देशों को 82.7 प्रतिशत अपनी टैक्स लाइनों की पेशकश की है, जो ईएफटीए के निर्यात का 95.3 प्रतिशत हिस्सा कवर करता है। भारत ने ईएफटीए के लिए 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है, जबकि नॉर्वे ने 114 क्षेत्रों में प्रतिबद्धता की है। भार्थवाल ने नॉर्वे में टॉमस नॉर्वोल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इन बैठकों में मुख्य रूप से व्यापार संबंधों को बढ़ावा देना भारतीय निर्यात को प्रोत्साहन देना, और टेपा के अनुमोदन में तेजी लाने के मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा वाणिज्य सचिव ने नॉर्वेजियन संसद के सदस्यों से भी मुलाकात की और समझौते के संभावित लाभों पर जोर दिया।

# सोलरवर्ल्ड एनर्जी ने आईपीओ से पहले जुटाए 110 करोड़

**नई दिल्ली ।** सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस ने वैल्यूक्रेस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स सहित कई निवेशकों से आईपीओ से पहले करीब 110 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके साथ ही कंपनी के निर्धारित आईपीओ के नए निर्गम घटक को पहले अनुमानित 550 करोड़ रुपये से घटाकर 440 करोड़ रुपये कर दिया गया है। सौर ऊर्जा समाधान प्रदाता ने पिछले सप्ताह सार्वजनिक घोषणा में कहा कि उसने हाल ही में निवेशकों को 352.05 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 31.24 लाख शेयर आवंटित किए हैं, जिससे लेनदेन का कुल आकार 109.99 करोड़ रुपये हो गया। सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण सेवाओं में विशेषज्ञता रखती है।

# सोना और चांदी के भाव में नरमी

**- सोने का भाव 76,600 रुपए, चांदी 89,500 रुपए के करीब**

**नई दिल्ली ।** इस सप्ताह की शुरुआत में सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत में नरमी देखी जा रही है। सोमवार को दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 76,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सुस्त शुरुआत के बाद सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 616 रुपये की गिरावट के साथ 77,000 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 1,043 रुपये की गिरावट के साथ 76,573 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 435 रुपये की गिरावट के साथ 90,333 रुपये पर खुला। इस समय यह 1,345 रुपये की गिरावट के साथ 89,423 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,716.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,712.20 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 41.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,671.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.40 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.33 डॉलर था। इस समय यह 0.50 डॉलर की गिरावट के साथ 30.83 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# अमेरिकी चुनाव के परिणाम ने बढ़ाई बिटकॉइन की चमक

**2011 में जिस निवेशक ने 100 रुपये लगाया आज वह है 1.65 करोड़ का मालिक**



**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम आने के बाद दुनिया भर में क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की चर्चा में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इलेक्शन रिजल्ट्स के बाद से ही बिटकॉइन की कीमत में जोरदार उछाल देखा जा रहा है। साल 2011 को जब बिटकॉइन की कीमत केवल 1 डॉलर थी, यह क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ने वाले एक निवेशक ने सिर्फ 100 रुपये निवेश किए थे, जिसका वर्तमान मूल्य लगभग 1.65 करोड़ रुपये है. बिटकॉइन का सफर साल 2009 में शुरू हुआ था और आज साल 2024 में इसकी कीमत 1 करोड़ रुपये के आसपास पहुंच चुकी है। 24 नवंबर को बिटकॉइन की कीमत 97,654.9 डॉलर (लगभग 82.43 लाख रुपये) थी। इस चौंकाने वाली बढ़ोतरी के साथ बिटकॉइन ने महामारी के समय में भी दिखाया कि यह एक सुरक्षित निवेश हो सकता है। साल 2020 में जब दुनिया में महामारी, लॉकडाउन और आर्थिक संकट थे, तब इस क्रिप्टोकरेंसी की कीमत में 400 फीसदी तक की वृद्धि देखने को मिली। साल 2021 में भी बिटकॉइन ने नए उच्चांक स्थापित किए और आई जनवरी में कीमत 40,000 डॉलर पर पहुंची और अप्रैल तक 60,000 डॉलर के पार पहुंच गई। माना जा रहा है कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति ने बिटकॉइन के समर्थन में वादा किया था, जिसके बाद से बिटकॉइन की कीमत में 40 फीसदी तक की वृद्धि आई है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 992 , निफ्टी 314 अंक ऊपर आया**

**निवेशकों को 7 लाख करोड़ रुपये का लाभ**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। इसके अलावा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी भाजपा गठबंधन की जीत से भी निवेशकों का भरोसा बना है जिससे बाजार को बल मिला। इससे एक ही दिन में 7 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। आज कारोबार के दौरान रिलायंस, एचडीएफसी बैंक के शेयर भी ऊपर आये।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 1.25 फीसदी तकरीबन 992.74 अंक बढ़कर 80,109.85 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.32 फीसदी तकरीबन 314.65 अंक ऊपर आकर 24,221.90 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 43 के शेयर लाभ पर बंद हुए आज कारोबार के दौरानप सेंसेक्स की कंपनियों में एलएंडटी का शेयर 4 फीसदी से अधिक ऊपर आया। वहीं भारतीय स्टेट बैंक, अदानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए। वहीं दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मारुति, एशियन पेंट्स और एचसीएल टेक के शेयर फिसलकर बंद हुए।




इससे पहले आज सुबह बाजार में भारी तेजी देखी गई। बाजार खुलते ही सेंसेक्स 1200 से ज्यादा अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी 24,300 के पार पहुंच गया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत से निवेशकों की धारणा को बढ़ावा मिला है। सेंसेक्स उछाल के साथ 80,193 अंक पर खुला और सुबह के कारोबार में 80,452 के हाईएस्ट लेवल को छू गया। इंट्राडे में सेंसेक्स में 1,355 अंक की बढ़त दर्ज की गई। इसी तरह निफ्टी-50 भी जोरदार उछाल के साथ 24,253.55 अंक पर खुला और ओपनिंग बेल के कुछ ही मिनटों के भीतर 24,330 के इंट्राडे हाई को छू लिया। इस दौरान निफ्टी में 400 से ज्यादा अंक तक उछाल आया।

# धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति के खाते से गायब हुए 2.6 लाख वापस करे बैंक: हाईकोर्ट

**- हर्जाने के रूप में याचिकाकर्ता को 25,000 रुपये का भुगतान भी करे**

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को निर्देश दिया है कि वह साइबर धोखाधड़ी के शिकार 55 वर्षीय व्यक्ति के खाते से गायब हुए 2.6 लाख रुपये वापस करे। यह मामला 2021 में सामने आया था, जब याचिकाकर्ता एक फिशिंग और विशिंग हमले का शिकार हुआ। अदालत ने यह भी आदेश दिया है कि बैंक उक्त राशि पर 9 फीसदी वार्षिक ब्याज और हर्जाने के रूप में याचिकाकर्ता को 25,000 रुपये का भुगतान करे। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने अपने फैसले में भारतीय स्टेट बैंक को स्पष्ट सेवा कमी का दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी की सूचना मिलने के बावजूद बैंक की प्रतिक्रिया ढीली, दोषपूर्ण और समय पर नहीं थी। अदालत ने कहा कि बैंक को ग्राहक के साथ एजेंट की तरह व्यवहार करते हुए उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और धोखाधड़ी का पता लगते ही तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उसने अपराधियों के साथ कोई ओटीपी साझा नहीं किया था, फिर भी उसके खाते से राशि निकाल ली गई। न्यायमूर्ति ने कहा कि बैंक ने संदिग्ध खातों को चार्जबैक, पुनर्प्राप्ति या फ्रीज करने जैसे कदम उठाने में लापरवाही बरती। अदालत ने विशेष रूप से एसबीआई की आलोचना करते हुए कहा कि उसने आईडीएफसी बैंक और वन97 कम्युनिकेशन में रखे गए खातों पर भी कोई



कार्रवाई नहीं की। न्यायालय ने कहा कि ग्राहक सेवा किसी भी बैंक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, खासकर धोखाधड़ी के मामलों में। इस मामले में बैंक का रवैया गंभीर रूप से असंतोषजनक और गंभीर सेवा कमी का उदाहरण था। अदालत के इस आदेश से साइबर धोखाधड़ी से पीड़ित लोगों को न्याय पाने की उम्मीद जगी है।

# दरवाजा टूटने वाला है... फिर से! सीआईडी.. मैं दया की वापसी

**मुंबई :** दो दशकों से दर्शकों के दिलों को उत्साह और उत्सुकता से भरने वाले दिग्गज कलाकारों - शिवाजी साटम (एसीपी प्रद्युमन), दयानंद शेट्टी (दया) और आदित्य श्रीवास्तव (अभिजीत) को वापस लाते हुए, प्रतिष्ठित सीआईडी 21 दिसंबर को सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर धमाकेदार वापसी करने के लिए तैयार है, और



यह हर शनिवार और रविवार को रात 10 बजे प्रसारित होगा। फैंस इस रोमांचक वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दया का किरदार निभाने वाले दयानंद शेट्टी ने कहा, कुछ किरदार लोगों के दिलो-दिमाग में बस जाते हैं, और दया उनमें से एक है। जिसने दया को इतना लोकप्रिय किरदार बनाया है - अब कुछ और दरवाजे तोड़ने, साथ ही कुछ और मामलों को सुलझाने का समय आ गया है!

# भाजपा के हिंदुत्व पर भारी पड़ा झारखंड मुक्ति मोर्चा का आदिवासी कार्ड



कुमार कृष्णन

**इस चुनाव में हाल के वर्षों में राजनीति व पूंजीपतियों के नये उभरे समीकरण के चलते इस क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। इस बार भाजपा पूरे जोश के साथ झारखंड का चुनाव जीतने के लिये वैसी ही आमादा दिखी, जैसी वह छत्तीसगढ़ और ओडिशा में थी जहां उसने जीत दर्ज करने के लिये सारे पैंतरे लगाये और सफलता पायी थी। झारखंड में आदिवासी वोट निर्णायक होते हैं। झारखंड में एक तिहाई से ज्यादा (28) अनुसूचित जनजाति सीटें हैं। आबादी का 26 फीसदी हिस्सा आदिवासी है। 21सीटों में आदिवासियों की आबादी कम से कम एक लाख है। इन सीटों पर झामुमो की अच्छी पकड़ है। भाजपा इसे तोड़ने में सफल नहीं रही।**



वनाच्छादित, खनिज संपदा से भरपूर और आदिवासी बहुल झारखंड के अब तक के राजनीतिक इतिहास में यह पहला मौका है, जब जनता ने लगातार दूसरी बार किसी दल को सत्तासीन होने का जनादेश दिया है। यहां इंडिया गठबंधन ने 81 सीटों में से 56 सीटें जीतीं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 24 सीटों पर सिमट गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सबसे अधिक सीटें (34) हासिल कीं, जबकि कांग्रेस ने 16, राष्ट्रीय जनता दल ने 4 और सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीतीं। वहीं, दूसरी तरफ तीन सीट के नुकसान के साथ भाजपा ने 21, दो के नुकसान के साथ एजेएसयू ने एक सीट हासिल की। पहली बार एक सीट जेडीयू के खाते में गई। इनके अन्य सहयोगियों को भी दो सीटों का नुकसान हुआ, उन्हें केवल एक सीट मिली। वहीं, पिछले विधानसभा चुनाव यानी 2019 में झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30, भाजपा को 25, कांग्रेस को 16, जेवीएम को तीन तथा एजेएसयू को दो और आरजेडी को एक सीट मिली थी। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं। 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

इस चुनाव में हाल के वर्षों में राजनीति व पूंजीपतियों के नये उभरे समीकरण के चलते इस क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। इस बार भाजपा पूरे जोश के साथ झारखंड का चुनाव जीतने के लिये वैसी ही आमादा दिखी, जैसी वह छत्तीसगढ़ और ओडिशा में थी जहां उसने जीत दर्ज करने के लिये सारे पैंतरे लगाये और सफलता पायी थी। झारखंड में आदिवासी वोट निर्णायक होते हैं। झारखंड में एक तिहाई से ज्यादा (28) अनुसूचित जनजाति सीटें हैं। आबादी का 26 फीसदी हिस्सा आदिवासी है। 21सीटों में आदिवासियों की आबादी कम से कम एक लाख है। इन सीटों पर झामुमो की अच्छी पकड़ है। भाजपा इसे तोड़ने में सफल नहीं रही। इस बार झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह, अमित शाह ने 16, योगी आदित्यनाथ ने 14 सभाएं कीं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने तो झारखंड में ही डेरा डाल रखा था।

भाजपा के कई धुरंधर नेताओं ने झारखंड में धुआंधार प्रचार किया। संथाल परगना क्षेत्र में घुसपैठ को लेकर भाजपा काफी आक्रामक रही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तो यहां तक कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाइए, घुसपैठियों को उल्टा लटका देंगे। उन्होंने घुसपैठियों को ही झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस का वोट बैंक बताया। जमशेदपुर में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वोट और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने चंपई सोरेन और सीता सोरेन के अपमान को आदिवासियों का अपमान बताया।

भाजपा ने ‡बंटोगे तो कटोगे‡ का नारा देकर घुसपैठ की चर्चा करते हुए हिंदुत्व कार्ड खेला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए नारे बंटोगे तो कटोगे को भाजपा के नेताओं ने इस चुनाव में खूब उछाला। यह नारा बीजेपी के लिए नुकसानदेह ही साबित हुआ। वहीं, इंडिया गठबंधन की तरफ से राहुल गांधी की छह सभाओं के अलावा लगभग पूरा जोर हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने ही लगाया। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने स्टार प्रचारक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, उन्होंनें पचीस दिनों तक यहां कैंप कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में धुआँधार प्रचार किया, तो हेमंत सोरेन ने पूरी ईमानदारी से गठबंधन धर्म का पालन किया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी योजनाओं की चर्चा के साथ आदिवासी कार्ड खेला। झारखंड मुक्ति मोर्चा का आदिवासी कार्ड भाजपा के हिंदुत्व कार्ड पर भारी पड़ गया। आदिवासियों का भरोसा गुरुजी शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन पर ही रहा। झारखंड में हेमंत सोरेन के पक्ष में सहानुभूति भी काफी प्रभावी रहा। हेमंत सोरेन अपने चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह संदेश देने की कोशिश करते रहे कि आदिवासी चेहरे को कुचलने के लिए किस तरह उन्हें गलत तरीके से जेल में डाला गया। इसमें वे कामयाब भी रहे। कई विधानसभा सीट पर 40 प्रतिशत से अधिक आदिवासी मतदाता हैं। वे एकजुट होकर उनके पक्ष में खड़े हो गए।

हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सामने आईं और जहां-जहां गईं, वहां उन्होंने पति के साथ ज्यादती की बात समझाने की कोशिश की। चुनाव प्रचार के दौरान मंईयां सम्मान योजना की राशि दो हजार से बढ़ाकर प्रतिमाह 2, 500 रुपये करने की चर्चा भी उन्होंने खूब की। कल्पना ने सरना धर्म कोड की भी बात की और यह भी कहा कि बीजेपी ने नेता बाहर के हैं, वे हमारी भाषा-संस्कृति तक नहीं जानते। ये भला हमारे लिए क्या नीतियां बनाएंगे। अपने सहज व सरल अंदाज से खासकर महिलाओं से संवाद करने में वे सफल रहीं। वे गांडेय सीट से चुनी गई हैं। महिलाओं की कल्याणकारी योजनाओं का भी असर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में गया। बेरोजगार महिलाओं के लिए मासिक सहायता, स्कूली लड़कियों को मुफ्त साइकिल, अकेली महिलाओं को नकद सहायता जैसी योजनाओं ने आदिवासी और कमजोर वर्ग की महिलाओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा के पाले में लाने का काम तो किया ही, इसके साथ मंईयां सम्मान योजना ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं को सालाना 12, 000 रुपये देने वाली इस योजना तथा सर्वजन पेंशन योजना ने हेमंत के पक्ष में संजीवनी का काम किया। फिलहाल झारखंड की करीब पचास लाख से अधिक महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत 2, 000 रुपये प्रतिमाह की मदद दी जा रही है। चुनाव के पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस राशि को बढ़ाकर 2, 500 रुपये कर दिया था। जबकि, गोगो दीदी योजना के तहत भाजपा ने 2, 100 रुपये प्रतिमाह देने का वायदा किया था। बिजली बिल माफ करना भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए फायदेमंद साबित हुआ। सरकार बनने पर आरक्षण का दायरा बढ़ाने का भी वादा किया गया।

आदिवासियों की भाजपा से नाराजगी की कई वजहें रहीं। पहली यह कि वे जानते हैं कि भाजपा की नजरें यहां की खनिज-सम्पन्न जमीनों और जंगलों पर हैं जिन्हें वह अपने कारोबारी मित्रों को देना चाहती है। फिर, जब यहां भाजपा शासन था और रघुबर दास मुख्यमंत्री थे, उस दौरान 2016 में छोटा नागपुर किरायेदारी अधिनियम और संथाल परगना अधिनियम में बदलाव की कोशिशें की गयीं जिनका सीधा नुकसान आदिवासियों को होने वाला था। सितंबर 2012 में बनी झारखंड सरकार की ऊर्जा नीति अक्टूबर 2016 में बदल दी गई।

इसके प्रावधानों में मामूली संशोधन किए गए और रघुवर दास की कैबिनेट ने उस पर मुहर लगा दी। इससे पहले झारखंड की भाजपा सरकार ने कोई सर्वे नहीं कराया और न किसी विशेषज्ञ कमेटी ने उसे ऐसा करने की सलाह दी। उस समय पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड विकास मोर्चा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने अपनी ऊर्जा नीति एक समूह को फायदा पहुंचाने के लिए बदल दी। ‡सरकार ने कई स्तरों पर गड़बड़ी की, न केवल ऊर्जा नीति बदली बल्कि जमीन की कीमत के निर्धारण, जनसुनवाई और पर्यावरण सुनवाई में भी फजीर्वाड़ा किया गया। एनटीपीसी, डीवीसी (दामोदर घाटी निगम) और नेशनल ग्रिड से तो सरकार बिजली खरीदती ही है। अदाणी समूह के झारखंड से बाहर स्थित प्लांट से 400 मेगावॉट बिजली खरीदने से भी सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ेगा। ये भाजपा के नकारात्मक पक्ष थे।

चुनाव में आदिवासियों के वोट लेने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह समेत सारी भाजपा उन्हें यह कहकर डराती रही कि कांग्रेस-झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार आई तो उनकी जमीनें ह्यघुसपैठियेह्न हड़प लेंगे। यह डर झारखंड के साथ पश्चिम बंगाल के आदिवासियों को भी दिखाया जाता रहा। भाजपा के अनुसार ये बांग्लादेशी घुसपैठिये होंगे। उसका दावा है कि भाजपा की सरकार बनी तो आदिवासियों की जमीनों को हड़पने से रोकने के लिये कानून लाया जायेगा; जबकि आदिवासी जानते हैं कि उपरोक्त उल्लिखित दोनों अधिनियम इस मामले में पर्याप्त सक्षम है इसलिये इन इलाकों में भाजपा की सभाएं भी फीकी रहीं।

घुसपैठ का डर दिखाकर भाजपा साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का पुराना खेला कर रही थी ताकि हिन्दू-मुस्लिम कार्ड खेला जा सके, तो वहीं वह आदिवासियों को हिन्दू बतलाकर उसे वैमनस्य के खेल में एक पार्टी बना रही है। अमित शाह ने सरायकेला विधानसभा के आदित्यपुर की सभा में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा -कांग्रेस की सरकार आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देने जा रही है। ह्न उनके अनुसार भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। चंपई सोरेन के प्रति सम्मान दिखाकर आदिवासियों के वोट पाने का भी प्रयास भाजपा ने किया तभी तो शाह कह रहे थे कि ह्यझारखंड मुक्ति मोर्चा ने चंपई सोरेन का अपमान किया है।

यहां धुव्रीकरण की कोशिशों के साथ साथ अब केन्द्रीय जांच एजेंसियों की छापेमारी भी हुई। झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता गणेश चौधरी पर आयकर का जो छापा पड़ा बकौल कल्पना सोरेन ह्यचंपई सोरेन के इशारे पर हो रहा है। ह्न रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह में ये छापे मारे गये जिसका मकसद झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े लोगों को डराना था। सोरेन सरकार में मंत्री मिथिलेश ठाकुर, उनके भाई विनय और सचिव हरेन्द्र सिंह के ठिकानों पर अक्टूबर के मध्य में ही ईडी द्वारा छापेमारी हुई थी। इसके बावजूद हेमंत सोरेन के पक्ष में सहानुभूति लहर रही जिन्हें जेल में डालना यहां के लोगों के लिये ह्यझारखंडी अस्मिता पर हमलाह्न था। स्पष्टतः भाजपा एक तरफ आदिवासियों को मुस्लिमों का डर दिखाकर वोट लेना चाहती थी, तो वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा नेताओं को छापों से डराकर चुनाव जीतने के हथकंडे अपनाए, जो नाकाम रहे।

जिस संथाल परगना क्षेत्र के लिए बंटोगे तो कटोगे का नारा गढ़ा गया, वहां की 18 सीट में से केवल एक जरमुंडी सीट बीजेपी जीत पाई। हिंदू वोटरों को एकजुट करने के लिए दिए गए इस नारे ने मुस्लिमों का ध्रुवीकरण कर दिया और उन्होंने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर दिया।

ह्यमाटी पुत्रों की पार्टीह्न वाली छवि के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का इस पर बोलबाला है। वर्ष 2000 में बिहार से अलग होकर बने इस प्रदेश का प्रारम्भिक इतिहास राजनैतिक अस्थिरता तथा व्यापक भ्रष्टाचार का रहा लेकिन पिछले 5 वर्षों के दौरान हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री के रूप में न केवल स्थिरता दी बल्कि जमीनी स्तर पर भी जमकर काम किया। आदिवासियों के उत्थान हेतु वे बतौर मुख्यमंत्री बेहद सक्रिय रहे। राज्य के सर्वांगीण विकास के अलावा वे जल, जंगल व जमीन पर स्थानीयों के हकों की लड़ाई लड़ते रहे। इसलिये वे भाजपा की आंखों में खटकते रहे। उन्होंने इस राज्य में भाजपा का ह्यऑपरेशन लोटसह्न नाकाम कर दिया। कथित जमीन घोटाले में जब उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से छापे डलवाकर कई माह तक जेलों की सलाखों के पीछे डाल दिया गया था, तब उनकी जगह पर बिठाये गये चंपई सोरेन के जरिये भाजपा ने सरकार गिराने की कोशिश की। जेल से बाहर आने पर जब उन्होंने अपना पद वापस सम्हाला तो चंपई सोरेन ने अपने कथित अपमान से नाराज होकर दल छोड़ दिया। फिर वे भाजपा में चले गये जहां हेमंत की भाभी सीता सोरेन पहले से आ चुकी थीं। इनके जरिये सरकार गिराने की भाजपायी कोशिशें भी नाकाम रहीं।

हेमंत सोरेन की यह जीत आदिवासीयत की एक बहुत बड़ी जीत है। उनके खिलाफ इडी, सीबीआई, मोदी, शाह, शिवराज, हेमंता, योगी सहित न जाने कितने दिग्गज नेता लगे थे। अब इस बड़ी जीत को हेमंत सोरेन को भरपूर सम्मान देना होगा, जनता की आकांक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना होगा और भाजपा को इस हार को विनम्रता से स्वीकार करना होगा।

## संपादकीय

### उकसावे की राजनीति

पश्चिमी उप्र के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा और तीन लोगों की मौत वाकई चिंता की बात है। पुलिस के आंसू गैस के गोले छोड़ने व लाठी चार्ज के बावजूद उग्र भीड़.ने कई गाड़ियों को फूंक ड़ाला तथा पुलिस बल पर पथराव किया। इसमें पुलिस वालों समेत तकरीबन बीस लोग घायल भी हो गए। ज्ञात है कि स्थानीय अदालत के आदेश के बाद जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का काम शुरू किया गया था। स्थानीय मंदिर के महंत का दावा है कि जिस जगह जामा मस्जिद है, वहां पहले हरिहर मंदिर था। उसी याचिका पर अदालत ने वीड़ियो व फोटोग्राफी समेत रिपोर्ट जमा कराने का आदेश दिया था। पथराव के आरोप में दो महिलाओं समेत पंद्रह लोगों को हिरासत में लिया गया। मामले में याचिकाकर्ता के वकील ही वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में भी वकील हैं। इससे समझा जा सकता है, इन लोगों की मंशा लंबी कानूनी लड़ाई की है। हालांकि इन लोगों का दावा है कि सर्वे का काम पूरा हो चुका है। दूसरे, सर्वे के दौरान मस्जिद कमेटी के सदस्यों समेत उनके वकील भी मौजूद थे। घटना से पहली रात में सारा सर्वे शांतिपूर्ण निपट चुका था। स्थानीय अधिकारियों को अंदेशा है, भीड़.किसी उकसावे के बाद जमा हुई। यह मस्जिद कब बनी, इसे लेकर भी विवाद है। इतिहासकारों के अनुसार इसकी मरम्मत का काम बाबर द्वारा कराया गया था। क्योंकि इसकी निर्माण शैली मुगलकालीन नहीं है। संभावनाएं हैं कि यह तुगलक काल में बनी हो। फिलहाल यह संरक्षित इमारत पुरातत्व सर्वे की निगरानी में है पर यह विवादित स्थल है। कुछ समय पहले हिन्दू समुदाय यहां जबरन पूजा करने भी जा चुका है, परंतु पहली बार मामला अदालत में ले जाने को राजनीतिक विवाद बनाकर सुर्खियां समेटने का काम अधिक लगता है। मस्जिद के सामने की तरफ हिन्दू तो पिछवाड़े. मुसलमानों की बस्ती है। जहां हमेशा नियमित नमाज पढ़ी जाती रही है। मामूली विवाद बने रहने के बावजूद कभी इस तरह का कोई तनाव नहीं हुआ। अयोध्या में विवादित स्थान पर मंदिर बनने के बाद से राजनीतिक लाभ के लोभ में इसे फॉमूले के तौर पर प्रयोग किए जाने की मंशा अधिक लग रही है। राज्य सरकार या विपक्ष को यह शोभा नहीं देता। शांति-व्यवस्था बनाए रखने और सभी नागरिकों को सुरक्षा देने का जिम्मा निभाने में उसे कोताही नहीं बरतनी चाहिए। इस तरह के धार्मिक विवादों से देश की छवि बिगड़ती है।



### सूक्ति

विजयी व्यक्ति स्वभाव से, बहिर्मुखी होता है। पराजय व्यक्ति को अन्तर्मुखी बनाती है। – प्रेमचंद

जो कर्म छोड़ता है वह गिरता है, कर्म करते हुए भी जो उसका फल छोड़ता है वह चढ़ता है। – महात्मा गांधी

## पाकिस्तान में इमरान के लिए प्रदर्शन और राजनीतिक संकट



डॉ हिदायत अहमद खान

पाकिस्तान में राजनीतिक संकट खड़ा हो जाना आश्चर्यजनक बात नहीं है। फिलहाल दुनियां में जिस तरह की उथल-पुथल मची हुई है, उस स्थिति में पाकिस्तानी आवाम का सड़कों पर उतर आना वाकई चिंता की बात है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा किए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। हिंसक प्रदर्शन के बीच करीब 6 लोगों की मौत होने की भी खबर है। यह प्रदर्शन देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों समेत अमेरिका तक को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पड़ोसी देश इसलिए चिंतित होते हैं क्योंकि पाकिस्तान में हिंसा होने के बाद सीमा पर घुसपैठ जारी हो जाती है। इससे निपटने के लिए सीमा पर अलर्ट रहना होता है। बहरहाल पाकिस्तान में इमरान समर्थक बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को असरकारी बनाने के लिए इस्लामाबाद कूच किया, इससे हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि पति की रिहाई तक इस्लामाबाद में जमी रहेंगी। इससे जनता और सरकार में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इसके चलते शहबाज सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर प्रदर्शनकारियों को हद में रहने का संदेश दे दिया है। रेड जोन एरिया में प्रधानमंत्री आवास, संसद और दूतावास समेत महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों को शामिल किया गया है। पाकिस्तानी सेना की तैनाती कर दी गई है और सरकार ने आदेश जारी किया है कि अगर किसी प्रदर्शनकारी को रेड जोन के अंदर देखा गया तो उसे गोली मार दी जाएगी। खास बात यह है कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान करीब 30,000 से ज्यादा इमरान समर्थक राजधानी में मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने की वजह से कई स्थानों पर झड़पें भी हुई हैं, और इसमें जहां करीब आधा दर्जन लोगों के मारे जाने की खबर है तो वहीं एक पुलिसकर्मी की मौत की भी खबर आई है। ऐसे में कब स्थिति विस्फोटक हो जाए कहा नहीं जा सकता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल से ही रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल के अंदर से ही 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के लिए करो या मरो का आह्वान किया था। इसी के साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। उन्होंने 26वें संशोधन को तानाशाही शासन को बढ़ावा देने वाला बताया। इस समय इमरान के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी भी ठहरा दिया गया है, जबकि कुछ मामलों में सुनवाई जारी है। ऐसे में जारी विरोध प्रदर्शनों का पाकिस्तान के सियासी हलके में खासा असर देखने को मिल रहा है। फिलहाल प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य इमरान की रिहाई है, लेकिन कब यह वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाने वाला बन जाए कहा नहीं जा सकता है। यही वजह है कि पंजाब और इस्लामाबाद में पुलिस ने पीटीआई के 3500 से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई का प्रदर्शन पर उल्टा ही असर पड़ा है। यही वजह है कि गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखे हुए हैं। प्रभावी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए अब अमेरिका ने भी पाकिस्तान सरकार को नसीहत देनी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट कहा है कि पाकिस्तान में प्रदर्शन करने वालों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। बात साफ है कि जब प्रदर्शन शांतिमय ढंग से हो रहा है तो उन पर जोर-जबरदस्ती करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि सरकार को चाहिए कि वह प्रदर्शनकारियों से बात-चीत के रास्ते खोले, जैसा कि अमेरिका ने पाकिस्तान से अपील की है।

## मुद्दा : प्रदूषण से चाहिए मुक्ति



रजनीश कपूर

जब भी कभी हम विदेशों की सड़कें और राजमार्गों पर फरार्टे से दौड़तीं गाड़ियों को देखते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि हमारे देश में ऐसे दृश्य कब दिखेंगे। आजादी के इतने दशकों बाद भी हमारे देश की सड़कों के हाल बेहाल है। राजनैतिक दल सत्ता में आते-जाते रहते हैं पर इन बुनियादी सुविधाओं पर किसी भी दल का ध्यान नहीं जाता, लेकिन बीते कुछ वर्षों में सड़कों व राजमार्गों के बनने में तेजी अवश्य आई है। वो अलग बात है कि चुनावी घोषणाओं के दबाव में और जल्दबाजी में इन सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। राजनैतिक दल कोई भी हो राजमार्ग बनाने की जल्दी में किसी ने भी राजमार्गों पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए, जबकि विदेशों में राजमार्गों पर होने वाले हादसों के प्रति वहां की सरकारी और नागरिक काफी संवेदनशील हैं। दो वर्ष पहले जब मशहूर उद्योगपति साइरस मिस्त्री की एक सड़क हादसे में मृत्यु हुई थी तो सड़क नियमों को लेकर काफी चर्चा हुई। इस हादसे के पीछे कई कारण बताए गए, जैसे की तेज गति, हादसे की जगह सड़क का कम चौड़ा होना, आदि। परंतु बुनियादी सवाल यह है कि किसी अमीर व्यक्ति द्वारा चलाई जाने वाली महंगी लग्जरी कार हो या किसी मामूली ट्रक या बस ड्राइवर द्वारा चलाए जाने वाला साधारण वाहन, क्या वाहन चलाने वाले और परिवहन नियम लागू करने वाले अपने-अपने काम के प्रति जिम्मेदार हैं? क्या ये कहना गलत नहीं होगा कि हमारे देश में सड़क सुरक्षा और परिवहन के नियम और कानून दोनों ही काफी लचर हैं। यही कारण है कि भारत में सड़क दुर्घटनाएं और देशों की तुलना में काफी ज्यादा होती हैं? यदि कानून की बात करें तो हमारे देश के कानून इतने लचर हैं कि सड़क दुर्घटना में यदि किसी की मृत्यु भी हो जाती है तो वाहन चालक को बड़ी आसानी से जमानत भी मिल जाती है। ज्यादातर ट्रक व बस ड्राइवरों को भी इस बात का पता है कि उन्हें कड़ी सजा नहीं मिलेगी। सड़क नियम और कानून को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी केवल ट्रैफिक पुलिस की नहीं होनी चाहिए। इनको लागू करने के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाने चाहिए। होता यह है कि देश भर में सड़क व यातायात नियमों के लिए केवल साल में एक ही बार ऐसे अभियान चलाए जाते हैं। यदि ऐसे जागरूकता अभियान महीने में एक बार चलाए जाएं तो ड्राइवरों और आम जनता के बीच जानकारी सही से पहुंचेगी। वे जागरूक होंगे और नियम तोड़ने से पहले कई बार सोचेंगे। इसके साथ ही कानून में भी कड़ी सजा के प्रावधान होने चाहिए जिससे कि सभी के बीच एक संदेश जाए कि यदि सड़क और यातायात नियमों को अनदेखा किया या उन्हें तोड़ा तो उसका परिणाम महंगा पड़ेगा। कड़े कानून लागू होने की बात करें तो होता यह है कि कई सड़कों पर और राजमार्गों पर कुछ निर्धारित स्थानों पर स्पीड चेक करने वाले कैमरे लगे होते हैं। इनकी जानकारी वहां से नियमित रूप से निकालने वाले ड्राइवरों को पहले से ही होती है। इसलिए वे उस जगह पर अपनी गाड़ी को नियंत्रित गति से चलाते हैं। ऐसे में दुर्घटनाएं टल तो जाती हैं परंतु जैसे ही वो कैमरे की दृष्टि से दूर होते हैं, वैसे ही गाड़ी के एक्सलेरेटर को जोर से दबा देते हैं। मतलब यह हुआ कि केवल चालान से बचने की नीयत से ही वे गाड़ी को निर्धारित गति से चलाते हैं, जबकि यह तथ्य जगजाहरि है कि यदि आप अपनी गाड़ी को नियंत्रित गति से चलाते हैं तो न सिर्फ दुर्घटना टलती है बल्कि ईंधन भी कम खर्च होता है।

सरकार और ट्रैफिक पुलिस को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि जो कैमरे तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों का चालान करते हैं, उनसे अधिक काम भी लिया जा सकता है। स्पीड कैमरे की तकनीक की बात करें तो उसमें लगे रेडार से एक सिग्नल जाता है जो केवल तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ी की ही फोटो खींचते हैं। यदि इसी तकनीक में थोड़ा सा सुधार किया जाए तो वही कैमरा कई ट्रैफिक उल्लंघनों की फोटो भी खींच सकता है। ये सब बातें मैं इसलिए कह रहा हूं कि जब आज से कुछ वर्ष पहले मैं लंदन की यात्रा पर था तो वहां मेरे स्थानीय मित्र ने गाड़ी को राजमार्ग पर लाने से पहले चश्मा लगा लिया। मेरे पूछने पर उन्होंने बताया कि, 'मेरी गाड़ी और ड्राइविंग लाइसेंस पर जो फोटो लगी है उसमें मैंने मामूली नंबर का नजर का चश्मा पहना हुआ है। यदि मैं बिना चश्मे के गाड़ी चलाऊंगा तो मेरा चालान हो जाएगा।' उनका मतलब यह था कि जगह-जगह लगे कैमरे हर पहलू को पकड़ लेते हैं। आज के सूचना प्रौद्योगिकी के युग में एक से बढ़कर एक गुणवत्ता वाले कैमरे उपलब्ध हैं जो इन सभी पहलुओं को पकड़ सकते हैं। जरूरत केवल सही सोच और पहल करने की इच्छा की है। देखना यह है कि हमारे देश में ऐसे बदलाव कब होंगे? केवल चुनावी घोषणाओं के चलते नये-नये राजमार्ग खोलने से कुछ नहीं होगा। सड़क और यातायात नियमों को सख्ती से लागू भी किया जाए। शायद तभी हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# कॉकटेल 2 में मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं शाहिद कपूर

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म देवा को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। इस बीच साल 2012 में रिलीज हुई सफल फिल्म कॉकटेल के सीक्वल में उनके जुड़ने की चर्चा काफी तेज हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैफ अली खान की फिल्म कॉकटले का सीक्वल बनाया जाने वाला है, जिसमें शाहिद कपूर को मुख्य भूमिका में लिए जाने की बात कही जा रही है।

सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी अभिनीत कॉकटेल, जो व्यावसायिक रूप से काफी सफल रही थी। इसके निर्देशन, साउंडट्रैक और कलाकारों के शानदार अभिनय के लिए इसकी प्रशंसा की गई थी। अब, अगर रिपोर्ट्स पर विश्वास किया जाए, तो रोमांटिक कॉमेडी का सीक्वल बनने वाला है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि कॉकटेल 2 एक शहरी रोमांटिक कॉमेडी होगी, जिसमें प्यार और दोस्ती को दिखाया जाएगा। कहा जा रहा है कि निर्माता दिनेश विजान एक मनोरंजक प्रेम कहानी बनाना चाहते हैं, जो युवा दर्शकों को पसंद आए।

## शाहिद को पसंद आई है कहानी

एक रिपोर्ट के अनुसार, कॉकटेल 2 पर मैडॉक फिल्म्स काम कर रही है। कथित तौर पर फिल्म में शाहिद कपूर मुख्य भूमिका निभाएंगे। होमी अदजानिया एक बार फिर से फिल्म का निर्देशन करेंगे, जिन्होंने साल 2012 की मूल फिल्म कॉकटेल का निर्देशन किया था। रिपोर्ट के मुताबिक शाहिद को फिल्म की कहानी काफी पसंद आई है। अगर ये रिपोर्ट सच साबित होती हैं, तो शाहिद कपूर विशाल भारद्वाज की एक्शन थ्रिलर देवा को खत्म करने के बाद ही कॉकटेल 2 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं।

## मैडॉक फिल्म्स के साथ शाहिद कर चुके हैं काम

पीपिंग मून की रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद कपूर ने अभी तक फिल्म साइन नहीं की है, लेकिन उन्होंने मौखिक रूप से फिल्म के लिए हामी भर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, कॉकटेल 2 का निर्माण साल 2025 के मध्य में शुरू होने वाला है। ऐसा हुआ, तो कॉकटेल 2 शाहिद की मैडॉक फिल्म्स के साथ तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के बाद दूसरी फिल्म होगी। कुछ रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि होमी अदजानिया और दिनेश विजान कुछ वर्षों से 'कॉकटेल' के सीक्वल पर विचार कर रहे हैं।



# नॉर्थ-साउथ फिल्मों की डिबेट पर तमन्ना का बड़ा बयान

**तमन्ना भाटिया को बतौर अभिनेत्री एक बड़ा मुकाम दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनय करके मिला। बाद में वह हिंदी फिल्मों का भी हिस्सा बनीं। वह दोनों ही फिल्म इंडस्ट्री की फिल्मों में लंबे समय से अभिनय कर रही हैं। उनकी कई हिंदी और साउथ की फिल्में हिट भी हुई हैं। हाल ही में तमन्ना से एक इंटरव्यू में नॉर्थ और साउथ इंडियन फिल्मों की डिबेट के बारे में सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि लंबे समय से एक विवाद बना हुआ कि हिंदी की फिल्में बेहतर हैं या साउथ की फिल्में अच्छी बनती हैं। दर्शक भी इस मामले में दो हिस्सों में बंटे हुए नजर आते हैं। इस सवाल के जवाब में तमन्ना ने बहुत ही अच्छा जवाब दिया। क्या कहना है तमन्ना भाटिया क्या नॉर्थ और साउथ इंडियन फिल्मों की डिबेट पर।**

## मतभेद खत्म करने की बात की

हालिया दिए अपने एक इंटरव्यू में तमन्ना भाटिया कहती हैं, अब वक्त आ गया है कि हम इन दोनों इंडस्ट्रीज में मतभेद पैदा करना बंद करें। नॉर्थ और साउथ इंडस्ट्री को साथ मिलकर चलना चाहिए और एक पैन इंडिया फिल्म बनानी चाहिए। वह यह भी कहती हैं कि इन दोनों इंडस्ट्रीज को एक-दूसरे के खिलाफ खेलना बंद करना चाहिए। यह सब लंबे समय से हो रहा है और इस कारण काफी नुकसान भी हुआ है। अब दक्षिण और उत्तर भारत वाली फिल्मों की बहस को खत्म किया जाना चाहिए।

## सिकंदर का मुकद्दर को लेकर उत्साहित

नेटफ्लिक्स पर जल्द ही तमन्ना भाटिया की फिल्म सिकंदर का मुकद्दर रिलीज होगी। इसमें उनके साथ अभिनेता अविनाश तिवारी और जिमी शेरगिल भी नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर वह काफी खुश हैं। इसमें तमन्ना का रोल काफी हटकर होने वाला है।

## कहानी है रोमांच से भरी

तमन्ना भाटिया की फिल्म सिकंदर का मुकद्दर एक थ्रिलर स्टोरी है। इसमें हीरे की चोरी की एक अनसुलझी कहानी दिखाई जा रही है। एक पुलिस ऑफिसर इस चोरी को अंजाम देने वाले लोगों की तलाश में लगा हुआ है। फिल्म में तमन्ना का रोल काफी रहस्य से भरा है। साथ ही इस फिल्म की कहानी भी दर्शकों को रोमांचक अनुभव देने वाली साबित होगी।



# क्या सामंथा के ग्लैमर को मैच कर पाएंगी श्रीलीला?

## 'पुष्पा 2' के ऑइटम नंबर से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें

श्रीलीला की उस समय देश भर में चर्चा होने लगी जब उनका नाम अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' से जुड़ा। वह फिल्म में दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की जगह आइटम नंबर करेंगी। श्रीलीला तेलुगु सिनेमा की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली हीरोइनों में से एक हैं और उन्होंने कई स्टार हीरो के साथ काम किया है। हालांकि, उनके अब तक के किए गए प्रोजेक्ट्स में से 'पुष्पा 2' सबसे बड़ा होगा, लेकिन अभिनेत्री पर फिल्म में अपने डांस मूव्स से प्रभावित करने का दबाव भी होगा। आइए जानते हैं क्यों?

## श्रीलीला पर होगा दबाव

इससे पहले अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने 'पुष्पा' में ऊ अंतवा गाने में अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से आग लगा दी थी। उनका यह गाना हिट साबित हुआ था। उनके हॉट अंदाज को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस गाने बाद से ही उन्हें बॉलीवुड में भी काफी बढ़ावा मिला।

## क्या सामंथा के ग्लैमर को मैच कर पाएंगी श्रीलीला?

सामंथा ने फिल्म के पहले भाग में अपनी प्रस्तुति से एक लेवल सेट कर दिया है और दर्शकों की उम्मीदों को भी बढ़ा दिया है। ऐसे में श्रीलीला के सामने बड़ी चुनौती होगी कि वह अपने डांस मूव्स से लोगों को प्रभावित करें। साथ ही उनके सामने यह सवाल भी रहेगा कि क्या वह सामंथा के ग्लैमर को मैच कर पाएंगी।

## गाने के लिए श्रीलीला को मिली कितनी फीस?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलीला को 'पुष्पा 2' के इस आइटम सॉन्ग के लिए दो करोड़ रुपये फीस दी गई है। हालांकि, श्रीलीला की यह फीस उनकी पिछली रिलीज 'गुंटूर कारम' की तुलना में काफी कम है। कथित तौर पर अभिनेत्री को महेश बाबू की फिल्म के लिए चार करोड़ रुपये मिले थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'पुष्पा' में श्रीलीला की 'पुष्पा 2' की फीस की तुलना फिल्म के पहले भाग में नजर आ चुकी सामंथा रुथ प्रभु को अभिनेत्री से ज्यादा फीस मिली थी। सामंथा को आइटम गाने ऊ अंतवा के लिए कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये दिए गए थे।



# पर्दे पर बड़ा धमाल करने की तैयारी में एटली-सलमान

साल 2023 में शाहरुख खान के साथ अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान देने के बाद निर्देशक एटली अब सलमान खान के साथ अपनी छठी फिल्म की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस खबर ने फैंस के बीच हलचल मचा दी है।

## दो हीरो आएंगे नजर

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में दो-हीरो वाली कहानी देखने को मिल सकती है, जिसमें एटली सलमान खान के साथ कमल हासन या रजनीकांत को मुख्य भूमिका में कास्ट करने की योजना बना रहे हैं। अगर यह कास्टिंग होती है तो हाल के समय की कई यह अब तक की सबसे बड़ा कास्टिंग में से एक होगी।

## पुनर्जन्म पर आधारित होगी फिल्म

पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार एटली की अगली फिल्म एक बड़े बजट की पुनर्जन्म पर आधारित एक्शन ड्रामा होगी, जिसमें सलमान खान एक बिलकुल नए अवतार में नजर आएंगे। फिल्म में दो युगों- अतीत और वर्तमान की कहानी दिखाई जाएगी, जिसमें दर्शकों को कई शानदार सीन देखने को मिलेंगे। सलमान खान इस फिल्म में एक योद्धा के रूप में अतीत के युग में दिखाई देंगे, जबकि वर्तमान युग की कहानी अभी तक पूरी तरह से गुप्त रखा गया है। इस फिल्म के सभी पात्र दोनों समय रेखाओं में जुड़े होंगे। इस रिपोर्ट के अनुसार यह इस फिल्म का प्रोडक्शन साल 2025 की गर्मियों में शुरू होगा, क्योंकि एटली को स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने और प्री-प्रोडक्शन शुरू करने के लिए समय की आवश्यकता है। इस फिल्म में दर्शकों को एक्शन, ड्रामा, थ्रिल और इमोशन का भरपूर मिश्रण देखने को मिलेगा। दावा किया जा रहा है कि एटली ने इस साल के अंत तक पूरी कास्ट को फाइनल करने की योजना बनाई है।

# विवियन डीसेना के समर्थन में आईं दलजीत कौर

बिग बॉस 18 इस वक्त काफी चर्चा में है। शो के प्रतियोगी लगातार दर्शकों को मनोरंजन कर रहे हैं। शो के निर्माताओं द्वारा विवियन डी सेना को बार-बार लाडला बताया जा रहा है। इसे लेकर लोग अक्सर सोशल मीडिया पर विवियन को लेकर प्रतिक्रियाएं देते रहते हैं। कई मौकों पर लोगों ने बार-बार बिग बॉस 18 के निर्माताओं पर विवियन डीसेना को लेकर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। अब इस पर बिग बॉस की पूर्व प्रतियोगी और अभिनेत्री दलजीत कौर ने भी बयान दिया है, जिसमें उन्होंने विवियन को लाडला कहने के लिए निर्माताओं को आड़े हाथों लिया है।

दलजीत कौर ने मौजूदा सीजन बिग बॉस 18 के प्रतियोगी विवियन डीसेना का समर्थन किया है। उन्होंने विवियन को लाडला कहने वालों की आलोचना की है। अभिनेत्री ने बताया कि यह टैग विवियन के लिए शो में उतना अच्छा नहीं हैं, जितना लोगो को लगता है। दलजीत ने कहा कि यह लेबल उनके खिलाफ भी काम कर सकता है और खेल में अभिनेता के लिए अनावश्यक परेशानी पैदा कर सकता है। दलजीत ने आगे कहा कि किसी को लाडला के रूप में लेबल किए जाने से दर्शकों को ऐसा लग सकता है कि अभिनेता को निर्माताओं की तरफ से खास सुविधा दी जा रही है।

लाडला बताए जाने से विवियन की बढ़ेंगी मुश्किलें दलजीत ने आगे कहा की, मुझे लगता है कि अगर उन्हें बार-बार लाडला कहा जा रहा है, तो इससे उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा होगा। यह किसी को नीचा दिखाने का एक तरीका है। अगर वह कल जीतते हैं, तो लोग कहेंगे कि यह पहले से सेट था, जो कि गलत है। मुझे नहीं पता कि यह उनके लिए कैसे काम कर रहा है, लेकिन मेरे दिमाग में, यह सब ठीक नहीं है। उनके टैलेंट को देखिए।



# फौजी 2 का हिस्सा बनकर भाग्यशाली महसूस करती हैं गौहर खान

अभिनेत्री गौहर खान ने 'इफ्फी 2024' में शिरकत की। इस दौरान अभिनेत्री ने अपने आगामी शो फौजी 2 के लिए अपनी भावनाओं को साझा किया। गौहर ने बताया कि वह इस शो का हिस्सा बनकर भाग्यशाली महसूस करती हैं। उन्होंने कहा मैं इस शो का हिस्सा बनकर भाग्यशाली हूं और इस शो का एक बड़ा हिस्सा बनना और भी बड़ा सम्मान है। उन्होंने शो के बारे में कहा, शो एक धारावाहिक की तरह नहीं लगेगा, क्योंकि जो कहानियां दिखाई गई हैं वह बहुत ही भरोसेमंद, अनूठी और प्रेरक हैं। इस दौरान उन्होंने शो के निर्माता संदीप सिंह की भी प्रशंसा की।





# अभिषेक बच्चन ने नकारात्मकता पर की बात

अभिषेक बच्चन इन दिनों अपनी नवीनतम फिल्म आई वांट टू टॉक को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जिसके पास दुनिया में ज्यादा समय नहीं बचा है। हाल में ही अपने एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने निजी जीवन में नकारात्मकता के बीच आगे बढ़ने के लिए उम्मीद की किरण खोजने को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वह जिस तरह से व्यक्ति हैं, वो उसे बदल नहीं सकते। बातचीत के दौरान, अभिषेक बच्चन ने नकारात्मकता के बावजूद अपने मौलिक मूल्यों को न बदलने के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इंसान को दृढ़ होने के साथ-साथ चीजों को स्वीकारना और उसके अनुसार ही आगे बढ़ना चाहिए। अभिषेक ने कहा, 卐जब बुरा अपनी बुराई न छोड़े तो अच्छा अपनी अच्छाई क्यों छोड़े? उन्होंने आगे कहा, मैं जो व्यक्ति हूं, उसे नहीं बदल सकता। अभिनेता ने बताया कि वह जीवन में बहुत सकारात्मक व्यक्ति हैं और नकारात्मकता पर ध्यान नहीं देते हैं, नहीं तो ये चीजें उन्हें परेशान कर सकती हैं। अपनी फिल्म आई वांट टू टॉक से तुलना करते हुए, अभिषेक बच्चन ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बादल पर एक उम्मीद की किरण देखता है, तो उसे वह थामे रखना चाहिए, क्योंकि यह आगे बढ़ने की प्रेरणा बन सकती है। उन्होंने कहा कि अंधकार और नकारात्मकता से ग्रसित होना आसान है। अभिषेक ने आगे कहा कि इंसान को अपने विश्वासों के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आप दुनिया में हवा में उड़ रहा एक पत्ता बनने जा रहे हैं, तो लोग आपको एक ठोस व्यक्ति नहीं मानेंगे।

अभिषेक ने आई वांट टू टॉक को लेकर कहा कि वह शायद इस कहानी पर एक बहुत ही भावनात्मक और दुखद फिल्म बनाते, लेकिन उनके निर्देशक शूजित सरकार ने एक खुशनुमा फिल्म बनाने का फैसला किया, जो दर्शकों को हंसाती है। अभिनेता ने उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक सीखने का अनुभव था, उन्होंने कहा, 卐चाहे कितनी भी कठिन बाधा क्यों न हो, आशा की किरण और कारण को खोजने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# इफ्फी में मिसेज के एशिया प्रीमियर में सान्या मल्होत्रा को स्टैंडिंग ओवेशन मिला

सान्या मल्होत्रा ने मिसेज में अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर एक प्रमुख महिला के रूप में अपनी योग्यता साबित की है, जिसका प्रीमियर गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में हुआ था। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित मलयालम हिट द ग्रेट इंडियन किचन के रूपांतरण वाली इस फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिली, जिसने सान्या को इंडस्ट्री की सबसे बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक बना दिया। मिसेज के प्रीमियर पर, सान्या को इस सामाजिक ड्रामा में उनके शक्तिशाली किरदार के लिए भारी तालियाँ से सराहना मिलीं। प्रतिक्रिया से अभिभूत होकर उन्होंने अपना आभार व्यक्त किया। उनके विचारोत्तेजक प्रदर्शन ने सामाजिक मानदंडों और लैंगिक भूमिकाओं पर विचार किया। पगलैट और कटहल में अपनी भूमिकाओं के लिए पहले ही प्रशंसा हासिल कर चुकी सान्या, प्रभावशाली कहानियों के साथ हमेशा खबर में रहती हैं। इस साल की शुरुआत में न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में उनकी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की जीत और मिसेज की वैश्विक सफलता ने भारतीय सिनेमा में अग्रणी कलाकारों में से एक के रूप में उनका प्रतिष्ठा और मजबूत कर दिया है। मिसेज के अलावा, सान्या की आगामी परियोजनाओं में धर्मा प्रोडक्शंस की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी, सह-कलाकार वरुण धवन, जान्हवी कपूर और रोहित सराफ साथ है, साथ ही अनुराग कश्यप के साथ एक बेनाम फिल्म शामिल है, जहां वह बॉबी देवल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती दिखेगी।



# ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स और फैंस का किया धन्यवाद

**पर्थ (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ पंत ने फ्रैंचाइजी को अलविदा कहते हुए इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। पंत ने फ्रैंचाइजी में अपने शानदार 9 साल के सफर को याद किया और लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल होने से पहले प्रशंसकों का धन्यवाद किया। पंत 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली के साथ लखनऊ स्थित टीम में शामिल हुए।

सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, लकनऊ और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मेगा-नीलामी में खिलाड़ी के लिए होड़ लगी हुई थी। दिल्ली ने आखिरी समय में राइट टू मैच का इस्तेमाल किया, लेकिन लखनऊ की 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली भारी पड़ गई।

ऋषभ पंत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'अलविदा कहना कभी आसान नहीं होता। दिल्ली कैपिटल्स के साथ मेरा सफर कमाल का रहा है। मैदान पर रोमांच से लेकर मैदान के बाहर के पलों तक, मैं उन तरीकों से आगे बढ़ा हूं जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मैं यहां एक किशोर के रूप में आया था और पिछले 9 सालों में हम साथ-साथ बड़े हुए।'

पंत आगे लिखते हैं, 'इस सफर को सार्थक बनाने वाली चीज आप प्रशंसक हैं। आपने मुझे गले लगाया, मेरा हौसला बढ़ाया और मेरे जीवन के सबसे मुश्किल दौर में मेरे साथ खड़े रहे। जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मैं आपके प्यार और समर्थन को अपने दिल में रखता हूं। मैं जब भी मैदान पर उतरूंगा, आपका मनोरंजन करने के लिए उत्सुक रहूंगा। मेरा परिवार बनने और इस सफर को इतना खास बनाने के लिए आपका शुक्रिया।'

ऋषभ पंत लखनऊ की टीम की कप्तानी कर सकते हैं जिसने मेगा-नीलामी से पहले केएल राहुल को रिलीज कर दिया। पंत से लखनऊ की प्लेइंग इलेवन में जान फूंकने की उम्मीद है, जो पिछले सीजन में शीर्ष क्रम से प्रेरणा पाने में विफल रही थी।



# आईपीएल मेगा नीलामी : किस टीम ने किस प्लेयर को खरीदा, देखें पूरी लिस्ट

**जेद्दा (सऊदी अरब) (एजेंसी)।** सऊदी अरब के जेद्दा में हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी में सभी 10 आईपीएल फ्रैंचाइजियों ने खूब खरीदारी की। सीजन के लिए कुल 577 खिलाड़ियों (367 भारतीय, 210 विदेशी) के लिए बोली लगी थी। पिछले साल 24.75 करोड़ में बिकने वाले मिशेल स्टार्क को इस बार आधे से भी कम कीमत पर खरीदा गया है। केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपए में खरीदा है और अब ऋषभ पंत भी उनके पास नहीं है तो ऐसे में उन्हें कप्तानी मिलने की भी संभावना है। इससे पहले पिछले सीजन में वह लखनऊ सुपर जाइंट्स की कप्तानी कर चुके हैं।

### चेन्नई सुपरकिंग्स

रुतुराज गायकवाड़, मथीश पथिराना, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, आर. अश्विन, खलील अहमद, नूर अहमद, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख रशीद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजापनीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

### मुंबई इंडियन्स

जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजांफर, विल जैक्स, अश्विनी कुमार, मिशेल सेंटनर, रीस टॉपले, कृष्णन श्रीजीत , राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल, लियाम लिविंगस्टोन, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जोश हेजलवुड, रसिख डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल , देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक चिकारा।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, रमनदीप सिंह, वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, एनरिक नॉर्टजे, अंगकृष रघुवंशी, वैभव अरोड़ा, मयंक मार्कंडेय, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, स्पेंसर जॉनसन, लवनिथ सिसौदिया, अजिंक्य रहाणे, अनुकूल रॉय, मोईन अली, उमरान मलिक।

### सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस, अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, इशान किशन, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, अथर्व ताइदे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ब्रायडन कार्से, कामिंडु मेंडिस , अनिकेत वर्मा, ईशान मलिंगा, सचिन बेबी।

### राजस्थान रॉयल्स

संजू सैमसन, यशस्वी जयसवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, संदीप शर्मा, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, नितीश राणा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, युद्धवीर सिंह, फजलहक फारूकी, वैभव सूर्यवंशी, क्वेना मफाका।

### पंजाब किंग्स

शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नेहल वढेरा, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, विजयकुमार विशक, यश ठाकुर, मार्को यानसन, जोश इंगलिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर पन्नू ,कुलदीप सेन, प्रियांश आर्य, एरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टलेट, पाइला अविनाश, प्रवीण दुबे।

### दिल्ली कैपिटल्स

अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टी. नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, मुकेश कुमार, दर्शन नालकांडे, वी. निगम, दुष्मंथा चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी।

### गुजरात टाइटंस

राशिद खान, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, कैगिसो रबाडा, जोस बटलर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएत्जी, अरशद खान , गुरनूर बरार, शेरफेन रदरफोर्ड, साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

ऋषभ पंत, निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, मोहसिन खान, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मारक्रम, मिशेल मार्श, अवेश खान, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीट्जके।

# आईसीसी 29 नवंबर को करेगा अहम बैठक, चैंपियन्स ट्रॉफी पर लिया जाएगा फैसला




**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का बोर्ड अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए 29 नवंबर को वर्चुअल (ऑनलाइन) बैठक करेगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित करने में काफी विलंब हो चुका है। देरी का कारण भारत द्वारा दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए पाकिस्तान में खेलने से इनकार करना है।

भारत ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चाहता है कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जाए जिसमें भारत के मुकाबले किसी तीसरे देश में आयोजित किए जाएं। इस पर अब तक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सहमति नहीं जताई है। आईसीसी के प्रवक्ता ने मंगलवार को पीटीआई को बताया, 'आईसीसी बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए 29 नवंबर को बैठक करेगा।'

यह महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक बीसीसीआई सचिव जय शाह के एक दिसंबर को आईसीसी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने से दो दिन पहले हो रही है। वह और बोर्ड के अन्य सदस्य नए पदाधिकारियों के कार्यभार संभालने से पहले मामले को सुलझाने के इच्छुक होंगे।

# वेंकटेश को टीम में रखना हमारी प्राथमिकता में शामिल था इसलिए पूरा जोर लगा दिया: ब्रावो

**मुम्बई (एजेंसी)।** जेद्दा - कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर (मार्गदर्शक) और वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने आईपीएल खिताब जीतने वाली टीम के 'मुख्य खिलाड़ियों' को बरकरार रखने के इरादे से वेंकटेश अय्यर को अपने साथ जोड़ने के लिए 'पूरी ताकत लगाने' की टीम की रणनीति का बचाव किया है।

केकेआर के लिए कप्तानी के संभावित दावेदार के रूप में देखे जाने वाले वेंकटेश को टीम के साथ जोड़ने ने आलोचनाओं को जन्म दिया है कि अगर उन्हें नेतृत्व दिया जाना टीम प्रबंधन की योजना का हिस्सा था तो उन्हें रिटेन (टीम के साथ बरकरार रखना) क्यों नहीं किया गया। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के साथ चार आईपीएल खिताब जीतने वाले ब्रावो ने कहा, 'वैंकी (वेंकटेश अय्यर) को




जोड़ना हमारे लिए मुख्य प्राथमिकताओं में से एक था, जैसा कि आप देख सकते हैं हमने उसके लिए पूरा जोर लगा दिया।' उन्होंने कहा, 'यह अच्छा है हमारे पास चैंपियनशिप जीतने वाली टीम के 90 प्रतिशत खिलाड़ी हैं। यह अपने आप में सकारात्मक संकेत है। जब आप शुरू से टीम तैयार करते हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखें, संयोजन तैयार करना काफी जटिल होता है।'

भारत के लिए 9 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 2 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले मध्य प्रदेश के 29 वर्षीय ऑलराउंडर वेंकटेश को केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वह सोमवार को यहां संपन्न दो दिवसीय आईपीएल नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने। सिर्फ ऋषभ पंत (लखनऊ, 27 करोड़) और श्रेयस अय्यर (पंजाब, 26.75 करोड़ रुपये) के लिए उनसे अधिक बोली लगी।

ब्रावो तूफानी तेज गेंदबाज उमरान मलिक के केकेआर से जुड़ने को लेकर भी रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, 'वह जिस गति से गेंदबाजी करता हैं, मैं हमेशा उसकी सराहना करता हूं। उसकी कड़ी मेहनत, ऊर्जा और सभी चीजें। खुशी है कि हम उसे अपने साथ जोड़ पाए।'



## गंभीर अचानक स्वदेश लौटे

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर आचानक ही ऑस्ट्रेलिया दौरा छोड़कर स्वदेश लौट गये हैं। गंभीर के इस प्रकार स्वदेश लौटने का कारण परिवार में किसी आपात स्थिति को बताया गया है। गंभीर अब कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले दो दिवसीय दिन रात के अभ्यास मैच के अलावा छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच तक भी टीम से नहीं जुड़ पायेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'वह मंगलवार की सुबह भारत के लिए रवाना हो गए। यह एक निजी आपात स्थिति थी। वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे। वहीं भारतीय टीम 27 नवंबर को कैनबरा रवाना होगा जहां पूरी टीम ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस द्वारा उनके सम्मान में दिये जाने वाले समारोह में भाग लेगी। दो दिवसीय मैच दिन रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। इसमें गुलाबी कूकाबूरा गेंद का प्रयोग होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री एकादश की कप्तानी हरफनमौला जैक एडवडर्स करेंगे जबकि टीम में कई युवा खिलाड़ियों के साथ ही स्कॉट बोलैंड और मैथ्यू रेनशॉ जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं।

# सूर्यवंशी को निखरने के लिए राजस्थान रॉयल्स में अच्छा माहौल मिलेगा : राहुल द्रविड़

जेद्दा। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में उनकी टीम 13 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी को निखरने के लिए अच्छा माहौल दे सकती है। बिहार के समस्तीपुर जिले के आठवीं कक्षा के छात्र सूर्यवंशी को रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा और वह आईपीएल करार पाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। द्रविड़ ने आईपीएल द्वारा जारी वीडियो में कहा, 'मुझे लगता है कि उसमें अच्छा कौशल है और हमें लगा कि उसके विकास के लिए हम अच्छा माहौल दे सकते हैं। वह हमारे ट्रायल के लिए आया था और उसे देखकर हमें बहुत खुशी हुई।' नीलामी में सूर्यवंशी का बेसप्राइज 30 लाख



रुपए था और दिल्ली कैपिटल्स ने पहली बोली लगाई। राजस्थान ने दिल्ली को पछाड़कर इस खिलाड़ी को खरीदा। सूर्यवंशी ने हाल ही में चेन्नई में आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के खिलाफ भारत अंडर 19 टीम के लिये युवा टेस्ट में शतक जमाया था और वह यह श्रेय हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। सूर्यवंशी ने उस मैच में 62 गेंद में 104 रन बनाए थे। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शनिवार को बिहार के लिए टी20 क्रिकेट में पदार्पण करके छह गेंद में 13 रन बनाए। जूनियर सर्किट पर चर्चा में रहे सूर्यवंशी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कोई बड़ी पारी नहीं खेली है। उन्होंने पांच मैचों में 10 की औसत से रन बनाए हैं। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले सूर्यवंशी ने मुंबई के खिलाफ 2023-24 रणजी ट्रॉफी सत्र में पदार्पण किया जब आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी उम्र 12 वर्ष 284 दिन थी जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में बिहार के लिये वीनू मांकड़ ट्रॉफी खेलकर पांच मैचों में 400 के करीब रन बनाये थे।

# एडीलेड टेस्ट के लिए टीम में बदलाव नहीं करेगा ऑस्ट्रेलिया, मार्श की फिटनेस पर नजरें : मैकडोनाल्ड

**पर्थ (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि पहले टेस्ट में भारत के हाथों 295 रन से हारने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा हालांकि हरमनमौला मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंताएं हैं। मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनकी टीम छह दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट के लिये पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले ही एडीलेड पहुंचेंगी ताकि अतिरिक्त अभ्यास कर सके।

उन्होंने कहा, 'पर्थ टेस्ट के लिए जो लोग चेंज रूम में थे, वही एडीलेड में भी होंगे। बदलाव करने पर हमेशा विचार होता है लेकिन हालात के अनुसार टीम चुनी जाती है।' सितंबर में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से फिटनेस समस्या से जूझ रहे मार्श ने




पहले टेस्ट में सिर्फ 17 ओवर डाले और तीन विकेट लिए। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पहले टेस्ट में उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। हमें उसकी फिटनेस पर नजर रखनी होगी।' पिछली दस टेस्ट पारियों में 13.66 की औसत से ही रन बना सके मार्नस लाबुशेन का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों के करियर के उतार-चढ़ाव पर लगातार बात होती रहती है। खराब दौर आते हैं लेकिन वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगा। हमें उसकी क्षमता पर यकीन है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी हमें जरूरत है।' मैकडोनाल्ड ने करारी हार के बावजूद टीम के मजबूत मनोबल की बात की। उन्होंने कहा, 'हमें इस हार की जिम्मेदारी लेनी होगी। हम कोचों को भी। इस हार के बावजूद टीम का मनोबल ऊंचा है। हमारी रणनीति सही थी लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका।'

# पिछले एक दशक में खेलों का तेजी से विकास हुआ : बिंद्रा

**गुड़गांव (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा कहा है कि पिछले एक दशक में देश में खेलों का तेजी से विकास हुआ है और खेल में नई-नई प्रतिभाएं उभरी है। अब इस खेल में जो प्रतिभाएं आ रही हैं उनमें गहराई भी है। जिस प्रकार की सफलता मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में हासिल की उससे ये साबित हुआ है। मनु ने ओलंपिक निशाने बाजी में दो कांस्य पदक जीत थे। बिंद्रा ने में कहा, 'निशानेबाजी के खेल में भारत में आज जैसी प्रतिभा है, वह इस किसी अन्य खेल में नहीं है। राष्ट्रीय स्तर और विश्व स्तर पर बहुत से निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि पिछले एक दशक में इस खेल ने कितनी अधिक प्रगति की है। पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर इससे साबित किया था। पेरिस में मनु के अलावा सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने भी कांस्य पदक जीते थे। बिंद्रा ने कहा, 'कुछ समय के लिए ऐसा भी समय रहा जब दो ओलंपिक में हम कोई पदक नहीं जीत पाए थे हालांकि असफलता भी खेल का ही हिस्सता है। इससे एथलीटों और महासंघ ने सबक सीखा है जिसके कारण ही हमें परेस में अच्छे परिणाम मिले। बिंद्रा ने कहा कि भविष्य के ओलंपिक खेलों में इसी तरह के प्रदर्शन को जारी रखने के लिए रणनीतिक योजना और बारिकियों पर अधिक ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि यह लय जारी रहेगी और रणनीतिक योजना जारी रहेगी। छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं, उनका ध्यान रखना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि देश निशानेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहेगा। गौरतलब है कि साल 2026 राष्ट्रमंडल खेलों ने निशानेबाजी, हॉकी, क्रिकेट और



कुश्ती को अपने कार्यक्रम से हटा दिया है जिससे ग्लास्गो में भारत की पदक संभावनाओं को झटका लगा है पर बिंद्रा का मानना है कि इन खेलों में एक बार फिर निशानेबाजी को शामिल किये जाने की उम्मीद उन्हें है।

# वैभव के पिता ने उम्र संबंधी धोखाधड़ी के आरोपों को गलत बताया

पटना। बिहार के 13 साल के किशोर वैभव सूर्यवंशी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा है। वैभव अब आईपीएल के लिए शामिल सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गये हैं। वैभव ने इससे पहले कहा था कि वह सितंबर 2023 में 14 साल के हो जाएंगे। इस पर उन्होंने कहा था कि 27 सितंबर 2023 को मैं 14 साल को हो जाउंगा। वहीं आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी जन्मतिथि 27 मार्च 2011 है। इसके बाद से ही उन पर उम्र संबंधी धोखाड़ी के आरोप लगने लगे हैं। इस पर अब वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी का बयान सामने आया है। संजीव ने कहा, जब वह साढ़े आठ साल का था, तब उसने पहली बार बीसीसीआई के बोन टेस्ट के लिए आवेदन किया था। वह पहले ही भारत अंडर-19 खेल चुका है। हमें किसी से डर नहीं है। वह फिर से आयु परीक्षण से गुजर सकता है। बिहार के समस्तीपुर के रहने



वाले वैभव ने इस साल की शुरुआत में मुंबई के खिलाफ अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के बाद से अब तक पांच रणजी ट्रॉफी खेलों में भाग लिया है। उन्होंने हाल ही में 23 नवंबर को राजस्थान के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू भी किया था। इससे पहले वैभव सूर्यवंशी ने भी ट्रायल में भाग लिया था और युवा खिलाड़ी के पिता ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने को कहा था। संजीव ने कहा, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें नागपुर में ट्रायल के लिए बुलाया था। विक्रम राठौर सर ने मैच की स्थिति बताई, जिसमें उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने थे। इस पर वैभव ने 3 छक्के मारे। ट्रायल में उन्होंने आठ छक्के और चार चौके मारे। वह सिर्फ क्रिकेट खेलना चाहता है और कुछ नहीं। संजीव ने कहा, वो अब सिर्फ हमारा नहीं, पूरे बिहार का बेटा है। मेरे बेटे ने कड़ी मेहनत की है। 8 साल की उम्र में उसने अंडर-16 डिस्ट्रिक्ट ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं उसे क्रिकेट कोचिंग के लिए समस्तीपुर ले जाता था और फिर वापस भी ले आता था।

# अतीत के संघर्षों ने हर हालात का सामना करने का आत्मविश्वास दिया: यशस्वी जायसवाल

**पर्थ (एजेंसी)।** पर्थ - क्रिकेट खेलने का सपना पूरा करने के लिये उत्तर प्रदेश से 11 बरस की उम्र में ट्रेन पकड़कर मुंबई पहुंचे यशस्वी जायसवाल मैदानकर्मियों के साथ टेंट में रहे और रात को पानी पुरी बेचकर अपना गुजारा चलाया लेकिन अतीत के इन संघर्षों ने उन्हें मैदान के भीतर और बाहर हर लड़ाई के लिए तैयार कर दिया। कारपेट बनाने के लिये मशहूर भदोही से आस्ट्रेलिया के पर्थ तक जायसवाल का सफर उनकी लगन, प्रतिबद्धता और जिजीविषा की कहानी कहता है। इन संघर्षों से मिले अनुभव का इस्तेमाल वह मैदान के भीतर और बाहर की हर लड़ाई जीतने के लिए कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में शानदार शतक जमाने वाले जायसवाल को विराट कोहली के बाद भारतीय बल्लेबाजी का अगला सितारा माना जा रहा है। जायसवाल ने कहा, 'यह ऐसी चीज है (अपनी कहानी) जो मुझे आत्मविश्वास देती है कि मैं किसी भी स्थिति से बाहर निकल सकता है। मैं हमेशा संघर्ष का सामना करने को तैयार रहता हूं। मुझे चुनौतियों का सामना करने में मजा आता है और मैं हर लड़ाई जीतना चाहता हूं।'

22 वर्ष के इस बल्लेबाज ने कहा, 'इससे मैं यही सीखता हूं और मुझे लगता है कि मैं खुशकिस्मत हूं कि ऐसी जिंदगी मिली जिससे मुझे खुद के बारे में सीखने का मौका और आत्मविश्वास मिला। जीवन में अलग अलग तरह की चुनौतियों का सामना करने का हौसला मिला। यह अद्भुत है और मैं जो कुछ भी कर रहा हूं, उसके लिए ईश्वर को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं वही कर रहा हूं जिससे मुझे प्यार है। मैं हर गेंद का मजा लेना चाहता हूं।'

पर्थ में पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाने के बाद दूसरी पारी में शतक पूरा होने के बाद अलग अंदाज में जश्न के बारे में पूछने पर जायसवाल ने कहा, 'मैने अलग अंदाज में शतक पूरा किया। मैं दिमाग में कुछ और सोच रहा था और अचानक कुछ और हो गया, जिसके बाद मैं सोच रहा था कि अब क्या करूं।'

उन्होंने कहा, 'मैंने फिर सोचा, चलो ठीक है। मैं इस पल का मजा लेता हूं। मैं भाग्यशाली हूं और यह अनुभव मेरे साथ हमेशा रहेगा। मैंने अपने सभी प्रियजनों और प्रशंसकों को चुंबन दिया। मैं इसके जरिए अपना प्यार उन तक पहुंचाना चाहता था।' उन्होंने कहा, 'मैंने वाट्सअप पर अपने परिवार को कॉल किया और उनके साथ भी जश्न का हिस्सा बना। मेरा भाई मुझसे हमेशा क्रिकेट के बारे में बात करता है।' भारत ने पहला टेस्ट 295 रन से जीता जिसमें जायसवाल ने दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे।



# पहलवान साक्षी मलिक के घर आई नन्हीं मेहमान, 3 बार की ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पर रखा बेटी का नाम

नई दिल्ली । पहलवान साक्षी मलिक ने बेटी को जन्म दिया है, इसकी जानकारी उन्होंने इंस्टाग्राम के माध्यम से दी। पोस्ट में साक्षी मलिक ने बेटी के नाम का भी खुलासा किया। साक्षी ने अपने बेटी का नाम 3 बार की ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और 13 बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप विजेता साओरी योशिदा पर रखा है। बता दें कि, साक्षी ने बेटी को जन्म 11 नवंबर को दिया था। साक्षी ने अपने पोस्ट में लिखा कि, Proud Parents साक्षी और सत्यव्रत को ईश्वर के आशीर्वाद के रूप में पुत्री धन की प्राप्ति हुई है। योशिदा कादियान ये पोस्ट साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान के इंस्टाग्राम हैंडल से शेयर की गई। बेटी के जन्म पर साक्षी मलिक और सत्यव्रत कादियान को कई लोगों ने बधाई दी।

# युवाओं की बल्ले-बल्ले, नीतीश सरकार ने दी खुशखबरी, 17 हजार पदों पर होगी बहाली

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पटना।** बिहार में युवाओं को जल्द ही खुशखबरी मिलने वाली है। उपचुनाव के बाद नीतीश सरकार ने युवाओं को बड़ा गिफ्ट दिया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को विधानपरिषद में कहा कि स्वास्थ्य विभाग में डाक्टर, फार्मासिस्ट समेत 17 हजार से अधिक पदों पर जल्द नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए विभाग ने संबंधित आयोग को अधियाचना भेज दी है।

राजद सदस्य डॉ. अजय कुमार सिंह के गैर सरकारी संकल्प पर जवाब देते हुए मंत्री ने बताया कि इसमें विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के 3623, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के 667, दंत चिकित्सक के 808 पदों पर नियुक्ति के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधियाचना भेजी गई है। इसके अलावा प्रयोगशाला प्रौवैधिक के 2969, फार्मासिस्ट के 2473, ईसीजी टेक्नीशियन के 242, एक्सरे टेक्नीशियन के 1232, शल्य कक्ष सहायक के 1683, परिधापक के 3326 रिक्त पदों पर नियुक्ति के अधियाचना आयोग को भेज दी गई है। परिचारिका श्रेणी ए के रिक्त 7903 पदों पर नियुक्ति के लिए रोस्टर क्लीयरेंस भी करा लिया गया है। संवर्ग नियमावली संशोधन की स्वीकृति के लिए फाइनल भी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को भेजी गई है।

दानापुर में होने वाली अग्निवीर भर्ती परीक्षा स्थगित

दानापुर में 10 से 20 दिसंबर तक होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) दानापुर के द्वारा सूचित किया गया है कि न्यू केएलपी ग्राउंड, चांदमारी, दानापुर कैंट ने अग्निवीर के सभी श्रेणियों की सेना भर्ती रैली को स्थगित करने की बात कही है। यह रैली 10 दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच आयोजित की जानी थी। इसमें सारण समेत सिवान, गोपालगंज, पटना, बक्सर और भोजपुर के पुरुष उम्मीदवारों को शामिल होना था। इसके साथ ही बिहार और झारखंड की अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस के लिए भी यह भर्ती प्रक्रिया निर्धारित की गई थी।




भर्ती कार्यालय ने बताया कि जल्द ही नई तारीखों की घोषणा की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया में शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार ही शामिल हो सकते हैं। भर्ती रैली स्थगित होने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं किया गया है।

भर्ती कार्यालय दानापुर द्वारा आयोजित होने वाली भर्ती के संदर्भ में विस्तृत जानकारी वेबसाइट- www.joinindianarmy.nic.in पर नियमित रूप से देखते रहें एवं भर्ती कार्यालय दानापुर के सम्पर्क में रहे। उसके बाद नये प्रवेश पत्र भी डाउनलोड करे। भर्ती प्रकिया की जानकारी अतिशीघ्र प्रदान की जायेगी।

## प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में संविधान दिवस का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**



**फारबिसगंज।** प्रखण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में संविधान दिवस के अवसर पर एक चेतना सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना और उससे जुड़ी रोचक जानकारियों से अवगत कराया गया। शिक्षक प्रह्लाद रजक ने बच्चों को संविधान की प्रस्तावना और इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी साझा किया कि 26 नवंबर को संविधान को अनाधिकृत रूप से लागू किया गया था, क्योंकि इस दिन संविधान निर्माण समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ. सर हरिसिंह गौर का जन्मदिन था। श्री रजक ने आगे बताया कि संविधान दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था और तब से यह हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधान फरहत बानो, शिक्षक रंजेश कुमार, प्रह्लाद रजक, रामकुमार और शिक्षा सेवक वचनदेव ऋषिदेव भी उपस्थित थे।

## बालू माफियाओं के साथ मिली भगत, सरकार को पहुंचाया करोड़ों रुपये का नुकसान, सारण में 2 खनन अधिकारी सस्पेंड

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पटना।** खान एवं भू-तत्व विभाग ने सारण जिले में पदस्थापित दो खान निरीक्षकों को बालू माफिया से सांठगांठ रखने और सरकार को राजस्व के साथ पर्यावरण को क्षति पहुंचाने के आरोप में निलंबित किया है। विभाग ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। खान एवं भू-तत्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार लाल बिहारी प्रसाद और अंजनी कुमार दोनों सारण जिले में पदस्थापित हैं। 24 नवंबर को बालू के अवैध खनन और परिवहन की जांच निदेशक खान एवं जिला प्रशासन सारण ने संयुक्त रूप से की। इस औचक जांच के दौरान टीम ने बालू से लदे वाहनों के साथ ही कई अन्य वाहनों को भी जब्त किया। साथ ही कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। छापामारी के दौरान 15 लाख सीएफटी बालू भी जब्त किया गया।



बालू के अवैध कारोबारियों से मिली भगत की बात विभाग के अनुसार, इतने बड़े स्तर पर बालू के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से स्पष्ट होता है कि अंजनी कुमार और लाल बिहारी प्रसाद इसकी रोकथाम के लिए कोई काम नहीं कर रहे। इतना ही नहीं दोनों अधिकारी बालू के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को प्रश्रय भी दे रहे हैं। बालू के अवैध कारोबारियों से इनकी मिली भगत की बात भी सामने आई है।

## जेंडर हिंसा के खिलाफ जीविका दीदियों ने 'नई चेतना' अभियान की शुरूआत

### दीदियों ने रैली, मेहंदी, रंगोली जैसी गतिविधियों से अभियान को बनाया प्रभावी

**दबंग हिंद संवाददाता**

**अररिया।** ग्रामीण महिलाओं को जेंडर हिंसा के खिलाफ जागरूक करने और उनके सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जीविका की ओर से एक ऐतिहासिक पहल की शुरूआत की गई है। इस पहल का नाम 'नई चेतना' है, जो विशेष रूप से जेंडर हिंसा के खिलाफ महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। यह अभियान 25 नवंबर 2024 से लेकर 23 दिसंबर 2024 तक चलेगा और इसे जीविका अररिया ने जिले के 9 प्रखंडों में लागू किया है। समाज में जेंडर हिंसा और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन इन समस्याओं से जूझ रही महिलाएं अक्सर जागरूकता की कमी के कारण अपनी आवाज नहीं उठा पातीं। जेंडर आधारित हिंसा में पीड़ित महिलाएं कई बार अपमान, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का शिकार होती हैं, लेकिन इसका विरोध करने के लिए उनके पास ना तो सही जानकारी होती है और ना ही कानूनी सहारा। इस कारण वह वर्षों तक इन समस्याओं को सहने के लिए मजबूर रहती हैं।



'नई चेतना' अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को इन समस्याओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना है, ताकि वे अपनी परेशानियों को आवाज दे सकें और समाज में हिंसा के खिलाफ एक बदलाव की लहर उठा सकें।

'नई चेतना' अभियान के तहत जीविका दीदियों ने रैली निकालकर, मेहंदी लगाकर और रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक करने की शुरूआत की। इन गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने लोगों को यह समझाने की कोशिश की कि जेंडर हिंसा समाज की एक बड़ी समस्या है, जिसका समाधान सभी की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है।

इस अभियान को सफलता की ओर बढ़ाने के लिए जिला परियोजना प्रबंधक नवीन कुमार की अगुवाई में जीविका की टीम ने पूरी सक्रियता से भाग लिया। सभी प्रखंडों के प्रखंड परियोजना प्रबंधक, सामुदायिक समन्वयक, क्षेत्रीय समन्वयक और जीविका दीदियों ने इस अभियान में अपने पूर्ण योगदान से इसे प्रभावी बनाया। उनके समर्थन और सक्रिय भागीदारी के कारण यह अभियान जिले भर में तेजी से फैल रहा है और महिलाओं को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**जेंडर हिंसा के खिलाफ एक मजबूत पहल :** 'नई चेतना' अभियान न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा, बल्कि यह समाज में जेंडर आधारित हिंसा को रोकने के लिए एक सशक्त आवाज भी उठाएगा। जीविका का यह कदम इस दिशा में महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रामीण महिलाएं अपने हक को समझ पाएंगी और इस हिंसा के खिलाफ खड़े होने के लिए तैयार होंगी। 'नई चेतना' अभियान ग्रामीण महिलाओं के लिए एक बड़ी उम्मीद लेकर आया है, जो उन्हें अपनी पहचान और अधिकारों को समझने में मदद करेगा। जीविका की यह पहल न केवल महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा को रोकने की दिशा में एक कदम है, बल्कि यह समाज में समानता और समान अधिकारों के संदेश को फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अयोध्या से 7 साल बाद बेनीपट्टी पहुंचेगी भगवान श्रीराम की बरात

## परोसा जाएगा मिथिला का फेमस भोजन, ऐसी है तैयारी




**दबंग हिंद संवाददाता**

**बेनीपट्टी।** अयोध्या से सात साल बाद एक दिसम्बर को बेनीपट्टी में भगवान श्रीराम की बरात पहुंचेगी। मिथिलांचल के प्रसिद्ध भोजन अयोध्या से आये भगवान श्रीराम की बरात में शामिल पाहुन के बीच परोसा जाएगा।

बेनीपट्टी बाजार के विश्वम्भरनाथ महादेव मंदिर परिसर में तैयारी समिति की बैठक विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 25 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया है।

बेनीपट्टी के बाइपास रोड स्थित मिथिलांचल प्राइड पब्लिक स्कूल में बारात के लिये रात्रि विश्राम ठहराव स्थल बनाया गया है। दरभंगा जिला के अहिल्या स्थान से एक दिसम्बर को अयोध्या से आ रही श्रीराम की बरात बेनीपट्टी प्रवेश करेगी। बेनीपट्टी में प्रवेश करने के बाद भगवान श्रीराम की बरात में शामिल पाहुन को बाजार में पुष्प वर्षा की जाएगी। बरातियों का मिथिला की परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया जाएगा। भगवान श्रीराम बरात को बेनीपट्टी में रात्रि विश्राम स्थल पर पहुंचने के साथ ही बरात में आये पाहुन को आरती के साथ स्वागत की जाएगी। फिर मिथिला के परंपरा के अनुसार बरातियों को पाग दोपटा से सम्मानित किया जाएगा। भगवान श्रीराम के मिथिला में ससुराल रहने के कारण अयोध्या से आने वाले बरात भगवान श्रीराम की बरात को मां जानकी धरती मिथिला में भव्य रूप से स्वागत की जाएगी। बरातियों के स्वागत में तौरणद्वार बनाया जाएगा, सड़कों पर रंगोली सजायी जाएगी, मंगल टीका लगाकर बरातियों की आरती उतारी जाएगी।

# वन्यजीवों के शिकार में रसूखदारों की भूमिका, प्रशासन की निष्क्रियता सवालों के घेरे में

- प्रवासी पक्षियों के शिकार पर वन विभाग की चुप्पी: रसूखदारों के दबाव में कार्रवाई में हो रही ढिलाई, मामला न्यायालय तक जाएगा!
- दबाव में आए वन विभाग और पुलिस प्रशासन, मामले में कार्रवाई टालने का आरोप
- वन प्रेमियों ने न्यायालय का रास्ता अपनाने की दी चेतावनी, प्रशासन से कठोर कदम की मांग

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मधेपुरा/सहरसा/भागलपुर/मुजफ्फरपुर।** जैसे ही ठंड का मौसम शुरू होता है, बिहार के कोसी और पूर्वी इलाकों में प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। ये पक्षी हर साल इन क्षेत्रों में प्राकृतिक परिवेश में आकर ठहरते हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश कुछ स्थानीय शिकारी इन प्रवासी पक्षियों और वन्य जीवों का शिकार कर रहे हैं। वर्ष 2023 में ऐसे ही एक मामले में पिछले साल हरजोरा घाट क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रवासी पक्षियों और वन्य जीवों का शिकार हुआ था, लेकिन वन विभाग और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के कारण कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

इस मामले में प्रशासन की लापरवाही और क्षेत्रीय रसूखदारों की संलिप्तता के कारण वन प्रेमियों और आम नागरिकों के बीच असंतोष और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब तक यह मामला अधिकारियों के बीच तूल पकड़ चुका है, और यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो वन प्रेमी इसे न्यायालय में ले जाने की धमकी दे रहे हैं।

**प्रशासन की निष्क्रियता सवालों के घेरे में :** प्रवासी पक्षियों का शिकार करने वाली अवैध गतिविधियों में रसूखदारों की संलिप्तता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक पूर्व विधायक जो सहरसा जिले से हैं, इस शिकार में शामिल हैं। इनका नाम पहले एक पुलिस अधिकारी के हत्या मामले में भी आया था, जिसमें कोर्ट ने सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया था।



लेकिन अब इस मामले में उसी पूर्व विधायक की भूमिका को लेकर आशंका जताई जा रही है। आरोप है कि उनके पास अवैध हथियार हैं, जिनका उपयोग शिकार के लिए किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, कुछ हथियारों को गन हाउस में जमा कर दिया गया था, लेकिन असल में वे हथियार उसी व्यक्ति के पास हैं, जो अभी तक खुलेआम घूम रहे हैं।

काफी समय से वन विभाग और पुलिस प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं। कुछ अधिकारियों के मुताबिक, "क्षेत्रीय विवाद" का हवाला देकर कार्रवाई को टाल दिया जा रहा है। यह सवाल उठता है कि यदि पुख्ता सबूत मौजूद हैं तो क्यों कार्रवाई में देरी हो रही है, खासकर जब यह मामला एक प्रभावशाली व्यक्ति से जुड़ा हुआ है।

**दबाव में आए वन विभाग और पुलिस प्रशासन :** मधेपुरा के हरजोरा घाट क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों का शिकार करने की शिकायत वन विभाग से की गई थी, जिसके बाद विभाग ने औपचारिक तौर पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की थी। लेकिन जब स्थानीय पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों से पूछा गया, तो उन्होंने क्षेत्रीय विवाद का हवाला देते हुए मामले को टालने का प्रयास किया। सहरसा के वन अधिकारियों ने इसे भागलपुर के क्षेत्राधिकार में डाला, जबकि भागलपुर के अधिकारियों ने इसे सहरसा जिले का मामला बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। इस बिचारा-बीच में प्रवासी पक्षियों के शिकार की गतिविधियां लगातार जारी हैं, और आरोप है कि इस पर कार्रवाई करने के बजाय विभागीय अधिकारी खुद ही आरोपियों के बचाव में सक्रिय हो गए हैं। जब इस मामले को मुजफ्फरपुर के मुख्य वन संरक्षक के पास भेजा गया, तो उन्होंने भागलपुर के उउऋ सुधीर कुमार को कार्रवाई का निर्देश दिया था। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। वन विभाग के सचिव वंदना प्रेयसी ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया और अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की, लेकिन फिर भी इस मामले पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

**मुख्यमंत्री जी !न्याय के साथ विकास श्लोगन की उड़ रही है धज्जियां :** वन प्रेमी और पर्यावरण कार्यकताओं का कहना है कि अगर इस मामले में शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं होती, तो वे इसे न्यायालय में ले जाएंगे। उन्होंने इस बात की भी चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस अवैध शिकार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, तो वे यह मामला अदालत में उठाएंगे। उनका कहना है कि शिकार करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि वन्य जीवों और प्रवासी पक्षियों की रक्षा हो सके और इस तरह के अवैध शिकार को रोका जा सके। मुख्यमंत्री जी एक्शन लीजिए, आपके न्याय के साथ विकास की ये अधिकारी धज्जियां उड़ा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, वन प्रेमियों ने सूचना का अधिकार (फ्ळक) के तहत विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। अगर विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से कन्नी काटते हैं और जांच में कोई भी ढिलाई बरतते हैं, तो यह मामला न्यायालय में पहुंच सकता है।

**प्रशासन की जिम्मेदारी, कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता :** यह मामला न केवल बिहार के वन्य जीवों और प्रवासी पक्षियों के संरक्षण के लिए खतरे की घंटी है, बल्कि यह प्रशासनिक निष्क्रियता और रसूखदारों के प्रभाव के खिलाफ एक बड़ा सवाल भी खड़ा करता है। इस मामले में वन विभाग, पुलिस और प्रशासन की चुप्पी से यह स्पष्ट होता है कि कुछ रसूखदारों के दबाव में कानून को सख्ती से लागू नहीं किया जा रहा। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इस मामले में अपनी जिम्मेदारी निभाएगा, या फिर यह मामला अदालत में जाएगा और वहां से न्याय की उम्मीद की जाएगी। वन प्रेमियों और आम नागरिकों की यह मांग है कि इस मामले में जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के अपराधों को रोका जा सके और कानून का उल्लंघन करने वालों को सजा दिलाई जा सके।

## एक नजर

### यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की शिष्टाचार भेंट

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रोसड़ा।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय ने मंगलवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के नवनियुक्त प्रभारी कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार यादव और वित्तीय सलाहकार इंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. राय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके बाद, डॉ. राय ने उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. इंसान अली से भी मुलाकात की और परीक्षा से संबंधित आवश्यक कागजात उनके कक्ष में सौंपे।

### बालू लदे ट्रक ने दो भाइयों को कुचला; परिवार में मचा कोहराम



**छपरा।** छपरा रेवा एनएच 722 पर भेल्दी थाना क्षेत्र के कटसा चौक पर गुरुवार की रात बालू लदे ट्रक से बाइक से जा रहे दो चचेरे भाइयों को ठोकर लगी, जिससे दोनों की मौत हो गई। मृतक परसा थाना क्षेत्र के पचलख गांव निवासी स्व. शिवधर के पुत्र मंतोष कुमार राय (26) व स्व. शालिक राय के पुत्र राजू कुमार राय (35) है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंतोष के भाई राकेश ट्रैक्टर की मरम्मती करवाने गड़खा गए थे।

जहां उन्हें लेट हो गया घर जाने के लिए कटसा तक ही सवारी गाड़ी उन्हें मिल रही थी। जिसके बाद मंतोष अपने चचेरे भाई राजू के साथ बाइक से कटसा जा रहे थे। तभी गड़खा के तरफ से तेज गति से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में सीधी ठोकर मार दिया। जिससे दोनों सड़क किनारे ही गिर गए।घटना की सूचना लोगों ने थानाध्यक्ष संदीप कुमार को दिया।

जिसके बाद डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दुकानदारों की मदद से गड़खा सीएचसी ले गई। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रक का चालक भागने की कोशिश किया। मगर स्थानीय लोगों की मुस्तैदी को देखते हुए वह कुछ आगे जाकर सड़क पर ही ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

अचानक एक घर के दो चिराग के बुझ जाने से स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा सूचना मिलने के बाद सीएचसी पहुंचे जहां उनकी चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को किया गया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

गुरुवार की रात थाना के पदाधिकारी द्वारा जैसे हैं मृतक के घरवालों को यह जानकारी मिली कि उनके दोनों बच्चों की मौत हो गई है।इसके बाद कोहराम मच गया। मंतोष की मां शांति देवी भाई मुन्ना राय, मुरारी राय, राकेश राय, रूपेश राय का रो रो कर बुरा हाल था।

तीन वर्ष पूर्व 2021 में मंतोष की शादी हुई थी उन्हें कोई संतान नहीं था। उनकी पत्नी सोनी देवी शव से लिपटकर बार-बार बेहोश हो जा रही थी। बहन राजकुमारी देवी का भी रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं राजू की तीनों बहनें भी अपने भाई की मौत से गम में डूबी हुई थी।

इकलौता संतान था राजू

इस सड़क दुर्घटना में जिस राजू कुमार राय की मौत हुई है ।उनके पिता और मां की पहले ही मौत हो चुकी है।राजू अपने परिवार का इकलौता संतान था। तीन बहने थी जिनकी शादी पहले ही हो चुकी है।घटना की सूचना जैसे ही उनकी तीनों बहनें शांति देवी और श्रद्धा देवी को मिली कि वह अपने भाई की मौत से गम में डूब गई।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक की गोली मारकर हत्या

**तरैया (सारण)।** तरैया थाना क्षेत्र के टीकमपुर देवी स्थान के पास पुराने विवाद की वजह से एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। गोली चलते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया, लोग इधर उधर भागने लगे। यह घटना गुरुवार की रात्रि की है। मृतक के पिता के अनुसार, पुरानी रंजिश के चलते हत्या की गई। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**देवी स्थान में जागरण के दौरान गोलीबारी :** मृतक की पहचान टीकमपुर गांव के राजेश मांझी के 16 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार के रूप में हुई है। वही घायल भी टीकमपुर गांव निवासी स्व. चंद्रदेव मांझी का पुत्र राजेश मांझी उर्फ पुलु कुमार है। मृतक के पिता राजेश मांझी ने बताया कि प्रत्येक कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गांव में देवी स्थान के पास देवी जागरण का आयोजन किया जाता है। देवी स्थान हमारे घर से काफी पास है, इसलिए हम पिता-पुत्र भी देवी जागरण देखने के लिए वहां पहुंचे थे।

### संविधान दिवस पर यू.आर. कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित



**दबंग हिंद संवाददाता**

**रोसड़ा।** स्थानीय यू.आर. कॉलेज, रोसड़ा में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर एनएसएस इकाई और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान की विशेषताओं पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत भव्या चौधरी के स्वागत गान से हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनुराग कुमार ने की, जिन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में संविधान की ऐतिहासिक और संवैधानिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अपनाया गया था, हालांकि यह संविधान 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ, जिस दिन हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं। डॉ. अनुराग कुमार ने आगे कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसमें 448 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियां और 25 भाग हैं। मंच संचालन डॉ. रोहित कुमार ने किया, जबकि कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. बीरेंद्र कुमार पासवान ने कहा कि भारतीय संविधान कई देशों से प्रेरित है, और संविधान की प्रस्तावना अमेरिकी संविधान से ली गई है।

इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार, डॉ. प्रिंस विवेक, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. ऐमन ओबैद, डॉ. सौरभ कुमार झा, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. उमा शंकर कुमार जैसे शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों की ओर से भव्या चौधरी, संजना रानी, मधु कुमारी, विद्या कुमारी, चंचल कुमारी, श्वाती शर्मा, ऋचा शर्मा, बेबी कुमारी, कुमकुम कुमारी, गौरव कुमार, ऋतुराज रॉय, जया हसन आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्यामसुंदर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के कैलेण्डर के अनुसार शेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से एनएसएस इकाई के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की और सभी का आभार व्यक्त किया।

### यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की शिष्टाचार भेंट

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रोसड़ा।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय ने मंगलवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के नवनियुक्त प्रभारी कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार यादव और वित्तीय सलाहकार इंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. राय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके बाद, डॉ. राय ने उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. इंसान अली से भी मुलाकात की और परीक्षा से संबंधित आवश्यक कागजात उनके कक्ष में सौंपे।

# अगर पार्टियां पंथ को देश से ऊपर रखती हैं तो हमारी स्वतंत्रता दूसरी बार खतरे में पड़ जाएगी: धनखड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि अगर पार्टियां पंथ को देश से ऊपर रखती हैं तो हमारी स्वतंत्रता दूसरी बार खतरे में पड़ जाएगी।

संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर साल भर चलने वाले समारोहों की शुरुआत के लिए पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि रणनीति के तहत व्यवधान पैदा करना लोकतंत्र के लिए खतरा है।



धनखड़ ने कहा, ''यह समय रचनात्मक संवाद, बहस और सार्थक चर्चा के माध्यम से हमारे लोकतांत्रिक मंदिरों की पवित्रता को बहाल करने का समय है ताकि हमारे लोगों की प्रभावी ढंग से सेवा की जा सके।'' इस बात का उल्लेख करते हुए कि संविधान ने निपुणता से लोकतंत्र के तीन स्तंभों – विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका- को स्थापित किया और प्रत्येक की एक परिभाषित भूमिका है, धनखड़ ने कहा, ''लोकतंत्र का सबसे अच्छा पोषण तब होता है जब उसके संवैधानिक संस्थान अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों का पालन करते हुए समन्वय, तालमेल और एकजुटता से काम करें।''उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के इन अंगों के कामकाज में, क्षेत्र विशिष्टता भारत को समृद्धि और समानता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने में इष्टतम योगदान देने का सबसे अच्छा साधन है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे (राज्यसभा) और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू मंच पर मौजूद थे।

इस अवसर पर भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया गया। साथ ही 'भारत के संविधान का निर्माण- एक झलक' और 'भारत के संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा' शीर्षक वाली पुस्तकों का विमोचन किया गया। राष्ट्रपति ने संविधान के संस्कृत और मैथिली अनुवादों का अनावरण किया। यह समारोह 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं के योगदान का सम्मान करना है।

## वंदे भारत को नहीं मिल रहे यात्री– 20 कोच से अब 8 कोच में बदलने की तैयारी

नई दिल्ली। देश की कई वंदे भारत ट्रेनों को यात्री नहीं मिल रहे हैं। अधिकांश लोगों में इसके टिकट खरीदने की क्षमता नहीं है। यही वजह है कि नागपुर–सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस को पर्याप्त यात्री नहीं मिल रहे हैं। सितंबर 2024 में शुरू हुई इस ट्रेन को औसतन 25 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ चलाना रेलवे के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। रेलवे अब इस ट्रेन को 8 कोच वाली रेक से बदलने और इसकी समय सारणी में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। नागपुर–सिकंदराबाद वंदे भारत 20 कोच के साथ चलती है और इसमें 1,440 यात्रियों की बैठने की क्षमता है। हालांकि, यह ट्रेन अक्सर खाली रहती है। दिवाली की छुट्टियों को छोड़कर, इसे कभी भी फुल ऑक्यूपेंसी नहीं मिली। ट्रेन नागपुर से सुबह 5 बजे रवाना होती है और 7 घंटे 15 मिनट में सिकंदराबाद पहुंचती है। वापसी में यह दोपहर 1 बजे छूटकर रात 8-20 बजे नागपुर पहुंचती है। सेंट्रल रेलवे के नागपुर डिवीजन ने ट्रेन की ऑक्यूपेंसी बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए हैं। इनमें ट्रेन का प्रस्थान समय सुबह 7 बजे करने और मौजूदा 20 कोच वाली ट्रेन को 8 कोच वाली ट्रेन से बदलने का प्रस्ताव शामिल है। नागपुर डिवीजन ने इसे मुंबई हेडक्वार्टर और रेलवे बोर्ड को भेजा है। सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वप्निल नीला ने कहा, मौजूदा रेक को 8 कोच वाले रेक से बदलने का प्रस्ताव है। इसे आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। यह ट्रेन की लागत और उपयोगिता दोनों में सुधार करेगा।

## उग्रवादी संगठन उल्फा पर पांच साल बढ़ा प्रतिबंध

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उग्रवादी संगठन उल्फा पर पांच साल का प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध केंद्र ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) पर बैन बढ़ाया है। यह संगइन 2019–24 के दौरान विस्फोटक लगाने के 16 मामलों में शामिल रहा है। उल्फा ने असम राज्य में स्वतंत्रता दिवस 2024 से पहले इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का उपयोग किया है। केंद्र ने अब तक असम, त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड सहित पूर्वोत्तर में विद्रोही संगठनों के बीच 12 त्रिपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह संगठन पूर्वोत्तर का एक मात्र प्रमुख संगठन है जो सरकार के साथ शांति वार्ता से बाहर है। उल्फा स्वतंत्र का नेतृत्व परेश बरुआ कर रहे हैं। गृह मंत्रालय के आदेश में पिछले पांच वर्षों में 50 की गिरफ्तारी और 63 कैडरों के आत्मसमर्पण, पुलिस और सुरक्षा बल की कार्रवाई में तीन कट्टर कैडरों की हत्या का हवाला दिया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, यह समूह 27 अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं जिनकी जांच प्रवर्तन एजेंसियां कर रही हैं। आदेश में कहा गया है कि उल्फा की गतिविधियां भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरनाक हैं। यदि इन पर तुरंत अंकुश और नियंत्रण नहीं किया गया, तो उल्फा खुद को फिर से संगठित कर नागरिकों और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचा सकता है।

## चेन्नई में बारिश नहीं ले रही थमने का नाम, हर तरफ जल प्रलय... आगे पांच दिन भारी

चेन्नई । चेन्नई में इन दिनों बारिश लगातार बारिश हो रही है। तमिलनाडु के चेन्नई में कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट भी मौसम विभाग ने जारी किया है। चेन्नई मौसम विभाग (आरएमसी) द्वारा जारी अलर्ट में कहा गया कि गहरे दबाव के कारण तटीय और डेल्टा जिलों में अगले पांच दिनों में भारी वर्षा होने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने मयिलादुथुराई, कराईकल, तिरुवरुर और नागपट्टिनम के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। कई अन्य जिले ऑरेंज अलर्ट पर हैं। दबाव के कारण रामनाथपुरम, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलुर, कल्लाकुरिची और चेंगलपट्टू जिलों के अलग–अलग इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना जाहिर की गई है। इसके अलावा, अरियालुर, तिरुवरुर, नागपट्टिनम, तंजावुर, पुदुक्कोट्टई, विल्लुपुरम, पुडुचेरी, शिवगंगा, चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर, रानीपेट और तिरुवन्नामलाई जिलों में बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। बात दें कि तमिलनाडु में 21 नवंबर से ही भारी बारिश हो रही है, इसकारण रिहायशी इलाकों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। थूथुकुडी में राजगोपाल नगर, पुष्पा नगर, राजू नगर, पोस्टल टेलीग्राम कॉलोनी और शहर के अन्य इलाकों में भी भारी जलभराव की स्थिति है। इस महीने की शुरुआत में उदयनिधि स्टालिन ने लोगों को बारिश के लिए सरकार की तैयारियों का आश्वासन देकर कहा था, अक्टूबर में बारिश के प्रभाव के अध्ययन के आधार पर, हमने मोटर पंप और स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ा दी है। हमारे पास 1194 मोटर पंप, 152 सुपर सकर मशीनें हैं। अक्टूबर की तुलना में मोटर और मशीनों की नियुक्ति में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तमिलनाडु सरकार बारिश के लिए पूरी तरह तैयार है।

## मुरैना में मकान में हुआ विस्फोट, दो की मौत, दो महिलाएं मलबे में दबी



**–आसपास के मकान भी धराशाही, जेसीबी से हटाया जा रहा मलबा**

**शिमला (एजेंसी)।** मुरैना, (ईएमएस)। मध्यप्रदेश के मुरैना में मकान में विस्फोट के कई घंटों बाद भी अभी तक मलबे से दो महिलाओं को नहीं निकाला जा सका है। पुलिस-प्रशासन, नगर निगम और एसडीईआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं। जेसीबी की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। बिजली के खंभों से तार भी हटाए जा रहे हैं।

मुरैना में सोमवार देर रात एक मकान में विस्फोट हो गया था। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। दो अन्य मलबे में दब गईं। पांच घायलों को मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनको प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। विस्फोट शहर के टंच रोड स्थित राठौर कॉलोनी निवासी मुंशी राठौर के मकान में हुआ। इसके आसपास बने चार और मकान भी गिर गए।

मुंशी राठौर के मकान में रहने वाले किरायेदार विस्फोट की जद में आ गए। इनमें से वैजयंती कुशवाहा और उनकी बेटी विमला कुशवाहा मलबे में दबी हैं। पड़ोसी राकेश राठौर का मकान भी विस्फोट से धराशाही हो गया। उनकी पत्नी विद्या राठौर (50) की हादसे में मौत हो गई। पड़ोस में रहने वाले वासुदेव राठौर की बहू पूजा राठौर की भी मौत हो गई है। दोनों के शव मलबे से निकालकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिए गए।

मलबे में से एलपीजी के दो सिलेंडर मिले हैं जो पूरी तरह से सही थे। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि मकान में रखे पटाखों में विस्फोट हुआ है। हालांकि, पुलिस अभी इस बारे में स्थिति पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। मौके पर पहुंचे एसपी ने बताया कि अभी जांच कर रहे हैं जो तथ्य सामने आएंगे, तभी कुछ कहा जा सकेगा। फिलहाल मौके पर रेस्क्यू टीम मौजूद हैं मलबे को हटाने का काम किया जा रहा है।

## दलितों, आदिवासियों, ओबीसी का रास्ता एक दीवार से अवरुद्ध किया जा रहा, इस दीवार को पीएम मोदी और संघ मजबूत कर रहा: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के संविधान रक्षक अभियान में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि देश की पूरी व्यवस्था दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लोगों के खिलाफ खड़ी है। राहुल गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, ओबीसी का रास्ता एक दीवार से अवरुद्ध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, आरएसएस उस दीवार को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने पिछड़े वर्गों के रास्ते में आने वाली दीवार को कमजोर किया लेकिन हम दीवार को उतनी कमजोर नहीं कर सके, जितना हमें करना चाहिए था।



राहुल गांधी ने फिर कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान नहीं पढ़ा है, अगर उन्होंने पढ़ा होता, तब वे वह काम नहीं करते जो वे रोजाना करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं बल्कि हजारों सालों के लिए भारत की सोच है, यह सत्य और अहिंसा के बारे में है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में जाति जनगणना की जा रही है, यह एक ऐतिहासिक कदम है, हम जहां भी सरकार बनाएंगे, वहां ऐसा ही करने वाले है।

संविधान की कॉपी दिखाकर उन्होंने कहा कि क्या इसमें (संविधान में) सावरकर जी की आवाज है? क्या उसमें कहीं लिखा है कि हिंसा करनी चाहिए, लोगों को मारना चाहिए या झूठ का सहारा लेकर सरकार चलानी चाहिए? यह सत्य और अहिंसा का ग्रंथ है। कुछ दिन पहले कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में जाति जनगणना का काम शुरू किया है और यह कोई नौकरशाही प्रक्रिया नहीं है। तेलंगाना में पहली बार जाति जनगणना को सार्वजनिक अभ्यास बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जो सवाल पूछे जा रहे हैं, वहां कोई बंद कमरे में 10-15 लोग नहीं पूछ रहे हैं, ये लाखों लोग हैं जिसमें दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग के लोग, गरीब, सामान्य जाति, अल्पसंख्यक लोग, हर कोई और तेलंगाना के लोग शामिल हैं।

संविधान दिवस कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी के भाषण के दौरान बिजली कट गई जिससे उनका माइक बंद हो गया। इस पर राहुल ने कहा कि देश में पिछले 3000 साल से जो भी दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, गरीब की बात करता है, उसका माइक बंद हो जाता है। जब माइक बंद हुआ, तब बहुत सारे लोग आए और मुझसे कहा कि जाओ और बैठ जाओ। मैंने कहा मैं बैठूंगा नहीं, खड़ा रहूंगा, जितना चाहो माइक बंद कर लो, जो बोलना है बोलूंगा। यहां पीछे रोहित वेमुला की फोटो है, वह बोलना चाहता था लेकिन उसकी आवाज छीन ली गई।

## मायावती ने संविधान दिवस पर कांग्रेस व भाजपा पर साधा निशाना

लखनऊ। संविधान दिवस पर बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस व भाजपा पर संविधान को जनकल्याणकारी मंशा के साथ लागू न करने का आरोप लगाया है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मंगलवार को लिखा कि देश का संविधान कोई दिखावटी चीज नहीं है, बल्कि इसको दिल से अंगीकार करके उसके अनुरूप व्यवहार करना भी जरूरी है। खासकर भारतीय संविधान सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के मानवतावादी व कल्याणकारी उद्देश्यों को लेकर है ताकि यहां जात–पात मुक्त समतामूलक समाज की स्थापना हो व देश महान बने। देश में संविधान लागू होने के इतने दशकों के बाद भी जमीनी स्तर पर सही व सच्चे सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक लोकतंत्र का अभाव यह साबित करता है कि यहां सत्ता में रहने वाली खासकर कांग्रेस व भाजपा ने संविधान को इसकी असली जनकल्याणकारी मंशा के हिसाब से लागू नहीं किया जो बेहद दुखद है। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि दरिद्रता झेल रहे लगभग 140 करोड़ लोगों के भारत देश की पूंजी में विकास के जरिए जनता की गरीबी, बेरोजगारी एवं पिछड़ापन दूर करने के लिए जनकल्याण का कार्य नहीं होकर, कुछ मुट्ठी भर लोगों का विकास होना यहां हर संतुलन को बिगाड़ने वाला है, जिससे बहु–अपेक्षित जनविकास कैसे संभव है? संविधान दिवस पर बीएसपी संविधान की भूरि–भूरि प्रशंसा करती है किन्तु इसके मुख्य शिल्पी परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी संभव है जब उनके करोड़ों शोषित–उपेक्षित अनुयायियों के जीवन में आरक्षण आदि के जरिए बेहतरी आएगी, जिसके लिए बहुजन समाज पार्टी शुरू से समर्पित है।



## चेतावनी : 50 प्रतिशत हो जाएंगे तो उठा ले जाएंगे बेटियां : बाबा बागेश्वर

भोपाल। हिंदू एकता यात्रा पर निकले पं धीरेंद्र शास्त्री ने मुसलमानों के खिलाफ विवादित बयान दिया है। उन्होंने हिंदुओं को चेताते हुए कहा कि अभी मात्र 20 प्रतिशत मुसलमान है तो आए दिन पत्थरबाजी हो रही है जब ये 50 प्रतिशत हो जाएंगे तो सरेआम बेटियों को उठा ले जाएंगे। यात्रा के दौरान बाबा बागेश्वर से जब संभल की घटना को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, अभी तो हमारी एकता पर फोकस है। यदि तो हम हिंदुओं को बताना चाहते हैं कि 20 पर्सेंट में वो पत्थरबाजी कर रहे हैं 50 हो जाएंगे तो तुम्हारे घरों की बेटियों को उठा ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि संभल के उपद्रवियों को जेलर के हाथ सौंपने की आवश्यकता है। बाबा ने यह भी कहा कि देश में 100 करोड़ हिंदू हैं, एक करोड़ को सड़क पर आना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में वे घरों में कब्जा कर लेंगे। जाति का भेदभाव मिटाने के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्रा के दौरान सोमवार को उन्होंने कहा कि भारत को बांग्लादेश नहीं बनाना चाहते तो तो जात–पात से ऊपर उठ जाओ। बॉलिवुड अभिनेता संजय दत्त भी उनकी यात्रा में शामिल हुए। बाबा बागेश्वर की यह यात्रा 29 नवंबर को पूरी होगी। छतरपुर के अपने आश्रम से वह ओरछा के राम राजा दरबार तक यह यात्रा निकाल रहे हैं। बागेश्वर बाबा की यात्रा में भारी भीड़ उमड़ रही है। एक स्थानीय अदालत के आदेश पर पिछले मंगलवार को जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था जिसके बाद से संभल में पिछले कुछ दिनों से तनाव व्याप्त था। रविवार को दोबारा टीम सर्वेक्षण के लिए पहुंची तो हिंसा भड़क उठी। पत्थराव और गोलीबारी में 4 लोगों की मौत हो गई तो कई लोग जख्मी हो गए। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद पूर्व में हरिहर मंदिर था।



## बिहार एक पिछड़ा राज्य, विकास के लिए बड़े और ठोस प्रयास की जरुरत

**–जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहारी प्रवासियों से की बात**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार के विकास और राजनीति को लेकर कहा कि अमेरिका में बिहारी प्रवासी समुदाय के साथ ऑनलाइन बातचीत में उन्होंने राज्य की वर्तमान स्थिति, भविष्य की योजनाओं और जन सुराज पार्टी के एजेंडे पर चर्चा की।



प्रशांत किशोर (पीके) ने कहा कि बिहार वाकई एक पिछड़ा राज्य है, जो कई समस्याओं से घिरा है। इसके सर्वांगीण विकास के लिए बड़े और ठोस प्रयास करने की जरुरत है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बिहार में हालात सुधारने को लेकर समाज को उम्मीद नहीं है। पीके ने अपनी प्राथमिकताओं पर बात करते हुए कहा कि यदि उनकी पार्टी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करती है, तो उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता स्कूली शिक्षा में सुधार करना होगा।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार शराबबंदी को खत्म करेगी और इससे मिलने वाले राजस्व को शिक्षा सुधार में खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि शराब से बैन हटाना और इससे मिलने वाले राजस्व का उपयोग शिक्षा में सुधार के लिए करना हमारी प्राथमिकताओं में रहेगा। प्रशांत ने जोर देकर कहा कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने जन सुराज के पिछले 2.5 सालों की कोशिशों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों में एक नई उम्मीद जागी है। उन्होंने माना कि अभी ठोस राजनीतिक सफलता और सरकार बनाने में समय लगेगा।

किशोर ने कहा कि यदि बिहार एक देश होता, तो जनसंख्या के लिहाज से यह दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश होता। उन्होंने कहा कि बिहार ने जनसंख्या के मामले में जापान को भी पीछे छोड़ दिया है। अमेरिका में रह रहे बिहारी लोगों से उन्होंने अपील की कि वे जन सुराज अभियान का समर्थन करें और अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को पार्टी को वोट देने के लिए प्रेरित करें।

हाल ही में बिहार में हुए उपचुनाव में जन सुराज पार्टी ने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। चार सीटों पर खड़े उम्मीदवारों में से केवल एक की जमानत बच सकी, जबकि बाकी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। इस पर पीके ने कहा कि यह शुरुआत है, और पार्टी को अपनी रणनीति और जमीनी स्तर पर ज्यादा काम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में अपनी पकड़ मजबूत करेगी और बिहार के विकास के लिए एक नई राजनीति का रास्ता बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि बिहार में लोगों की उम्मीदें वापस लौटें और राज्य को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की हार के लिए पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ जिम्मेदार : संजय राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सीएम पद को लेकर संशय के बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बड़ा दावा कर दिया है। शिवसेना यूबीटी राउत ने दावा किया कि मेरे हिसाब से देवेंद्र फडणवीस अगले सीएम बनने वाले है। उन्होंने कहा कि सीएम का फैसला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी करने वाले है। एकनाथ शिंदे और अजित पवार अपनी पार्टियों के लिए फैसले खुद नहीं ले सकते। ये दोनों पार्टियां शाह और पीएम मोदी की गुलाम हैं और बीजेपी की उपकंपनियां बन गई हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल बीजेपी के पास बहुमत है। वे बहुमत के लिए शिंदे और अजित पवार की पार्टी को तोड़ सकती है।



इसके पहले राउत ने कहा था कि इस चुनाव में ईवीएम एक बड़ा मुद्दा रहा है, इसलिए इस बार हम कहते हैं कि ये नतीजा आने दीजिए, लेकिन महाराष्ट्र में ये चुनाव एक बार फिर पेपर बैलेट से करा लीजिए और फिर दिखा दीजिए कि नतीजे वहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि ये सब बातें जो हैं महाराष्ट्र में हुआ है, इसके लिए डीवाई चंद्रचूड़ जिम्मेदार हैं। वहीं, महायुति के अगले दावेदार के चयन पर सस्पेंस के बीच शिवसेना प्रमुख शिंदे ने मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। शिंदे ने मुंबई के राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंपा। उनके साथ अजित पवार और फडणवीस भी मौजूद थे।

हालांकि, नई सरकार बनने तक शिंदे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करते रहने वाले है। भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने चुनावों में भारी जीत हासिल की और 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 सीटें हासिल कीं। हालाँकि, गठबंधन अब तक इस बात पर आम सहमति बनाने में विफल रहा है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होना चाहिए।

## अमेरिका में गुजराती युवक ने गुजराती मकान मालिक की हत्या कर लूटपाट की

अहमदाबाद। विदेशी धरती पर गुजरातियों की हत्या की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं और उसके आरोपी भी वहीं के लोग थे। लेकिन अब जो घटना सामने आई है, वह चौंकाने वाली है। गुजराती वृद्धा की एक गुजराती युवक ने हत्या कर दी और 4500 डॉलर समेत कार लेकर फरार हो गया। हांलाकि अमेरिका की पुलिस ने आरोपी गुजराती युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक वडोदरा की मूल निवासी रीटाबेन आचार्य नामक वृद्धा अमेरिका के न्यूजर्सी में रहती थीं। वृद्धा ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर के मूल निवासी किशन सेठ नामक युवक को एक कमरा किराये पर दे रखा था। इस बीच अमेरिका की स्थानीय पुलिस किसी जांच के सिलसिले में रीटाबेन आचार्य के घर पहुंची और डोर बेल बजाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। कई बार डोर बेल बजाने के बावजूद जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस किसी प्रकार घर में घुस गई। घर का दृश्य देख पुलिस चौंक उठी। रीटाबेन आचार्य अपने बिस्तर पर खून से लथपथ मृत पड़ी थीं।

## एआई की तैयारी में शीर्ष 10 देशों में भारत शामिल, भारत एआई विशेषज्ञों में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर

**मुंबई (एजेंसी)।** रिपोर्ट में सामने आया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तैयारी में शीर्ष दस देशों में भारत भी शामिल है, और देश में एआई के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में परिवर्तन की अपार संभावनाएं है। 73 अर्थव्यवस्थाओं के आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट से पता चला है कि भारत एआई विशेषज्ञों में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है और एआई से संबंधित पेटेंट में मजबूत आधार के साथ शोध प्रकाशनों में तीसरे स्थान पर है।

दूसरी ओर, अध्ययन की गई 70 प्रतिशत से अधिक अर्थव्यवस्थाएं पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारी, कौशल और अनुसंधान एवं विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में औसत से नीचे स्कोर करती हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि एआई के क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने पर देश के जोर को रेखांकित करती है। एआई की तैयारी में शीर्ष 10 देशों में से एक के रूप में भारत में एआई के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र में बदलाव की अपार संभावनाएं हैं।

रिपोर्ट ने बताया कि एआई एक्सपोजर भारत में कई प्रमुख क्षेत्रों में फैला हुआ है। व्यावसायिक सेवाएं सकल घरेलू उत्पाद का 16 प्रतिशत हिस्सा हैं। खुदरा और थोक व्यापार जीडीपी का 10 प्रतिशत हिस्सा है, जहां एआई सार्वजनिक वितरण और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को सुव्यवस्थित कर सकता है, नुकसान कम कर सकता है। वहीं सार्वजनिक सेवाएं जीडीपी का 6 प्रतिशत हिस्सा हैं, जो एआई सेवा वितरण और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने के अवसर देता है।

कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन सकल घरेलू उत्पाद में 17 प्रतिशत का योगदान देता है। उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए सटीक खेती और जोखिम मूल्यांकन में एआई का उपयोग हो सकता हैं। सकल घरेलू उत्पाद के 8 प्रतिशत के साथ निर्माण क्षेत्र बुनियादी ढांचे की योजना और संपत्ति के रखरखाव के लिए एआई का उपयोग हो सकता है। कला मनोरंजन और व्यक्तिगत सेवाएं भी 8 प्रतिशत के साथ सार्वजनिक सुविधाओं के प्रबंधन में एआई से लाभान्वित हो सकती हैं। इस संभावना को साकार करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, एआई शोध क्षमताओं को बढ़ाना और कार्यबल प्रशिक्षण का विस्तार करना शामिल है। रिपोर्ट में एआई के नैतिक उपयोग को संबोधित करने, पूर्वाग्रह को समझने और प्रौद्योगिकी को जिम्मेदारी से अपनाने को सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचों की भी मांग की गई है।

